Investor Grievance E-mail: jipl.grievance@jefferies.com
Website: www.jefferies.com
Contact Person: Akshat Shah/ Meghna Biju
SEBI Registration No.: INM000011443

JM Financial Limited
7th Floor, Cnergy, Appasaheb Marathe Marg
Prabhadevi, Mumbai - 400 025, Maharashtra, India
Tel: +91 22 6630 3030
E-mail: jpl.ipo@jmfl.com
Investor Grievance E-mail: grievance.ibd@jmfl.com
Website: www.jmfl.com
Contact Person: Prachee Dhuri
SEBI Registration No.: INM000010361

J.P. Morgan India Private Limited
J.P. Morgan Towers
Off C.S.T Road, Kalina, Santacruz (East),
Mumbai - 400 098 Maharashtra, India
Tel: +91 22 6157 3000
E-mail: JIO_IPO@jpmorgan.com
Investor Grievance E-mail:
investorsmb.jpmipl@jpmorgan.com
Website: www.jpmipl.com
Contact Person: Shivam Goel/ Rishank Chheda
SEBI Registration No.: INM000002970

SBI Capital Markets Limited
1501, 15th Floor, A & B Wing, G Block,
Parinee Crescenzo, Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai - 400 051 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4006 9807
E-mail: jio.ipo@sbicaps.com
Website: www.sbicaps.com
Investor Grievance E-mail:
investor.relations@sbicaps.com
Contact Person: Krithika Shetty/ Prashant Patankar
SEBI Registration No.: INM000003531

UBS Securities India Private Limited
Unit 2901, Level 29, Altimus,
Dr. GM Gokhale Marg /
Pandurang Budhkar Road,
Worli, Mumbai - 400 018, Maharashtra, India
Tel: +91 22 6155 6000
E-mail: OL-jioipo@ubs.com
Website: www.ubs.com/indiaoffers
Investor Grievance E-mail: igbmindia@ubs.com
Contact Person: Vidhit Patni
SEBI Registration No.: INM000013101

360 ONE WAM Limited
360 ONE Centre, Kamala City
Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West),
Mumbai - 400 013 Maharashtra, India
Tel: +91 22 4031 7000
Email: jioplatforms.ipo@360.one
Investor Grievance E-mail:
mbinvestorcomplaints@360.one
Website: www.360.one
Contact Person: Devesh Patkar
SEBI Registration No.: INM000012801

REGISTRAR TO THE ISSUE

KFin Technologies Limited
Selenium Tower-B, Plot No. 31 & 32, Gachibowli,
Financial District, Nanakramguda, Serilingampally
Hyderabad - 500 032, Telangana, India
Tel: + 91 40 6716 2222/ 1800 309 4001
E-mail: jioplatforms.ipo@kfintech.com
Investor Grievance E-mail:
einward.ris@kfintech.com
Website: www.kfintech.com
Contact Person: Williams R
SEBI Registration No.: INR000000221

Company Secretary
Ms. Savithri Parekh

Compliance Officer
Mr. Venkataraman Ramachandran

TC-22, 5th Floor, A Wing, Reliance Corporate Park,
Thane Belapur Road, Ghansoli,
Navi Mumbai 400 701Maharashtra, India
Tel: +91 22 7967 0000
E-mail: jpl.investorrelations@jio.com

Investors may contact the Company Secretary or Compliance Officer or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related grievances including non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders or non-receipt of funds by electronic mode, etc. For all Issue related queries and for redressal of complaints, investors may also write to the BRLMs.

Continued on next page...

...continued from previous page.

AVAILABILITY OF THE RHP:

Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel**: +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.



तंबाकू मलते रह गए थाना प्रभारी हाथ नहीं लगे चोर

राजधानी में इन दिनों एक थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से परेशान हैं। तंबाकू खाने के शौकीन थाना प्रभारी ने लगातार इलाके में हो रही चोरी की वारदात के बाद अपने स्टाफ को दुरुस्त कर जल्द ही नकबजन गिरोह को पकड़ने और वारदातों का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए। हालांकि थाना प्रभारी के निर्देश हवा में उड़ गए। अभी तक इलाके में हुई नकबजनी की एक भी वारदात का खुलासा नहीं हो सका। लगातार बढ़ती चोरी और नकबजनी के बाद आलाधिकारियों ने उन्हें थाना क्षेत्र में प्रभावी गश्त करने और जल्द ही गिरोह की धरपकड़ करने की हिदायत दी थी, लेकिन थाने का बल उनकी बातों को हवा में उड़ाता रहा। लिहाजा थाना प्रभारी के हाथ अब कोई चोर अथवा नकबजन नहीं लगा और वह तंबाकू मलते रह गए। अपने इलाके में हुई गंभीर वारदात का क्लू घर से ही मिल गया था। उन्होंने बदमाशों को पकड़ लिया, लेकिन वह किरकिरी होने के कारण वह खुलासे की कहानी मीडिया को भी बताने से हिचकिचाते रहें।

शराब माफिया से बीट प्रभारी परेशान थाना प्रभारी जानकर भी अंजान

राजधानी के एक थाना क्षेत्र में जमकर शराब की तस्करी और खरीद-फरोख्त चल रही है। सागर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद भी थाना प्रभारी को जूं तक नहीं रेंग रही हैं। बीट प्रभारी अपनी बीट के एक ढाबे में अवैध रूप से चल रही शराब की तस्करी से परेशान हैं। उन्हें कहा भी गया कि शराब कैसे बेची जा रही है तो वे कहने लगे कि थाना प्रभारी से चर्चा कर लें। थाना प्रभारी को मैं बता चुका हूं, लेकिन थाना प्रभारी के इजाजत के बिना कार्रवाई नहीं कर सकूंगा। थाना प्रभारी को ढाबे पर बेची जा रही अवैध शराब की जानकारी दी गई। इस पर वे कहने लगे कि एक दो दिन में कार्रवाई करता हूं, लेकिन अब तक ढाबा संचालक पर कार्रवाई नहीं की गई। इसकी जानकारी आलाधिकारियों को भी दी जा चुकी है, लेकिन ढाबा संचालक पर कार्रवाई नहीं की गई।

बल की कमी से जूझ रहा थाना

राजधानी का एक थाना इन दिनों बल की समस्या से जूझ रहा है। बल की कमी का खामियाजा एक दारोगा साहब को भुगतना पड़ रहा है। पंद्रह दिन के भीतर वह दस से ज्यादा मर्ग की कार्रवाई कर चुके हैं। हद तो उस वक्त हो गई, जब वह एक मर्ग की लिखा-पड़ी कर रहे थे, तभी दूसरा और तीसरा मर्ग भी उनके हिस्से में आ गया। दारोगा साहब भी भले इंसान थे। उन्होंने अपना दुख जाहिर किया और काम में लग गए। उन्होंने साफ तौर पर कह दिया कि जब कोई नहीं है तो मैं तो हूं। मेरी ड्यूटी में ही काम आता है तो क्या कर लूं। वर्दी पहनी है तो काम तो करना ही पड़ेगा। भला हो दारोगा साहब का, लेकिन थाना प्रभारी अब भी वैसे ही हैं। उन्हें सभी जानकारी है, लेकिन वह चाहते हैं कि थाने में उनके पसंदीदा कर्मचारी और दारोगा की नियुक्ति की जाए। लिहाजा कम बल में ही पूरा काम कराने में जुटे हैं।

ये क्या हुआ, खोदे गए गड्ढे में खुद ही समा गए

कहते हैं कि किसी के लिए गड्ढा खोदना गलत है। यह कहावत सही बैठी गड्ढा खोदकर रख रहे एक साहब खुद अपनी गलती से गड्ढे में गिर गए। वह अपने अधीनस्थ को हटाने पूरी जुगाड़ में लगे थे। उन्होंने अधीनस्थ को हटाने काफी पापड़ बेले, लेकिन हुआ कुछ ऐसा कि वह उन्हें तो नहीं हटा सके, पर एक छोटी से गलती से खुद ही हट गए। उन्हें पता था कि सोशल मीडिया की दुनिया में कुछ भी कहना और करना है तो पूरा संयम रखना पड़ेगा, लेकिन वह संयम खो बैठे। उनका किया सोशल मीडिया पर नजर आने लगा और उन्हें तत्काल हटा दिया गया। उनके खिलाफ जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

-प्रकाश भोमरकर

डीपीसी में पदोन्नति पर सहमति, 6 के लिफाफे बंद, 5 अधिकारी अयोग्य घोषित

प्रदेश के 11 राज्य वन सेवा अधिकारियों को आईएफएस अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में पदोन्नति के लिए विजयादशमी के एक दिन पहले आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में राज्य वन सेवा के 11 अधिकारियों के नामों पर सहमति बनी है। वहीं, 6 अधिकारियों के लिफाफे बंद रखे गए, जबकि पांच अधिकारियों को पदोन्नति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। कुल 19 पदों के लिए हुई डीपीसी में ग्यारह अधिकारी ही योग्य पाए गए।

डीपीसी की अनुशंसा के बाद अब संबंधित सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने पर इन अधिकारियों की आईएफएस में पदोन्नति का आदेश जारी होगा। यह सभी अधिकारियों का कैडर वर्ष 2009 से लेकर 20216 बीच के हैं।

इन 11 के नामों पर सहमति

राकेश लहरी, फतेह सिंह निनामा, संजीव शर्मा, धीरज सिंह चौहान, अंतर सिंह ओहरिया, गंगा प्रसाद कुदारे, अविनाश जोशी, हम्दुल्लाह खान, संजय पाठक, संदेश महेश्वरी, संदीप कुमार, गौतम, जितेन्द्र गुप्ता, संतोष कुमार शुक्ला और 6 अधिकारियों के लिफाफे बंद रामकुमार अवधिया, सुरेश कुमार अहिरवार, संतोष कुमार रनशोर, बालक राम सिरसाम, एलविन वर्मन और अंतर सिंह ओहरिया के नामों पर लिफाफा बंद रखने का निर्णय लिया गया।

पांच अधिकारी अयोग्य

मनोज कटारिया, प्रियंका चौधरी, मनीषा पोरवाल, मान सिंह मरावी, प्रमोद सिंह को पदोन्नति के लिए अयोग्य घोषित किया गया।

इनका लिफाफा हुआ बंद

राम कुमार अवधिया, सुरेश कुमार अहीरवार, संतोष कुमार रनशोर, बालक राम सिरसम, एल्विन बर्मन और अन्तर सिंह ओहरिया का लिफाफा बंद होने की वजह से डीपीसी पर विचार नहीं हुआ ।

वंदेमातरम् और डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार पर केंद्रित है यह फिल्म, 24-25 अक्टूबर को होगी स्क्रीनिंग

उज्जैनी शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में शॉर्टलिस्ट हुई फिल्म 'वंदेमातरम और डॉ. हेडगेवार'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और 'वंदेमातरम' से जुड़े उनके ऐतिहासिक संघर्ष पर आधारित एआई शॉर्ट फिल्म 'वंदेमातरम और डॉ. हेडगेवार' का चयन प्रतिष्ठित 'उज्जैनी शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल (सीजन-4) में स्क्रीनिंग के लिए किया गया है।

इस फिल्म के निर्देशक एवं पटकथा लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. लोकेन्द्र सिंह हैं। फिल्म की कहानी ऐतिहासिक तथ्यों और संस्मरणों पर आधारित है, जो आज की युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की अलख जगाती है।

उल्लेखनीय है कि यह साल वंदेमातरम की रचना का 150वां वर्ष और आरएसएस का शताब्दी वर्ष है। फिल्म की पटकथा दर्शकों को 1905 के बंग-भंग आंदोलन और ब्रिटिश हुकूमत द्वारा लागू किए गए कुख्यात 'रिस्ले सर्कुलर' के दौर में ले जाती है।

कहानी दर्शाती है कि कैसे अंग्रेजी सरकार द्वारा 'वंदेमातरम' के उद्घोष पर पाबंदी लगाने के बावजूद, 1907 में नील सिटी हाईस्कूल नागपुर के एक 18-19 वर्षीय किशोर केशव बलिराम ने ब्रिटिश स्कूल इंस्पेक्टर के स्वागत में पूरी कक्षा से गगनभेदी 'वंदेमातरम' का नारा लगवा दिया था।

देशभक्ति और ऐतिहासिक चेतना का सशक्त दस्तावेज

फिल्म के निर्देशक लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि 'वंदेमातरम' केवल एक गीत या नारा नहीं, बल्कि भारत की स्वाधीनता का बीज मंत्र और राष्ट्रीय चेतना की अमर ध्वनि है। डॉ. हेडगेवार का पूरा जीवन मातृभूमि की वंदना और इस मंत्र के सम्मान के लिए समर्पित रहा। यह लघु फिल्म दर्शकों को इतिहास के उन अनछुए और गौरवशाली पन्नों से रूबरू कराती है, जहां त्याग और राष्ट्रभक्ति सर्वोपरि थी। उन्होंने बताया कि यह उनकी पहली एआई फिल्म है।

स्थानीय खेल समाचार

बीडीसीए का इंटर क्लब अंडर-15 टूर्नामेंट शुरू, राजधानी के अलग-अलग मैदानों पर हुए मुकाबले

क्रिक किंगडम, लेगसी, उड़ान और अकीरा अकादमी की टीमें जीतीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन(बीडीसीए) द्वारा आयोजित अंडर 15 टूर्नामेंट का आज चार मैदाने पर शुभारंभ हुआ डीपीएस ग्राउंड पर खेला गया। क्रिककिंगडम और सेज क्लब मुकाबले में क्रिक किंगडम ने अपना मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेज की टीम ने 33.5 ओवर में 10 विकेट पर मात्र 88 रन बनाए। सर्वाधिक 41 रन रुद्र प्रताप सिंह ने और आनंद अहिरवार ने 21 रन का योगदान दिया। वहीं किक किंगडम के अक्षांश कुमार यशराज सिंह बलिंदू मिश्रा और अथर्वत ने दो -दो सफलताएं प्राप्त की। जवाब में क्रिककिंगडम की टीम टीम ने अपना लक्ष्य 33.5 ओवर में चार विकेट खोकर जीत लिया। क्रिक किंगडम के ओशनिक चौधरी 48 और आहान पटेल ने 30 रन का योगदान दिया। सेज के ऋषभ वाघमारे को दो सफलताएं प्राप्त हुई मैच के पूर्व बीडीसीए के उपाध्यक्ष अविनाश पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके टूर्नामेंट की औपचारिक घोषणा की।

लेगसी ने रॉबिन मेनन अकादमी को 8 विकेट से हराया

वहीं, सेंचुरियन क्रिकेट ग्राउंड में रॉबिन मेनन और लेगसी क्रिकेट अकादमी के बीच में मुकाबला खेला गया। रॉबिन मेनन अकादमी ने 47 ओवर में 10 विकेट पर 97 रन बनाए। ऋषभ यादव ने 53 और अक्षत गुप्ता ने 17 रन का बनाए। लेगसी के कार्तिक कुशवाहा को 4 और दिव्यांशु लोधी को 3 विकेट मिले। जवाब में लेगसी ने यह लक्ष्य 23.1 ओवर में दो विकेट पर प्राप्त कर लिया और यह मैच 8 विकेट से अपने नाम किया। लेगसी के वीर प्रताप ने नाबाद 44 रन का योगदान दिया।

उड़ान की अटल बिहारी पर 140 रन से जीत

एक और अन्य मैदान ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट ग्राउंड पर अटल बिहारी और उड़ान क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। उड़ान ने निर्धारित 50 ओवर में चार विकेट होकर 254 रन बनाए। इनमें धैर्य ठाकुर ने 74, अद्वित यादव ने 47 और लक्ष्य प्रजापति ने 41 रन बनाए। अटल बिहारी के ऋषि शर्मा को दो विकेट मिले। जवाब में अटल बिहारी अकादमी की टीम 6 विकेट पर 114 रन ही बना पाई।इनमें रिधित ने 63 और देवराज साहू ने 31 रन बनाए और यह मैच उड़ान क्रिकेट अकादमी ने 140 रन से जीत लिया।



अकीरा ने नायर अकादमी को 144 रन से हराया

वही एक और अन्य मुकाबला कैप क्रिकेट ग्राउंड पर अकीरा और नायर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।अकीरा ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 235 रन बनाए। इनमें धांसू श्रीवास्तव 47 और उत्सव पवार ने 45 समर्थ और अर्णव ने 40-40 रनों का योगदान दिया। जवाब में नायर की टीम 34.1 ओवर में 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नायर के 53 रन अंकुश विश्वकर्मा ने बनाए। अकीरा के धनुष श्रीवास्तव को 4, उत्सव पवार को 3 और दक्ष शर्मा को 2 विकेट मिले। इस तरह यह मैच अकीरा ने 133 रन से मैच अपने नाम किया।



भोपाल ज़िला स्तरीय महाविद्यालय बालक एवं बालिका कुश्ती 24 को

भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत वर्ष 2026-27 की भोपाल ज़िला स्तरीय शासकीय अर्ध शासकीय महाविद्यालय बालक फ्री स्टाइल/ ग्रीक रोमन एवं बालिका फ्री स्टाइल कुश्ती जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भगवान सहाय मार्ग भोईपुरा में 24 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। विश्वामित्र अवार्डी एवं सचिव भोपाल ज़िला कुश्ती संघ शाकिर नूर ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए भोपाल ज़िले के शासकीय अर्ध शासकीय महाविद्यालयों में अध्यनरत इच्छुक कुश्ती खिलाड़ी आवश्यक डॉक्यूमेंट सहित 24 अक्टूबर को अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में सुबह 9 बजे तक अपनी उस्थिति दर्ज कराएं। खिलाड़ियों का वजन सुबह 10 बजे से लिया जाएगा, इसके बाद कुश्ती दोपहर 12 बजे से शुरू कराई जाएगी।

श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन रोचक दौर में

अनन्या, मायशा, किआना सिया, राव्या अंतिम 8 में





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बालिका वर्ग के सबसे छोटे अंडर 9 ग्रुप में अनन्या, मायशा, किआना, सिया, राव्या ने अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतकर अंतिम 8 में जगह पक्की की। स्पर्धा का आयोजन भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स वर्ल्ड, मीनाल रेजीडेंसी में किया जा रहा है। श्रीराम प्रकाश स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिका अंडर 9 में अनन्या ने राजसी को 15-10, 15-7 मायशा ने आलिया को 15-7, 15-8 किआना ने हरसीरत कौर को 15-4, 15-4 सिया पाण्डेय ने आहाना को 15-2, 15-8 और राव्या ने अनायरा को 15-13, 15-9 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अन्य परिणाम

बालक अंडर 13- कृष्णा विवि राजवीर 15-6, 15-10 अथर्व विवि मानव 15-8, 15-7 कार्तिक विवि स्पंदन 15-1, 15-2 गौरीश विवि गगन 15-3, 15-4 सात्विक विवि सम्यक 15-6, 15-5

बालक अंडर 15- युवराज विवि वैभव 13-15, 16-14, 15-12 अर्जुन विवि सार्थ 15-11, 15-9 अगस्तय विवि आरुष 15-4, 15-2 आरव विवि देवेश 15-13, 14-16, 15-9

बालिका अंडर 13- पहल विवि अनिका 15-8, 15-4 प्राव्या विवि प्रियांशी 15-8, 15-4 प्रणवी विवि आही 17-15, 15-11 आराध्या पवार विवि जसलीन 15-8, 15-3 गीतांशी विवि श्रिया 15-3, 15-2

बालिका अंडर 15- प्रेक्षा विवि मेघना 15-5, 15-8 भूमि विवि अमालिया 15-2, 15-7 निया विवि रिधम 17-15, 10-15, 17-15 आद्या विवि धनवी 15-7, 15-10

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

पाठक सूचना

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

रेहान वाड्रा की प्रदर्शनी से चित्र हटाने का नोटिस

नई दिल्ली। वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की दिल्ली स्थित



बीकानेर हाउस में चल रही फोटो प्रदर्शनी को लेकर विवाद सामने आया है। प्रबंधन ने कुछ तस्वीरें हटाने के लिए नोटिस दिया है। इनमें तिरंगा मार्च से जुड़ी तस्वीरें हैं। रेहान ने तस्वीरें हटाने से इनकार किया है।

एसबीआई के ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक



(एसबीआई) ने अपने 3,897 ग्राहकों की निजी जानकारियां डार्क वेब पर लीक होने की पुष्टि की है। ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता, बैंक शाखा का विवरण आदि शामिल हैं।

सीएम डॉ. यादव ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में ऐलान किया

सांदीपनि के 400 नए भवन बनेंगे स्कूल शिक्षा में 20 हजार नौकरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल, पात्र परिवारों को शासकीय सेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सहभागिता की। भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित इस कार्यक्रम का सीएम डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए 200 नए सांदीपनि विद्यालय भवन मंजूर किए जाते हैं। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 200 सांदीपनि विद्यालय भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत भी 200 नए विद्यालय भवनों का निर्माण होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के 954 अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। अनुकंपा नियुक्ति के जो 300 प्रकरण शेष हैं, उनका निराकरण भी इसी वर्ष किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप 11 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल, पात्र परिवारों को शासकीय सेवा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बुधवार को जिन्हें नियुक्ति दी गई है, उनमें 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी हैं। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह अनुकंपा नियुक्ति एक प्रकार से दिवंगत कर्मचारियों के परिजन के लिए आशीर्वाद की तरह है।



954 कर्मचारियों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित करते सीएम

» डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप 11 कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए

» जिन्हें नियुक्ति दी गई, उनमें 661 सहायक ग्रेड-3, 31 प्राथमिक शिक्षक और 262 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी

हर वर्ष पदोन्नति के लिए होगी डीपीसी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भी भविष्य में निकलने वाली शासकीय भर्तियों में शामिल हो सकते हैं। राज्य सरकार ने अब तक 85 हजार से अधिक शासकीय पदों पर युवाओं को नौकरी प्रदान की है। इनमें 15 हजार पद स्कूल शिक्षा के थे, अब 20 हजार पदों पर भर्ती शुरू होने वाली है। प्रदेश में 1 लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया, इससे विभागों में पद रिक्त हुए, जिन्हें भरने की प्रक्रिया जारी है। कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए हर वर्ष डीपीसी भी निरंतर होगी। सरकार का लक्ष्य रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करना प्रेरणा पुंज

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय नौकरी करते हुए किसी का असमय दुनिया से चले जाना, परिवार के लिए कष्टकारी होता है। परिवार के सदस्य की कमी के साथ आर्थिक संसाधन भी बाधित हो जाते हैं। यह एक प्रकार से परिवार के ऊपर दुरूखों के पहाड़ टूटने जैसा है। मुश्किल हालात से गुजर रहे ऐसे परिवार, राज्य सरकार के परिवार के हिस्से की तरह है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत करना सभी के लिए प्रेरणा पुंज की तरह काम करेगा।

स्कूल शिक्षा विभाग का बजट अब 38 हजार करोड़ रुपए

डॉ. यादव ने कहा कि स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय सांदीपनि विद्यालय क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आए हैं। प्रदेश में वर्ष 2002-03 तक स्कूल शिक्षा का बजट लगभग 400 करोड़ रुपए था, लेकिन आज राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप यह बजट 38 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचा है। स्कूलों में अधोसंरचनात्मक विकास के साथ, आधुनिक लैब, खेल गतिविधियां सहित उच्च गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



सिमरन और दिलीप गावित

भारत का पैरा एशियन गेम्स में 'शानदार' प्रदर्शन जारी

पदक संख्या 62, सिमरन और दिलीप ने जीते गोल्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को भारत ने पांच स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। सिमरन, प्रवीण कुमार, सचिन खिलारी, दिलीप गावित और आयुष वर्मा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सिमरन, प्रवीण कुमार और सचिन खिलारी ने खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ियों ने कई पदक हासिल किए। शैलेश कुमार ने पुरुषों की लंबी कूद टी42 स्पर्धा में 5.57 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। वहीं, शरत मकानहल्ली ने पुरुषों की 1500 मीटर टी12 स्पर्धा में 4 मिनट 11.01 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत के कुल पदकों की संख्या 62 हो गई है और वह पदक तालिका में पांचवें स्थान पर है। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

- तीसरे दिन भारत ने 5 स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

डीआईजी के गनमैन के घर 40 लाख की चोरी

पहले पूड़ी और अचार खाया फिर जेवर समेटकर भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

चोरहटा थाना क्षेत्र में डीआईजी के गनमैन अशोक कुमार तिवारी के घर से करीब 40 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी हो गई। वारदात के दौरान परिवार सो रहा था। चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा। बताया जा रहा है कि उसने पहले रसोई में रखी पूड़ी-अचार खाया और पानी पीया, फिर इत्मीनान से घर की तलाशी ली। उसने अलमारी और बक्सों के ताले तोड़कर सोने के हार, मंगलसूत्र, चूड़ियां, अंगूठियां, चांदी के बर्तन, पायल और नकदी समेट ली। सुबह परिजनों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा मिला। परिवार ने तुरंत इसकी सूचना चोरहटा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पीड़ित के ▶▶ शेष पेज 6 पर



वारदात के दौरान परिवार सो रहा था





अपनी मांगों को लेकर बुधवार से तीन डॉक्टरों ने हड़ताल शुरू की।

अधीक्षक ने कहा, बिना सूचना अवकाश पर जाने के कारण रोका वेतन

भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों का आरोप: पांच महीने से न तो स्टाइपेंड मिला और न ही वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में पांच महीने से स्टाइपेंड और तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज ती न डॉक्टरों ने बुधवार से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की।

■ आरोप: चिकित्सकों को काम देने ड्यूटी तय करने में नहीं बरती जा रही निष्पक्षता

भूख हड़ताल पर बैठे चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बरसरे, डॉ. शुभम कश्यप और डॉ. रविंद्र पाल ने बताया कि उन्होंने ड्यूटी आवंटन में भेदभाव, वरिष्ठता की अनदेखी और मानसिक प्रताड़ना की शिकायत मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से की है। डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय से भुगतान अटका होने के कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि अस्पताल में चिकित्सकों को काम देने और ड्यूटी तय करने में भी निष्पक्षता नहीं बरती जा रही।

व्यवस्थाओं में सुधार की मांग

मांगों का समाधान नहीं होने पर उन्होंने आंदोलन शुरू करने की चेतावनी पहले ही दे दी थी। अब भूख हड़ताल के जरिए बकाया भुगतान और कार्य व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है। वहीं इस मामले में अधीक्षक डॉ. संजय जैन का कहना है कि डॉक्टर बिना सूचना छुट्टी पर गए थे, इसलिए उनका वेतन रोका गया।

ऑनलाइन शिकायत-निवारण व्यवस्था करें शुरू

मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में डॉक्टरों ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। जिसमें तीन महीने का लंबित वेतन तत्काल जारी करना, आपातकालीन और रात्रिकालीन ड्यूटी का निष्पक्ष एवं पारदर्शी वितरण तथा वरिष्ठता और समान कार्यभार का ध्यान रखने, चिकित्सकों को उनकी विषय विशेषज्ञता के अनुसार काम देने और वेतन भुगतान में अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। डॉक्टरों ने विभाग में ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था शुरू करने की मांग भी की है, ताकि चिकित्सकों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान हो सके।

मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

एक ओर डॉक्टर लंबित भुगतान, ड्यूटी में समानता और शिकायतों के निपटारे की मांग कर रहे हैं, वहीं अस्पताल प्रबंधन वेतन रोकने के पीछे बिना सूचना अनुपस्थित रहने का कारण बता रहा है। ऐसे में विवाद के समाधान के लिए डॉक्टरों की अनुपस्थिति, वेतन रोकने के आधार और लंबित भुगतान की स्थिति स्पष्ट होना अहम होगा। डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बिना सूचना छुट्टी पर गए थे डॉक्टर

संबंधित डॉक्टर बिना पूर्व सूचना के छुट्टी पर चले गए थे, जिसके चलते उनका वेतन रोका गया। बाकी दिनों का वेतन दिया जा चुका है। डॉक्टरों की भूख हड़ताल करने के बजाय अपनी समस्या वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रखनी चाहिए थी।

डॉ. संजय जैन
अधीक्षक,
जेपी अस्पताल

बैंड-बाजों, विद्युत सज्जा के बीच निकला झांकियों का कारवां

श्रद्धा, उल्लास और भक्तिभाव के साथ निकला मां दुर्गा का भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में दुर्गा विसर्जन चल समारोह श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के माहौल में निकला। पुराने शहर की सड़कें झिलमिलाती रोशनी से सजी झांकियों और मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठीं। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक विद्युत सज्जा के बीच निकले झांकियों के कारवां को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों ने आकर्षक सजावट के साथ झांकियां तैयार कीं। जगह-जगह स्वागत मंचों से समितियों का अभिनंदन किया गया। धार्मिक प्रसंगों और कलात्मक प्रस्तुतियों ने समारोह की भव्यता बढ़ाई। श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में मुख्य चल समारोह सेंट्रल लाइब्रेरी से शुरू हुआ।

यहां से झांकियां इतवारा, जैन मंदिर रोड, मंगलवारा चौराहा, हनुमानगंज, छोटा भैया कॉर्नर, जनकपुरी, सिंधी मार्केट और भवानी चौक सोमवारा सहित पुराने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरीं। रास्तेभर श्रद्धालु माता रानी के दर्शन के लिए खड़े रहे। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर झांकियों का स्वागत किया गया। रोशनी से जगमगाती झांकियों और जयकारों के बीच पूरे शहर में उत्सव का माहौल नजर आया। झिलमिलाती झांकियों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और माता रानी के जयकारों के बीच दुर्गा विसर्जन चल समारोह ने भोपाल की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा की भव्य छटा प्रस्तुत की।


हमीदिया रोड से निकलता चल समारोह।

स्वागत मंचों पर समितियों का सम्मान

चल समारोह के स्वागत के लिए शहर के कई इलाकों में मंच बनाए गए। नेहरू नगर चौराहे पर मां करुणेश्वरी दुर्गा विसर्जन चल समारोह स्वागत मंच लगाया गया। यहां झांकी समितियों का स्वागत कर सदस्यों का उत्साहवर्धन किया गया।

प्रतिमाओं का विसर्जन

चल समारोह के साथ शहर के विभिन्न विसर्जन स्थलों पर प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला भी जारी रहा। शहर के सात प्रमुख घाटों पर 770 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा चुका था। हथाईखेड़ा डेम पर सबसे अधिक 322 प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ, जबकि प्रेमपुरा घाट पर 225 प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। इसके अलावा बैरागढ़, मालीखेड़ी, शाहपुरा, खटलापुरा और कमलापति घाट पर भी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम ने क्रेन और जेसीबी की मदद ली। घाटों पर पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे।

200 से अधिक झांकियों ने बढ़ाई समारोह की शोभा

चल समारोह में 200 से अधिक बड़ी-छोटी दुर्गा प्रतिमाओं और आकर्षक झांकियों के शामिल होने की संभावना जताई गई थी। विभिन्न समितियों ने धार्मिक प्रसंगों और कलात्मक विषयों पर आधारित झांकियों को आकर्षक रूप दिया। विद्युत सज्जा और सजीव प्रस्तुतियों से सुसज्जित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ पहुंचकर दर्शन किए और मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की।


चल समारोह में देवी के विभिन्न रूप आकर्षण का केंद्र रहे।

सांसद शर्मा ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने का किया आह्वान

विदेशी वस्तुओं रूपी रावण दहन का संदेश देकर मनाया दशहरा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईदगाह हिल्स स्थित बाजपेयी नगर के झंडा चौक पर राधे-राधे युवा उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम के आदर्श हमें सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और देश में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।



आसन से पूजन सामग्री तक सब नि:शुल्क

50 हजार श्रद्धालु करेंगे मां राजराजेश्वरी का अर्चन, भोपाल में होगा एक करोड़ कुंकुमार्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल की सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना से 26 अक्टूबर को लाल परेड ग्राउंड में मां राजराजेश्वरी कोटि हरिद्रा कुंकुमार्चन महानुष्ठान होगा। संत रावतपुरा सरकार के सान्निध्य में होने वाले इस भव्य आयोजन में करीब 50 हजार श्रद्धालु और 1100 आचार्य शामिल होंगे। खास बात यह है कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर सामूहिक श्रीविद्या साधना के लिए श्रद्धालुओं को आसन, पूजन की थाली, सामग्री और आचार्यों की व्यवस्था पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। किसी तरह का पंजीयन शुल्क भी नहीं होगा। करीब ढाई घंटे के अनुष्ठान में एक करोड़ अर्चन, हवन और आरती होगी। पूजन के बाद श्रद्धालु अभिमंत्रित थाली और सामग्री घर भी ले जा सकेंगे। आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि श्रद्धालुओं को पूजन के लिए घर से कोई सामग्री लाने की जरूरत नहीं होगी। बैठने के लिए आसन, पूजन की थाली, हल्दी, कुमकुम, सिंदूर, फूल, कलश और अन्य पूजन सामग्री आयोजन स्थल पर ही उपलब्ध कराई जाएगी।

पूजन के बाद घर ले जा सकेंगे अभिमंत्रित सामग्री

करीब ढाई घंटे चलने वाले इस दिव्य अनुष्ठान में ललिता सहस्रनाम के एक हजार नामों का उच्चारण करते हुए अर्चन, हवन और आरती की जाएगी। पूजन के बाद श्रद्धालु अपनी थाली और पूजित सामग्री अपने साथ घर ले जा सकेंगे। आयोजकों के अनुसार, श्रद्धालु इसे अपने घर के पूजा स्थल पर रख सकेंगे।



ट्रिपल आईटी का 5वां दीक्षांत समारोह 24 को

भोपाल। राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) अपना 5वां दीक्षांत समारोह 24 अक्टूबर को शाम 4 बजे, सिविल ऑडिटोरियम ट्रिपल आईटी में आयोजित करने जा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) मनोज सिंह गौर, निदेशक, आईआईटी जम्मू उपस्थित रहेंगे। समारोह में सम्मानीय अतिथि के रूप में जयदेव वेंकटरमन, हेड ऑफ ग्लोबल टेक्निकल सेंटर, वैलेओ इंडिया, प्रो. (डॉ.) केके शुक्ला, निदेशक मैनिट भोपाल, प्रो. (डॉ.) अभय कुमार, निदेशक, ट्रिपल आईटी अगरतला, प्रो. (डॉ.) आलोक शर्मा, कुलगुरू आरजीपीवी भोपाल उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता अशोक कुमार मोदी, अध्यक्ष, शासी मंडल (बीओजी), ट्रिपल आईटी भोपाल करेंगे। साथ ही प्रो. (डॉ.) आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक, ट्रिपल आईटी भोपाल भी उपस्थित रहेंगे।

■ विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) मनोज सिंह गौर, निदेशक, आईआईटी जम्मू रहेंगे उपस्थित

शिक्षण विभाग, लाइब्रेरी, बॉयज होस्टल सहित विभिन्न स्थल देखे

बीयू: सुबह परिसर में घूमकर कुलगुरु बेदिया ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा


बीयू में कुलगुरु ने शिक्षण विभाग, लाइब्रेरी, बॉयज होस्टल सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. दीनदयाल बेदिया ने बुधवार सुबह विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने विवि के विभिन्न शिक्षण विभागों, पुस्तकालय, बालक छात्रावास, शिक्षक एवं कर्मचारी आवासीय परिसर तथा ज्ञान-विज्ञान भवन सहित परिसर के विभिन्न स्थलों को देखा। उन्होंने सीएसआर के तहत विवि के विकास में सहयोग का अनुरोध किया।

मेजर ध्यानचंद खेल परिसर के छोटे मैदान में क्रिकेट खेल रहे केनरा बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों से भी मुलाकात की।

कुलगुरु ने विवि परिसर के आसपास निवास करने वाले तथा प्रातः भ्रमण के लिए आने वाले नागरिकों से भी बातचीत की।

प्राप्त किए सुझाव

इस दौरान उन्होंने विवि के विकास, परिसर की बेहतरी तथा संस्थान को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक केंद्र के रूप में आगे बढ़ाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर उनके विचार एवं सुझाव प्राप्त किए। भ्रमण के दौरान कुलगुरु प्रो. बेदिया ने विवि की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भोपाल
गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 13, अंक : 202
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 21

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



निधि चोपड़ा

मप्र के दो कलाकारों को राष्ट्रीय सम्मान

निधि को ललित कला और रविंद्र को ग्रैंड प्राइज

भोपाल। मप्र के दो कलाकारों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। भोपाल में रहकर कला साधना कर रहीं निधि चोपड़ा को 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, रविंद्र रॉय की कलाकृति 'ऑपरेशन सिंदूर' को थर्ड प्रिंट बिनाले इंडिया-2026 में ग्रैंड प्राइज मिला है।



रविंद्र रॉय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दोनों कलाकारों को सम्मान प्रदान किया। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निधि चोपड़ा को उनकी सिरेमिक मूर्तिकला 'टैंजिबल ड्रीम्स' के लिए मूर्तिकला श्रेणी में पुरस्कार मिला। वहीं, रविंद्र रॉय की कलाकृति 'ऑपरेशन सिंदूर' को प्रिंट बिनाले में सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। इन उपलब्धियों से प्रदेश की समकालीन कला प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान मिली है। 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के लिए 27 राज्यों से करीब 2,495 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। ▸▸पढ़ें पेज 10 भी

जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ

अब तक 3.16 गुना सब्सक्राइब, क्यूआईबी कैटेगरी 9.42 गुना सब्सक्राइब, भारत का सबसे तेज आईपीओ

दीवाली से पहले बाजार में खुशियों की आतिशबाजी

पहले 100 मिनट में ही पूर्ण और बोलियां 69,745 करोड़ के 'पार'

यह आईपीओ डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जियो की विस्तार महत्वाकांक्षा का एक बड़ा परीक्षण है। कंपनी का 53.3 करोड़ का ग्राहक आधार इन कारोबारों की नींव

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश के सबसे बड़े 30,213 करोड़ के जियो आईपीओ को पहले ही दिन 3.16 गुना सब्सक्रिप्शन मिल गया। बुधवार को जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ पर निवेशकों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। करीब 30.5 लाख आवेदन आए और एंकर निवेशकों से अलग, सार्वजनिक सब्सक्रिप्शन में करीब 69,745 करोड़ की बोलियां मिलीं। बड़े संस्थागत निवेशकों (क्यूआईबी) की कैटेगरी 9.42 गुना सब्सक्राइब हो गई। कर्मचारियों और रिलायंस शेयरहोल्डर्स के लिए रिजर्व कोटे भी पूरी तरह भर गए हैं। अब तक जियो आईपीओ को कुल मिलाकर करीब 3.20 लाख करोड़ की बोलियां मिल चुकी है। इसमें एंकर निवेशकों की करीब 2.50 लाख करोड़ और गैर-एंकर निवेशकों की करीब 70,000 करोड़ की बोलियां शामिल हैं।



मुकेश अंबानी

पहले ही दिन 316 फीसदी सब्सक्राइब : साल 2026 के दूसरे बड़े आईपीओ से तुलना करें तो जियो की शुरुआत काफी तेज रही। इस साल जियो के अलावा तीन सबसे बड़े आईपीओ में एनएसई को पहले दिन 42 फीसदी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट को 68 फीसदी और मणिपाल हेल्थ को महज 15 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला था। इनमें से कोई भी आईपीओ पहले दिन पूरी तरह सब्सक्राइब नहीं हो पाया था। इसके मुकाबले जियो का आईपीओ पहले ही दिन 316 फीसदी सब्सक्राइब हुआ है।

- करीब 30.5 लाख आवेदन, कर्मचारी और शेयरहोल्डर कोटे भी फुल
- जुटाने थे 30,213 करोड़ रुपए
- मूल्य प्रति शेयर 1,065 से 1,119 रुपए निर्धारित किया गया



फाइल फोटो

- संस्थागत निवेशक देश के इस सबसे बड़े आईपीओ की मांग में अग्रणी रहे
- जियो ने पहले ही दिन पार किया हुंडई के पूरे बिडिंग पीरियड का सब्सक्रिप्शन
- यह निर्गम 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा

रिटेल कैटेगरी में यह अब तक की सबसे बड़ी बोली राशि

जियो आईपीओ में कर्मचारियों का कोटा 1.36 गुना और शेयरहोल्डर कोटा 1.46 गुना सब्सक्राइब हुआ। कर्मचारियों के लिए 500 करोड़ और पात्र रिलायंस शेयरहोल्डर्स के लिए 2,500 करोड़ तक के शेयर रिजर्व हैं। गैर-संस्थागत निवेशकों की कैटेगरी 1.68 गुना और रिटेल कैटेगरी 73 फीसदी सब्सक्राइब हुई। रिटेल कैटेगरी में पहले ही दिन करीब 6,908 करोड़ की बोलियां आना भी एक रिकॉर्ड है। किसी भारतीय आईपीओ के पहले दिन रिटेल कैटेगरी में यह अब तक की सबसे बड़ी बोली राशि है।

निवेश के लिए अभी दो दिन बाकी

जियो के पहले दिन के सब्सक्रिप्शन ने हुंडई मोटर इंडिया के पूरे बिडिंग पीरिएड के सब्सक्रिप्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। जियो से पहले देश के सबसे बड़े आईपीओ का रिकॉर्ड हुंडई के नाम था। अक्टूबर 2024 में आए हुंडई आईपीओ को पहले दिन महज 18 फीसदी सब्सक्रिप्शन मिला था। पूरे बिडिंग पीरियड में भी यह सिर्फ 2.37 गुना सब्सक्राइब हुआ था। खास बात यह है कि जियो आईपीओ में निवेश के लिए अभी दो दिन बाकी हैं। आईपीओ 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। ऐसे में निवेशकों के पास इसमें आवेदन करने के लिए अभी और समय है।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस

एक्टरों में दहशत, घरों में लगा रहे बुलेटप्रूफ शीशे



आरोपी लाल घेरे में

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर रविवार को हुए जानलेवा हमले के मामले में मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तीन मुख्य आरोपियों के बाद अब 5 और लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिससे कुल गिरफ्तारियां 8 हो गई हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक हमले के तीनों मुख्य आरोपी राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन से पकड़े गए। इनमें बिहार के बेगूसराय का ऋतिक कुमार उर्फ रोशन, हरियाणा के सोनीपत का रेहान और हरियाणा का ही एक नाबालिग शामिल है। तीनों मुंबई से पुणे-जयपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार होकर फरार हो रहे थे। इसके बाद जांच में मिले सुराग के आधार पर पांच और लोग गिरफ्तार हुए। बुधवार सुबह ▸▸शेष पेज 6 पर

- अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार
- आवाज की जांच करा रही पुलिस

सनातन यात्रा में दिग्विजय बोले

बैलेट पेपर से चुनाव कराना बेहद जरूरी

चंदा चोरों को जेल भेजो, बचाओ मत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का बुधवार को दूसरा दिन था। सुबह करीब 10 बजे तराना रोड स्थित श्री साईं कुंज कॉलोनी से शुरू हुई यात्रा में दिग्विजय हाथ में डंडा लेकर समर्थकों के साथ पैदल चले। उन्होंने कहा कि चंदा चोरों को पकड़ो, जेल भेजो, बचाओ मत। वोट चोरी बंद करो। ईवीएम हमें नहीं चाहिए, बैलेट पेपर से चुनाव चाहिए। दिग्विजय ने कहा कि कार्रवाई सिर्फ छोटे कर्मचारियों पर हुई, बड़े अधिकारियों की जिम्मेदारी तय नहीं हुई। दिग्विजय ने यात्रा को शिव धाम से राम धाम तक की यात्रा बताया ▸▸शेष पेज 6 पर



दिग्विजय और अमृता



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), सॉर्इ हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, अयोध्या बाईपास, भोपाल: शिवांश मोटर्स, 6262363123, फंदा: अवनि मोटर्स, 9993160799, परवलिया सड़क, भोपाल: एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, गांधी नगर: श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, बंगरासिया: शाही सवारी, 9202342023, डोडी: कप्तान ऑटोमोबाइल्स, 8770850811, रेहटी: मां विजासन मोटर्स, 9009828428, चांदबाद: श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, खाचरौद: विनायक मोटर्स, 9009152131, उदयपुर: सपना मोटर्स, 9826620434, बारी: श्री राम मोटर्स, 9893352212, शोभापुर: अफजल मोटर्स, 8839223122, तलेन: श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, संडावता: विजय मोटर्स, 8269770075, करेड़ी: वासुदेव मोटर्स, 7566920711, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

चिंतन

बैंकिंग सुरक्षा को और फुलफ्रूफ करना जरूरी

बैंक की तिजोरी में रखा पैसा ही नहीं, बल्कि ग्राहकों का भरोसा भी सबसे अहम पूंजी है। इस भरोसे की बुनियाद तब कमजोर पड़ जाती है, जब ग्राहकों की निजी जानकारी असुरक्षित हो या डेटा लीक जैसी घटनाएं सामने आएं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करीब 4,000 ग्राहकों के डेटा के डार्क वेब पर मिलने और एचडीएफसी बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता लीक करने के आरोपों ने बैंकिंग सुरक्षा की इसी बुनियादी कमजोरी पर सवाल खड़े किए हैं। दोनों मामलों की प्रकृति अलग है और जांच के निष्कर्ष आने बाकी हैं, लेकिन साझा चिंता बेहद गंभीर है। बैंकिंग सुरक्षा का दायरा केवल हैकरों से बचाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे डेटा तक पहुंच, उसके इस्तेमाल और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। एसबीआई के मुताबिक, जांच में ग्राहकों के रिकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारियां मिली हैं। इनमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता और बैंकिंग पहचान संबंधी विवरण शामिल हैं। ऐसी जानकारियां अपराधियों के हाथ लगने पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर फोन करने, विश्वास जीतकर गोपनीय जानकारी हासिल करने और वित्तीय धोखाधड़ी का रास्ता खोल सकती हैं। खाते से पैसा निकलने के बाद नुकसान का पता चलना एक स्थिति है, जबकि निजी जानकारी अपराधियों के पास पहुंचने के बाद उसके दुरुपयोग की आशंका लंबे समय तक बनी रह सकती है। एचडीएफसी बैंक का मामला सुरक्षा की दूसरी परत उजागर करता है। यहां दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता भंग करने के आरोप हैं। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन यह सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता कि संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच रखने वाले अधिकारियों की निगरानी कितनी प्रभावी है। किसी बैंक की ऋण संबंधी जानकारी, कारोबारी रणनीति और आंतरिक दस्तावेज भी उसकी संपत्ति हैं। खतरा केवल बाहरी सेंधमारी का नहीं, आंतरिक नियंत्रण की कमजोरी का भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए बैंकों को घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस व्यवस्था लागू करनी होगी। पहला कदम यह हो कि प्रत्येक कर्मचारी को केवल उतने ही डेटा तक पहुंच मिले, जितनी उसके काम के लिए जरूरी है। ग्राहकों के रिकॉर्ड देखने, डाउनलोड करने, साझा करने और उनमें बदलाव करने की गतिविधियों का सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। दूसरा, स्वतंत्र साइबर सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा प्रणालियों की नियमित जांच जरूर हो। परीक्षण केवल ऑनलाइन बैंकिंग तक सीमित न रहें, बल्कि ऋण दस्तावेजों, आंतरिक नेटवर्क, ईमेल और बाहरी सेवा प्रदाताओं तक फैले हों। गंभीर खामियों को दूर करने की समयसीमा तय हो और बैंक का शीर्ष प्रबंधन इसकी जवाबदेही ले। तीसरा, डेटा लीक की आशंका सामने आते ही प्रभावित प्रणालियों को सुरक्षित करने, डिजिटल साक्ष्य बचाने, स्रोत का पता लगाने और जोखिमग्रस्त ग्राहकों को समय पर सूचित करने की स्पष्ट प्रक्रिया हो। चौथा, आंतरिक गोपनीयता के उल्लंघन पर निष्पक्ष जांच और दोष साबित होने पर बिना भेदभाव कार्रवाई हो। भारतीय रिजर्व बैंक और संबंधित साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी नियमों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी करनी चाहिए। एसबीआई और एचडीएफसी बैंक से जुड़े मामलों की जांच अपने निष्कर्ष तक पहुंचेगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था सुधारने का काम अभी शुरू होना चाहिए। ग्राहकों का भरोसा बचाना है तो बैंकिंग सुरक्षा को वास्तव में और फुलप्रूफ बनाना ही होगा।



जन्मदिवस पर विशेष

सुरेश पचौरी

'रणनीति व दृढ़ता' के शिल्पकार

केंद्रीय मंत्री अमित शाह की राजनैतिक कार्यप्रणाली पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट है कि उनमें संगठनात्मक अनुशासन कायम रखने और राष्ट्र हित में कड़े से कड़ा निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनका दीर्घकालीन वैचारिक समन्वय, भारतीय जनता पार्टी संगठन के व्यापक विस्तार में उनका योगदान और गृह मंत्री के रूप में उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय देशहित में रहे हैं। देश सेवा करते हुए उन्होंने आलोचनाओं की कभी परवाह नहीं की।

देश के गृह मंत्री अमित शाह की भारतीय राजनीति में पहचान एक ऐसे रणनीतिकार की है, जिन्होंने संगठन निर्माण, चुनावी प्रबंधन और राष्ट्रीय नीति निर्धारण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक लंबे अर्से से सामंजस्य बनाते हुए उन्होंने सत्ता और संगठन के बीच ऐसा समन्वय स्थापित किया, जिससे भारतीय जनता पार्टी की राजनैतिक यात्रा को नई दिशा मिली तथा चतुर्दिक व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ। सार्वजनिक जीवन में किसी व्यक्ति की पहचान उसके पद से आगे बढ़कर उसके निर्णयों, संगठनात्मक क्षमता, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव से निर्मित होती है। भारतीय राजनीति में अमित शाह की पहचान संगठन निर्माण, चुनावी रणनीति, प्रशासनिक निर्णयों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों से जुड़ी रही है। प्रधानमंत्री मोदी के विश्वसनीय सहयोगी के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा ने राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। संगठनात्मक जिम्मेदारियों से लेकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण दायित्वों तक का उनका सफर उनकी राजनीतिक कार्यशैली, रणनीतिक सोच और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं को सामने लाता है।

शाह से मेरी पहली मुलाकात का प्रसंग आज भी स्मृति पटल पर अंकित है। दिल्ली स्थित उनके निवास पर चर्चा के दौरान उनकी स्मरणशक्ति और सामाजिक-राजनैतिक विषयों की गहरी समझ ने मुझे बहुत प्रभावित किया। उनसे मिलकर मुझे जो सुखद अनुभूति हुई, उसका सार तत्व यह है कि उनकी कार्यशैली गहन अध्ययन और सुविचारित रणनीति पर आधारित है।

मोदी और शाह का वैचारिक समन्वय गुजरात से विकसित होकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की उल्लेखनीय सफलता ने शाह को राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रभावशाली चुनावी रणनीतिकार के रूप में पहचान दिलाई। इसके बाद विभिन्न राज्यों में पार्टी के विस्तार और चुनावी अभियानों के प्रबंधन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण बनी रही।

गुजरात से शुरू हुई मोदी और शाह की बेमिसाल जोड़ी का राजनैतिक समन्वय आज राष्ट्रीय राजनीति में बानगी बन चुका है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री मोदी ने अपने नेतृत्व कौशल और जनविश्वास से व्यापक राजनैतिक आधार तैयार किया, वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री शाह ने संगठनात्मक विस्तार और चुनावी रणनीति के माध्यम से उसे मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शाह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। सदस्यता अभियान का विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, नियमित जनसंपर्क और चुनावी तैयारियों को व्यवस्थित करना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहा। पन्ना प्रमुख जैसी व्यवस्थाओं के माध्यम से संगठनात्मक जिम्मेदारियां निर्धारित करने की प्रक्रिया को विशेष महत्व मिला।

उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में भाजपा ने देश के अनेक राज्यों में अपना आधार विस्तृत किया और सदस्यता के लिहाज से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। यह उपलब्धि व्यापक संगठनात्मक नेटवर्क, कार्यकर्ता-भागीदारी और निरंतर चुनावी सक्रियता का परिणाम थी और इस दूरदर्शी सोच के उन्नायक श्री अमित शाह थे।



केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में शाह के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण संवैधानिक और विधायी निर्णय हुए। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 से संबंधित प्रावधानों में बदलाव और जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ा। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगाने वाला कानून तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम भी उनके कार्यकाल के प्रमुख निर्णयों में शामिल हैं। राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। भारत की एकता, अखंडता और अक्षुणता की दृष्टि से लिए गये ये महत्वपूर्ण निर्णय शाह के गृहमंत्रित्व काल की प्रमुख उपलब्धियों में शुमार हैं। आज हम देख रहे हैं कि मजबूत भारत बनाने की दिशा में ये कदम मील का पत्थर साबित हो रहे हैं।

देश में आतंकवाद की जड़ों को समूल नष्ट करने, आंतरिक सुरक्षा को मजबूती देने, वामपंथ प्रेरित उग्रवाद से मुकाबला करने, पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करने तथा सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय बनाने में शाह के कुशल नेतृत्व में कामयाब मिली। गृह मंत्री के रूप में वे अपने उत्तरदायित्व का जिस सक्षमता और दृढ़ता से निर्वहन कर रहे हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और शाह के निर्देशन में विशेष सुरक्षा बलों, पुलिसकर्मियों के सफल प्रयासों से नक्सलवाद के दंश से देश को मुक्ति मिली है। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और सुनियोजित नक्सल-विरोधी रणनीति सफल हुई है। शाह के निर्देशन में एक सशक्त पहल करते हुए 31 मार्च, 2026 से नशे के खिलाफ तीन वर्ष का देशव्यापी अभियान चलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री के रूप में भी शाह की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत में सहकारिता आंदोलन का संबंध कृषि, दुग्ध उत्पादन, ग्रामीण ऋण व्यवस्था और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों से रहा है। सहकारी संस्थाएं किसानों, छोटे उत्पादकों और ग्रामीण समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सफल माध्यम रही हैं।

शाह की राजनैतिक कार्यप्रणाली पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट है कि उनमें संगठनात्मक अनुशासन कायम रखने और राष्ट्र हित में कड़ा-से-कड़ा निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनका दीर्घकालीन वैचारिक समन्वय, भारतीय जनता पार्टी संगठन के व्यापक विस्तार में उनका योगदान और गृह मंत्री के रूप में उनके द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय देशहित में रहे हैं। वे एक शौकीन शतरंज खिलाड़ी, इतिहास और शास्त्रीय संगीत प्रेमी होने के साथ-साथ बेहद अनुशासित व आध्यात्मिक जीवनशैली जीते हैं। उन्हें इतिहास, विशेषकर मराठा साम्राज्य और छत्रपति शिवाजी महाराज की युद्ध रणनीतियों को पढ़ना बेहद पसंद है। उन्हें कैफी आजमी की नज़्में और भारतीय शास्त्रीय संगीत सुनना पसंद है। वे सुबह उठकर नियमित पूजा-पाठ और ध्यान करते हैं। वे रोज अपनी डायरी लिखने की आदत रखते हैं। वे विलासिता से दूर रहते हैं और कलाई में घड़ी तक नहीं पहनते हैं। वे अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के व्यक्तिगत सुख-दुख और बीमारी के समय उनका व्यक्तिगत तौर पर हाल-चाल लेते हैं। उनके घर जाते हैं। व्यक्तिगत रूप से उनकी मदद करते हैं। 22 अक्टूबर को उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और यशपूर्ण जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

((लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

महेन्द्र तिवारी



मतदाता सूची से नाम हटने पर आम आदमी की पीड़ा

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अपनी पसंद की सरकार चुनने का अवसर देने वाली शासन प्रणाली है। इसकी वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास में निहित होती है। जब कोई नागरिक मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल किसी प्रत्याशी के पक्ष में मत नहीं देता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करता है। इसलिए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम होना लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। यदि किसी नागरिक का नाम बिना उचित कारण सूची से हटा दिया जाता है, तो यह केवल एक प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है।

देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इन दिनों व्यापक चर्चा और विवाद हो रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान देशभर में लगभग 13 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से संबंधित छंटाई और पुनरीक्षण की कार्रवाई के दायरे में आए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन नामों को अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसी श्रेणियों में रखा है। इसलिए इस संख्या को सीधे-सीधे इतने पात्र मतदाताओं के गलत ढंग से नाम काटे जाने के बराबर मानना उचित नहीं होगा। फिर भी, इस व्यापक प्रक्रिया के बीच ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें जीवित और पात्र नागरिकों को मृत या स्थानांतरित मान लिया गया। इससे सत्यापन की विश्वसनीयता और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दिल्ली में भी इस पुनरीक्षण का प्रभाव व्यापक दिखाई दिया है। प्रारूप मतदाता सूची से लगभग 47.7 लाख नाम हटाए जाने की सूचना सामने आई थी। इनमें ऐसे लोग भी हो सकते हैं, जिनके सत्यापन प्रपत्र निर्धारित समय में प्राप्त नहीं हुए, जो अपने पुराने पते पर उपलब्ध नहीं थे अथवा जिनकी प्रविष्टियों में किसी प्रकार की विसंगति पाई गई। बाद में निर्वाचन अधिकारियों ने छूटे हुए मतदाताओं के पुनः सत्यापन और पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए कदम उठाने की बात कही। इस घटनाक्रम का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि किसी सूची में नाम न मिलने और किसी व्यक्ति के मतदान के लिए अपात्र होने के बीच अंतर किया जाना चाहिए। पहली स्थिति जांच और सुधार की मांग करती है, जबकि दूसरी स्थिति के लिए नियमानुसार पर्याप्त आधार आवश्यक है। मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। यदि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहें, एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर दर्ज हो या अपात्र व्यक्तियों की प्रविष्टियां मौजूद हों, तो चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह मतदाता सूची को सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाए। लेकिन इस उद्देश्य की पूर्ति ऐसी प्रक्रिया से होनी चाहिए जिसमें पात्र नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें। प्रशासनिक सुविधा को नागरिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। किसी घर पर एक या दो बार पहुंचने पर व्यक्ति का न मिलना, किसी पुराने पते पर उसका अनुपस्थित होना अथवा निर्धारित अवधि में प्रपत्र जमा न कर पाना अपने आप में यह सिद्ध नहीं करता कि वह मतदान का पात्र नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और जटिल हो जाती है। रोजगार की तलाश में लाखों लोग एक शहर से दूसरे शहर जाते हैं। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मताधिकार केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि नागरिक की सामाजिक प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक पहचान से भी जुड़ा है। जब कोई व्यक्ति वर्षों से मतदान करता आया हो और अचानक उसे पता चले कि सूची में उसका नाम नहीं है, तो उसके लिए यह अनुभव निराशाजनक और अपमानजनक हो सकता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है जब प्रत्येक नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी पहचान, उसकी पात्रता और उसकी आवाज का सम्मान किया जाएगा। मतदान का अधिकार कानून द्वारा निर्धारित पात्रता से जुड़ा नागरिक अधिकार है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण तभी सफल माना जाएगा जब वह चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ किसी पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर न होने दे। लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण है और हर पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक जवाबदेह व्यवस्था की वास्तविक पहचान है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कृष्ण योग के सूत्र



संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मो में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

सटाका



आज की पाती

पुलिस को सेना जैसा सम्मान क्यों नहीं

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों के बलिदान के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में चीन के कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। और यह देश के उन पुलिस कर्मियों के लिए भी मनाया जाता है जिन्होंने आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। देश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की मुख्य भूमिका होती है। जब हम सभी दीपावली या अन्य त्योहार मना रहे होते हैं, तब पुलिस हमारी सुरक्षा की खातिर अपना फर्ज निभा रही होती है। कभी कभी धरने प्रदर्शनों के दौरान पुलिस को हिंसक झड़पों का भी सामना करना पड़ता है। बहरहाल पुलिस को सेना जैसा सम्मान देने की जरूरत है। - सोमवीर यादव, रेवाड़ी

ट्रेंड

इग्स के खिलाफ लड़ाई

हमारी पुलिस फोर्स 31 दिसंबर 2029 तक नशीले पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए इग्स के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, और साथ ही युवाओं को इस बुराई के प्रति जागरूक भी कर रही है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



देश का मान

एशियाई पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की 100 मीटर (टी12) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर, उत्तर प्रदेश की बेटी सिमरन शर्मा ने देश का मान बढ़ाया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश भर के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणा है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उत्तरप्रदेश



एशियन पैरा गेम्स

एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप गावित ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिगनाकाथ ने रजत पदक हासिल किया। सालों की कड़ी मेहनत, अनगिनत बलिदानों और अटूट जज्बे ने भारत को गौरवान्वित किया है। हमारे दोनों चैंपियनों को बधाई!

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



पुलिस स्मृति दिवस

पुलिस स्मृति दिवस पर, हम अपने पुलिस बलों के उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को नमन करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्र के लिए दी गई उनकी सेवाओं के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे , अध्यक्ष, कांग्रेस



करंट अफेयर

हैरी ने पिता व भाई से रिश्ते सुधारने की इच्छा जताई

ब्रिटेन के युवराज हैरी अपने पिता महाराजा चार्ल्स तृतीय और भाई प्रिंस विलियम के साथ मतभेद दूर कर रिश्ते सुधारना चाहते हैं। परिवार और अपनों को खोने के दुख पर 'जीक्यू' पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में हैरी से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने पिता और भाई के साथ जटिल रिश्तों को लेकर दुख होता है? सितंबर के अंत में न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड किया गया यह साक्षात्कार मंगलवार को प्रकाशित हुआ। हैरी ने जवाब दिया, हां, बिल्कुल। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर उनसे इस बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग नहीं चाहते कि रिश्ते सुधरें, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। बेशक, मैं ऐसा चाहता हूं। दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसे देखते हुए सबसे महत्वपूर्ण बात सुलह करना है। यही मुख्य बात है। हैरी, उनकी पत्नी मेघन और उनके दोनों बच्चे अगस्त के अंत में ब्रिटेन लौट आए थे। शाही परिवार के सक्रिय सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं छोड़कर कैलिफोर्निया जाने के उनके फैसले से शाही परिवार में दूरियां बढ़ गई थीं। इस फैसले को छह साल हो चुके हैं। इस दंपति ने पहले के साक्षात्कारों में शाही परिवार की आलोचना की थी। उन्होंने परिवार के एक अज्ञात सदस्य पर नस्लवाद का आरोप लगाया था और कहा था कि महल के कर्मचारियों ने मेघन के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई।



ऑफ बीट

एआई शॉपिंग एजेंट बेहतर सौदे का वादा करते हैं, गलती का नहीं

मेटा का हाल ही में पेश किया गया एआई एजेंट 'म्यूज' कई तरह के काम करने में सक्षम होने का भरोसा देता है। यह ईमेल भेजने, छुट्टियां मनाने के लिए जरूरी बुकिंग कर सकता है, मुश्किल ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। लेकिन एक निजी खरीदारी सहायक के रूप में इसकी संभावनाओं को लेकर खासा ध्यान आकर्षित हो रहा है। यह सस्ते सौदों की तलाश करने और उपयोगकर्ता की मंजूरी के बिना खरीदारी करने में सक्षम है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति दौड़ने के लिए नए जूते खरीदना चाहता है। कुछ ही मिनट में एआई सहायक दर्जनों दुकानों की वेबसाइटों पर खोज कर सकता है और अलग-अलग ब्रांड की तुलना करके सबसे सस्ते और जरूरत के मुताबिक जूते ढूंढ सकता है। म्यूज अकेला ऐसा एआई एजेंट नहीं है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के बीच इन एजेंट को रोजमर्रा की खरीदारी का हिस्सा बनाने की होड़ लगी है। गूगल और ओपनएआई भी एआई आधारित शॉपिंग टूल विकसित कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के लिए इन नए एआई एजेंट का फायदा साफ है। खरीदारी में कम समय लगेगा और बेहतर सौदे मिलने की संभावना होगी। वहीं, खुदरा कारोबारियों के लिए ये ऑनलाइन उत्पादों के प्रचार करने के तरीके को बदल सकते हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

विश्व के सबसे बड़े बैंकों की नई सूची जारी, भारत के पड़ोसी देश ने गाड़े झंडे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े बैंकों की रैंकिंग में चीन ने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। साल 2026 की ताजा सूचना के आधार पर चीन के चार बैंकों ने शुरुआती चारों स्थानों पर कब्जा जमाया है। वहीं, अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन चेज इस सूची में पांचवें नंबर पर है। यह रैंकिंग बैंकों की कुल संपत्ति यानी टोटल एसेट्स के आधार पर तैयार की गई है। बैंक ऑफ अमेरिका 3.41 ट्रिलियन डॉलर के साथ छठे स्थान पर रहा।

चीन के चार बैंक दुनिया में सबसे आगे

एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस के आंकड़ों पर आधारित इस रैंकिंग में इंडस्ट्रीयल एंड कामर्शियल बैंक ऑफ चीन पहले स्थान पर है। बैंक के पास करीब 7.65 ट्रिलियन डॉलर की कुल संपति है। दूसरे नंबर पर एग्रिकल्चर बैंक ऑफ चीन है, जिसके एसेट्स लगभग 6.97 ट्रिलियन डॉलर हैं। तीसरे स्थान पर चीन कंस्ट्रक्शन बैंक है, जिसकी कुल संपति 6.52 ट्रिलियन डॉलर बताई गई है। वहीं, बैंक ऑफ चीन करीब 5.48 ट्रिलियन डॉलर के एसेट्स के साथ चौथे पायदान पर है।

चीन ने एक बार फिर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई, चीन के चार बैंकों ने शुरुआती चारों स्थानों पर कब्जा जमाया

दुनिया के टॉप 10 बैंकों की सूची

15 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित रैंकिंग के अनुसार, दुनिया के दस सबसे बड़े बैंकों में शामिल प्रमुख संस्थान और उनकी संपत्ति इस प्रकार है:-1-इंडस्ट्रीयल एंड कामर्शियल बैंक ऑफ चीन-7.65 ट्रिलियन डॉलर, 2-एग्रिकल्चर बैंक ऑफ चीन-6.97 ट्रिलियन डॉलर, 3-चीन कंसट्रक्शन बैंक-6.52 ट्रिलियन डॉलर, 4-बैंक ऑफ चीन-5.48 ट्रिलियन डॉलर, 5-जेपी मोर्गन चेज-4.42 ट्रिलियन डॉलर, 6-बैंक ऑफ अमेरिका-3.41 ट्रिलियन डॉल, 7-बीएनपी परिबास-3.28 ट्रिलियन डॉलर, 7-एचएसबीसी-3.21 ट्रिलियन डॉलर, 8-क्रेडिट एग्रिकोल-3.15 ट्रिलियन डॉलर, 9-पोस्टल सेविंगस बैंक ऑफ चीन-2.67 ट्रिलियन डॉलर।



अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन सूची में पांचवें स्थान पर

चीन के बैंकिंग सेक्टर की ताकत

चीन के चार सबसे बड़े बैंकों की संयुक्त संपति 26 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। इससे वैश्विक बैंकिंग व्यवस्था में चीन के बड़े प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है। इन बैंकों का विशाल नेटवर्क, जमा राशि और कर्ज देने की क्षमता इन्हें अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजार में अहम स्थान दिलाती है। ध्यान देने वाली बात यह है कि कुल संपत्ति के आधार पर किसी बैंक का सबसे बड़ा होना उसकी वित्तीय मजबूती के हर पहलू में पहले स्थान पर होने का प्रमाण नहीं है। यह रैंकिंग मुख्य रूप से बैंकों के आकार को दर्शाती है।

अमेरिकी बैंकों की स्थिति क्या है?

चीन के बाद अमेरिकी बैंकों की मौजूदगी भी इस सूची में महत्वपूर्ण है। जेपी मोर्गन चेज 4.42 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ चीन से बाहर दुनिया का सबसे बड़ा बैंक है। इसके बाद बैंक ऑफ अमेरिका छठे स्थान पर है, जिसके एसेट्स लगभग 3.41 ट्रिलियन डॉलर हैं। यूरोप के बीएनपी परिबास और एचएसबीसी ने भी शीर्ष दस में जगह बनाई है। फ्रांस का बीएनपी परिबास सातवें, जबकि ब्रिटेन का एचएसबीसी आठवें स्थान पर है।

खबर संक्षेप

महिंद्रा हॉलिडेज का लाभ बढ़कर 16.42 प्रतिशत



मुंबई। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16.42 प्रतिशत बढ़कर 19.71 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 16.93 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

ब्रिटेन में महंगाई दर एक साल के उच्चस्तर पर



लंदन। ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच ब्रिटेन में महंगाई दर सितंबर में बढ़कर करीब एक साल के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों से यह संकेत मिला है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड अगले महीने ब्याज दरें बढ़ा सकता है।

आय फाइनेंस का मुनाफा दूसरी तिमाही में दोगुना



नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आय फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 86.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 34.5 करोड़ रुपये था।

एसएफसी टेक का आईपीओ 27 अक्टूबर को खुलेगा



नई दिल्ली। अपशिष्ट जल शोधन समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 668 करोड़ रुपये का आईपीओ 27 अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी की ओर से बुधवार को जारी सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 313-330 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

एसआरएफ के लाभ में 31 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। रसायन बनाने वाली कंपनी एसआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 31 प्रतिशत बढ़कर 509.12 करोड़ रुपये हो गया। मध्य प्रदेश में बैटरी-ग्रेड एल्युमीनियम फॉइल विनिर्माण संयंत्र लगाने के लिए 600 करोड़ रुपये के निवेश की भी घोषणा की। 2025-26 की दूसरी तिमाही में 388.18 करोड़ रुपये रहा था। सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 4,929.14 करोड़ रुपये हो गई।

निजी सुरक्षा कुंजियों में गड़बड़ी होने की दी जानकारी

ईमुद्रा के डिजिटल प्रमाणपत्र में गड़बड़ी गूगल व मोज़िला ने कुछ प्रमाणन रोके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय डिजिटल प्रमाणन कंपनी ईमुद्रा ने अपने कुछ डिजिटल प्रमाणपत्र से जुड़ी निजी सुरक्षा 'कुंजियों' में गड़बड़ी होने की जानकारी दी है। इन 'कुंजियों' का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी असली वेबसाइट की नकल करने वाले फर्जी मंच बना सकते हैं और लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं। साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने एक परामर्श में यह जानकारी दी है।

ईमुद्रा कंपनियों और अन्य कारोबारी संस्थाओं को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करती है। इन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कई तरह के ऑनलाइन लेनदेन में किया जाता है। इंटरनेट पर वेबसाइट और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजी जाने वाली जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र और सुरक्षा कुंजियों का इस्तेमाल होता है।

कुंजियों का दुरुपयोग साइबर अपराधी कर सकते हैं

असली वेबसाइट की नकल कर फर्जी मंच बना सकते हैं

लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं

ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा

ईमुद्रा ने अपने बयान में कहा कि इस घटना का भारत में उसके डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) और ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है। हालांकि, कंपनी के वैश्विक टीएलएस कारोबार का एक छोटा हिस्सा प्रभावित हुआ है। सीईआरटी-इन के अनुसार, ईमुद्रा ने बताया कि उसकी सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना में आठ मध्यवर्ती प्रमाणन प्राधिकरण प्रमाणपत्रों से जुड़ी निजी सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ गड़बड़ी हुई है।



कुंजी हासिल कर फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है

इनमें छह टीएलएस प्रमाणपत्र और दो सॉफ्टवेयर पर डिजिटल हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रमाणपत्र शामिल हैं। निजी सुरक्षा कुंजी का इस्तेमाल डिजिटल प्रमाणपत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने में होता है। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति ऐसी कुंजी हासिल कर ले, तो वह उसके जरिये फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है।

भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार : इससे किसी असली वेबसाइट या भुगतान सेवा की नकल करना संभव हो सकता है। ऐसे में लोग यह समझकर फर्जी वेबसाइट पर भुगतान कर सकते हैं कि वे किसी वास्तविक कंपनी की वेबसाइट पर हैं। उसकी प्रणालियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है, कोई डेटा चोरी नहीं हुआ है और कंपनी के भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार हैं।

कंप्यूटर तंत्र में एक खामी है कारण

ईमुद्रा ने बताया कि उसके कंप्यूटर तंत्र में एक खामी के कारण मूल मजबूत सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ कमजोर कुंजियां भी बन गई थीं। एक शोधकर्ता ने एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मोजिला को सूचित किया था कि कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से इन कमजोर कुंजियों का पता लगाया जा सकता है।

डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाण पत्र जारी हो सकता है

सीईआरटी-इन ने कहा कि इन निजी कुंजियों तक पहुंच रखने वाला हमलावर ऐसे डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है। इन प्रमाणपत्र के जरिये असली वेबसाइट की नकल की जा सकती है और उनके माध्यम से भेजी जाने वाली जानकारी को बीच में रोकने या उसमें बदलाव करने की कोशिश की जा सकती है। इसे 'मैन-इन-द-मिडिल' हमला कहा जाता है।

आरबीआई के हस्तक्षेप से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रुपया बुधवार को 48 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्च स्तर 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रवाह और डॉलर की मांग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

- रुपया 48 पैसा मजबूत होकर 94.43 प्रति डॉलर

हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.41 के उच्चस्तर तक गया और 94.82 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की बढ़त है। इससे पहले भारतीय मुद्रा चार सितंबर को इसी स्तर के आसपास बंद हुई थी। रुपया सोमवार को दो पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.91 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, आईपीओ से जुड़े विदेशी पूंजी प्रवाह और अमेरिकी डॉलर में अपेक्षाकृत कमजोरी से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया।



कच्चे तेल ने रुपए की बढ़त सीमित की : हालांकि, घरेलू बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने रुपये की तेज बढ़त को सीमित किया। उन्होंने कहा कि डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में नरमी से रुपये में सकारात्मक रुख बने रहने के आसार हैं। चौधरी ने कहा, ''डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.20 से 94.80 के दायरे में रह सकता है।

जियो के आईपीओ को मिला पूर्ण अभिदान

गौरतलब है कि जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार को अभिदान के लिए खुला। यह आईपीओ 23 अक्टूबर को बंद होगा। 1,065 से 1,119 रुपये प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाले इस निर्गम को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूर्ण अभिदान मिल गया।

वीआईटी द्वारा वीआईटीईईई 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेल्लोर

वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने वीआईटीईईई 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं, जिससे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक छात्रों को अपने सपनों के कैरियर की ओर अगला कदम बढ़ाने का मौका मिल रहा है।

ज्ञातव्य है कि छात्र अब वीआईटी के प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए वीआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये कार्यक्रम वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती (आंध्र प्रदेश) और भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित परिसरों में उपलब्ध हैं। वीआईटीईईई 2027 का आयोजन



एक ही चरण में 28 अप्रैल से 2 मई, 2027 तक किया जाएगा। यह परीक्षा भारत के 133 शहरों और 9 अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिससे भारत और विदेश दोनों के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

- अंबानी परिवार से मिलने जामनगर पहुंचे रुबियो
- दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी का किया दौरा

रिलायंस की रिफाइनिंग क्षमता का लाभ लेने की कोशिश में अमेरिका

एजेंसी ▶▶ जामनगर (गुजरात)

उद्योगपति मुकेश अंबानी के परिवार के लगभग सभी सदस्यों ने बुधवार को जामनगर में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो का स्वागत किया। रुबियो ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक ही स्थान पर स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी का दौरा किया।

रुबियो जामनगर पहुंचने से एक दिन पहले भारत को कच्चे तेल के शोधन के मामले में एक ''महाशक्ति'' बता चुके हैं और उन्होंने यहां वेनेजुएला के कच्चे तेल का अधिक प्रसंस्करण करने की वकालत की



थी। इस दिन के कार्यक्रम में रिलायंस के वनतारा पशु बचाव केंद्र और समूह द्वारा विकसित की जा रही विशाल विनिर्माण इकाइयों का दौरा भी शामिल था। विश्लेषकों के अनुसार, इस दौरे ने भारत-अमेरिका ऊर्जा कूटनीति के केंद्र में एक निजी औद्योगिक समूह को ला दिया है। अधिकारियों ने अंबानी परिवार की मेजबानी में आयोजित कार्यक्रम को ''निजी दौरा'' बताया है। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब अमेरिका में मध्यावधि चुनावों से पहले डीजल की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। दोनों पक्षों की ओर से दौरे का कोई विवरण जारी नहीं किया गया। दौरे से परिचित लोगों के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता और बच्चों ईशा तथा अनंत ने रुबियो का स्वागत किया।

फसाई का नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस

नई दिल्ली। खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कुछ उत्पादों में 'भ्रामक दावों' को लेकर नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने कंपनियों से अपने विज्ञापनों में किए गए दावों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण पेश करने को कहा है। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उसने नेस्ले इंडिया को उसके दो खाद्य उत्पादों 'लैक्टोजेन प्रो 1 पाउडर' और 'नैन एक्ससेला प्रो स्टेज 1' के प्रचार में भ्रामक दावों और नियमों के अनुरूप नहीं होने वाले विज्ञापनों को लेकर नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने जायडस वेलनेस प्रोडक्ट्स लिमिटेड को भी उसके खाद्य उत्पाद 'कॉम्प्लान' के संबंध में भ्रामक दावों और विज्ञापनों को लेकर नोटिस दिया है।

भारत के सामने रोजगार बढ़ाने की सबसे बड़ी चुनौती : सुब्बाराव

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात प्रतिशत या उससे अधिक के स्तर पर बनाए रखने के लिए निजी निवेश बढ़ाने, अधिक रोजगार देने वाले विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, मानव पूंजी में सुधार करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण की जरूरत है। सुब्बाराव ने कहा कि चुनौती केवल तेजी से आर्थिक वृद्धि हासिल करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वृद्धि से उत्पादकता बढ़े, अधिक रोजगार पैदा हों और अर्थव्यवस्था झटकों का सामना करने में सक्षम बने।

- अमेरिकी बांड में तेज प्रतिफल से धारणा प्रभावित

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 143 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 78 अंक नीचे आया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और अमेरिकी बांड प्रतिफल में तेजी के बीच बिजली, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.21 अंक टूटकर 73,709.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और सेंसेक्स एक समय 829.29 अंक चढ़कर 74,682.19 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। तेज बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे सेंसेक्स 1,450 अंक से अधिक टूटकर दिन के निचले स्तर 73,229.45 अंक पर आ गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम चरण में हुई कुछ लिवाली से नुकसान कम हुआ।

अदाणी ग्रीन एनर्जी का मुनाफा 16 फीसदी बढ़ा...



नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 747 करोड़ रुपये हो गया। बिजली आपूर्ति कारोबार से मजबूत राजस्व वृद्धि से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। अदाणी समूह की इस कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 644 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई नियामकीय सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 39 प्रतिशत बढ़कर 4,520 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 3,249 करोड़ रुपये थी। कुल आय में बिजली आपूर्ति कारोबार का योगदान 4,019 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के 2,776 करोड़ रुपये से 45 प्रतिशत अधिक है।

यात्री वाहन खंड में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई

नवरात्र में वाहन पंजीकरण 6.5 प्रतिशत घटा: फाडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल नवरात्र के दौरान देश में वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत घटकर 11.23 लाख इकाई रह गया। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के शुरुआती आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। फाडा के अनुसार, यात्री वाहनों की श्रेणी में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

- वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर खंड में अच्छी बिक्री दर्ज

इस गिरावट की एक प्रमुख वजह पिछले साल का ऊंचा आधार प्रभाव है। पिछले साल नवरात्र के पहले दिन ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती लागू हुई थी, जिससे वाहन खरीदने के लिए शोरूम में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। फाडा के 21 अक्टूबर को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, इस साल 11 से 20 अक्टूबर के दौरान नवरात्र में कुल 11.23 लाख वाहनों का खुदरा पंजीकरण हुआ।

मारुति में वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के बराबर

मारुति सुजुकी के विपणन एवं बिक्री के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी पार्थो बनर्जी ने कहा, ''इस साल नवरात्र के दौरान वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के लगभग बराबर रही। यह पिछले साल के स्तर का करीब 98 प्रतिशत है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा कि ग्राहकों की धारणा में सुधार के बीच उसके शोरूम में आने वाले ग्राहकों, पूछताछ, बुकिंग और वाहनों की आपूर्ति में मजबूत मांग देखने को मिल रही है।



उत्पादन क्षमता की सीमा के कारण अधिक वाहनों की आपूर्ति नहीं : देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी ने कहा कि इस साल नवरात्र के दौरान उसकी वाहनों की आपूर्ति पिछले साल के लगभग बराबर रही। कंपनी ने कहा कि उत्पादन क्षमता की सीमाओं के कारण इससे अधिक वाहनों की आपूर्ति नहीं हो सकी।

टाटा ने दशहरे दिन 10 हजार से अधिक वाहन बेचे

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अमित कामत ने कहा, ''नवरात्र के दौरान ग्राहकों की प्रतिक्रिया विशेष रूप से उत्साहजनक रही। इस अवधि में 50,000 से अधिक वाहनों की आपूर्ति की गई, जिनमें अकेले दशहरा के दिन 10,000 से अधिक वाहन शामिल हैं।''

दोपहिया वाहनों के पंजीकरण में गिरावट

पिछले साल 22 सितंबर से दो अक्टूबर के दौरान नवरात्र के समय यह आंकड़ा 12.01 लाख इकाई था। वाणिज्यिक वाहनों और ट्रैक्टर को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों में पंजीकरण घटा। यात्री वाहनों का पंजीकरण 21.9 प्रतिशत घटकर 1.83 लाख इकाई रह गया, जबकि दोपहिया वाहनों का पंजीकरण 2.8 प्रतिशत गिरकर 8.34 लाख इकाई पर आ गया।

दबी मांग का बड़ा हिस्सा पूरा हुआ

फाडा के अध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, ''नवरात्र 2025 की तुलना में इस साल 6.52 प्रतिशत की मामूली गिरावट मुख्य रूप से तुलनात्मक आधार के कारण है। पिछले साल नवरात्र 10 दिन के बजाय 11 दिन चला था और इसी दौरान जीएसटी 2.0 लागू हुआ था। इससे पहले से दबी मांग का बड़ा हिस्सा एक असाधारण अवधि में पूरा हुआ था।''

इटर्नल का मुनाफा दोगुना होकर 125 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी इटर्नल का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 125 करोड़ रुपये रहा है। 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 65 करोड़ रुपये था। बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व बढ़कर 24,138 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 13,590 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का कुल खर्च भी बढ़कर 24,166 करोड़ रुपये हो गया।

आज दुनिया बदल रही, अपने मूल उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्प रहने की जरूरत बताई युवा पीढ़ी से की अपील

भाजपा प्रमुख नवीन ने युवाओं को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जोड़ने की आवश्यकता पर दिया बल, अराजकता को बढ़ावा देकर लोकतंत्र को चुनौती दी जा रही

भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर यह बात कही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को भारत की युवा पीढ़ी को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की जड़ों से जोड़ने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आगाह किया कि वैश्विक स्तर पर अराजकता को बढ़ावा देकर विभिन्न देशों के लोकतंत्र को चुनौती देने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ के 75वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि दुनिया में बदलती परिस्थितियां एक बड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। इसके लिए न केवल विचारधारा की निरंतरता, बल्कि नयी पीढ़ी को भारत की 'सांस्कृतिक राष्ट्रवादी नींव' से गहराई से जोड़ने की भी जरूरत है।



नई दिल्ली। भारतीय जनसंघ (जो भाजपा बनी) के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में नितिन नवीन और अन्य लोगों ने पौधे लगाए।

भाजपा के विस्तार और मजबूती की बात बताई

नवीन ने भाजपा के विस्तार और मजबूती का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और भाजपा तथा जनसंघ के कई अन्य नेताओं के समर्पण एवं कड़ी मेहनत को दिया। नवीन ने कहा कि मित्रो, हमें इस विस्तार को अपने मूल उद्देश्य के प्रति दृढ़ संकल्प से जोड़ने की जरूरत है।परिस्थितियां बदल रही हैं और नई पीढ़ियां सामने आ रही हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी विचारधारा के साथ-साथ युवा पीढ़ी भी देश के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में गहराई से निहित रहे। आजवैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के लोकतंत्र को चुनौती देने के लिए अराजकता का सहारा लिया जा रहा है।

जनसंघ की शिक्षा और संकल्प से मिली प्रेरणा

उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जनसंघ ने हमारे भीतर जो बीज बोए और अपने कार्यकर्ताओं को जिन आदर्शों की शिक्षा दी, वे देश के सभी नागरिकों को एकजुट करने और उन्हें साथ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगे। नवीन ने कहा कि जब 21 अक्टूबर, 1951 को जनसंघ की स्थापना हुई थी, तब उसके सामने अनेक चुनौतियां थीं। इसके बावजूद वे अपनी विचारधारा को हर नागरिक तक पहुंचाने के दृढ़ संकल्प से एकजुट थे।

विरासत को और मजबूत और विकसित करना होगा

आज की पीढ़ी को भी वैसा ही दृढ़ संकल्प विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि तभी हम अपने पूर्ववर्तियों के उस सपने को साकार कर सकेंगे, जिसमें भारत को 'विश्वगुरु' बनते देखने की परिकल्पना की गई थी। मैं मौजूदा पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को हमेशा याद दिलाता हूं कि हमें एक बेहद अनुकूल माहौल विरासत में मिला है।

हम सभी मुखर्जी के आदर्शों को आगे बढ़ाएं

नवीन ने भाजपा के विचारक दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' दर्शन को मोदी सरकार की दीन-समर्थक योजनाओं का आधार बताया। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भी याद किया और पार्टी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों तथा योगदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के विचारों के साथ सादगी और समर्पण पर भी विचार करने का आग्रह किया।

खबर संक्षेप

हादसे के पीड़ितों के परिजनों से मिले सुवेंदु

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने चोरबागान भगदड़ के पीड़ितों के



परिजनों से मुलाकात कर 25-25 लाख की सहायता राशि सौंपी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दल पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय इस मामले पर केवल राजनीति कर रहे हैं। लापरवाही साजिश की जांच का भरोसा दिया।

बेंगलुरू में निर्माणाधीन भवन में धमाका

बेंगलूरू। एक निर्माणाधीन इमारत में हुए धमाके में दो लोग घायल हो गए। आशंका है कि यह धमाका



बैटरी फटने की वजह से हुआ। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने बताया कि धमाके के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने पत्रकारों से बताया कि अभी मामले की जांच चल रही है। कोई कयास न लगाएं।

कांग्रेस की बैठक, करंट लगने से 2 की मौत

प्रतापगढ़। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के रेंनदा गांव में कांग्रेस की चुनावी बैठक के दौरान करंट से



मोहन मीणा और अर्जुन मीणा की जान चली गई। तेज हवा से बैठक स्थल पर लगा टेंट उड़ने लगा था। इसे संभालने के दौरान टेंट के लोहे के पाइप ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन के संपर्क में आ गए थे। इसमें 15 लोग चपेट में थे।

नेस्ले इंडिया, जायडस वेलनेस को नोटिस

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को



उत्पादों के विज्ञापनों में कथित तौर पर भ्रामक दावे के मामले में नोटिस जारी किया है। दोनों कंपनियों से अपने उत्पादों को लेकर किए गए दावों के समर्थन में वैज्ञानिक सबूत पेश करने को कहा है।

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया, उठाए सवाल

भारत के दुश्मन वही लोग जो विदेशों से सीखे तख्तापलट, हिंसा और संसद में आग लगाना

हम भारत के दुश्मनों का दहन लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दशहरा कार्यक्रम के दौरान 3 ताकतों को देश के खिलाफ बताया था। उन्होंने विपक्ष पर भी जोरदार हमला बोला था। अब पीएम मोदी के बयान के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत का दुश्मन कौन है? पात्रा ने कहा कि भारत का दुश्मन वह व्यक्ति है, जो विदेश जाकर विदेशी ताकतों से यह सीखकर आता है कि भारत में तख्तापलट कैसे किया जाए, आगजनी कैसे की जाए, हिंसा कैसे भड़काई जाए, संसद में आग कैसे लगाई जाए और यहां चुनाव ठीक तरीके से कैसे न होने दिए जाएं? भारत का दुश्मन वह है, जो कहता है कि बांग्लादेश ने हमें रास्ता दिखाया है। भुवनेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पात्रा ने कहा कि बांग्लादेश हमारा प्रेरणा स्रोत है, क्योंकि वहां के लोगों ने दिखाया कि धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ कैसे लड़ते हैं? भारत धार्मिक कट्टरपंथी देश नहीं है। जो लोग कहते हैं कि भारत में धार्मिक कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ने के लिए हमें सत्ता परिवर्तन करना है, वे भारत के दुश्मन हैं।

भुवनेश्वर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रवक्ता पात्रा ने यह बात संवाददाताओं से कही



हमें सत्ता परिवर्तन करना है चाहे जो भी करना पड़े, इनसे सावधान रहें

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के साथ भारत के दुश्मनों जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। भारत के दुश्मन प्रशांत भूषण जैसे लोग हैं, जो कहते हैं कि हमें सत्ता परिवर्तन करना है, चाहे इसके लिए हमें कुछ भी क्यों न करना पड़े। सावधान इन सभी भारत के दुश्मनों से! हम भारत के दुश्मनों का दहन लोकतांत्रिक तरीके से करेंगे। यह काम वोट और जनता की जागरूकता के माध्यम से होगा। जनता के बीच सच्चाई रखकर हम उन पुतलों का दहन करेंगे।

नाइक का उदाहरण दिया

पात्रा ने कहा कि एक दुश्मन जाकिर नाइक है, जिसे उन्होंने आतंकवादी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने राजीव गांधी फाउंडेशन के लिए उससे पैसे लिए थे। उसका एक स्टिंग ऑपरेशन हुआ है। इसमें कथित तौर पर उसने कहा कि उसे भारत आने में डर लगता है और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरता है। उसने यह भी कहा कि सत्ता परिवर्तन होने के बाद वह भारत लौट आएगा।

राहुल... सैटेलाइट लांचिंग में भी पीछे ईंधन होना चाहिए

पात्रा ने आरोप लगाया कि दाऊद इब्राहिम और जाकिर नाइक सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, ताकि वे भारत लौट सकें। देश के कई दुश्मन सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। पात्रा ने कहा कि सत्ता परिवर्तन की मांग करने वाले उनके सरगना चाहते हैं कि राहुल गांधी बिना चुनाव लड़े ही लॉन्च हो जाएं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अरे, सैटेलाइट भी लॉन्च होती है, तो उसके पीछे ईंधन लगाना पड़ता है। ऐसे ही कोई लॉन्च नहीं हो जाता।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु ने विपक्ष की कुछ ताकतों पर किया हमला

उसका असली मकसद हिंसा और साजिश के जरिए सत्ता परिवर्तन करना

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष की कुछ ताकतों पर आरोप लगाया कि वे जायज सार्वजनिक मांगों की आड़ में भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। उसका असली मकसद हिंसा और साजिश के जरिए सत्ता परिवर्तन करना है। कुछ ताकतें 3 एजेंडों पर काम कर रही हैं।



अस्थिर करने के 3 एजेंडे

- ये समाज को बांटना चाहती हैं, देश की संस्कृति, इन्हें हिंदू के प्रति नफरत है।
- ये 'सनातन धर्म के खत्म करने' की बात करने वाले सम्मेलन करते हैं।
- भारत की संस्थाओं के बारे में भ्रामक बातें फैलाती हैं। ये भारत को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहतीं।

मांगें रावण के 10 सिर जैसी

बार-बार उठने वाली मांगों की तुलना रावण के 10 सिरों से करते हुए उन्होंने कहा कि असल में, रावण की तरह अलग एक सिर काट दिए जाए, तो तुरंत दूसरा सिर निकल आता है। इनकी मांगे भी कुछ ऐसी हैं, एक मांग पूरी करो, तो उसकी जगह तुरंत दूसरी मांग आ जाती है।

रामलाल का राहुल पर हमला

जन समर्थन झूठ की बुनियाद पर नहीं बढ़ता

श्रीनगर। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रामलाल ने संघ के खिलाफ राहुल गांधी के 'विशुद्ध पुरुषवादी और संविधान विरोधी' होने संबंधी टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'नवीनतम मनगढ़ंत झूठ' करार दिया। उन्होंने कहा कि आरएसएस महिलाओं का बेहद सम्मान करता है। झूठ की बुनियाद पर राजनीति आगे नहीं बढ़ती।

रांका और दास को मिली राहत

विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट कोर्ट से मिल गई दोनों को जमानत



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एसईएम कोर्ट ने सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत पर अपना आदेश सुरक्षित रखा। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों नेताओं को जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रंका की न्यायिक हिरासत 3दिन बढ़ाने की मांग की थी। दोनों को बुधवार को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के समक्ष पेश किया गया था। दो दिन पहले सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन और बढ़ा दी गई थी।

जंतर-मंतर पर अवैध प्रवेश पर पुलिस ने गिरफ्तार किया था

दोनों नेता जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में हिरासत में हैं। आरोप है कि प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वे बंद गेट पार कर जंतर-मंतर परिसर में दाखिल हुए थे। वहां सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने तिरंगा लहराया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया था। 13 अक्टूबर को उन्हें पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

दिल्ली हाई कोर्ट ने लगाई फटकार, अर्जी वापस

सीजेपी के सदस्य सौरव दास और आशुतोष रांका को बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई। जिसके बाद दोनों ने दायर अपनी याचिका वापस ले ली। सीजेपी के सदस्यों ने अपनी याचिका में हिरासत बढ़ाने के फैसले को चुनौती दी थी और तत्काल रिहाई की मांग की थी।हाई कोर्ट ने सवाल किया जब उसी दिन विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने सुनवाई होनी थी तो उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख क्यों किया। अदालत ने उन्हें पहले सेम की सुनवाई के नतीजे का इंतजार करने और उसके बाद उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर विचार करने की सलाह दी।सौरव और आशुतोष ने सेम के 19 अक्टूबर के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी हिरासत 21 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। यह कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 और 170 के तहत की गई थी।



ऊपर सोलर पैनल, नीचे लहलहाएगी फसल: भारत मंडपम में एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस

85% छोटे व सीमांत किसानों के हित को केंद्र में रखकर बने एग्रीवोल्टाइक नीतिः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश का किसान अब केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा को अपनाकर वास्तविक अर्थों में 'अन्नदाता भी और ऊर्जादाता भी' बनने जा रहा है। बुधवार को भारत मंडपम में आयोजित 3 दिवसीय '7वें एग्रीवोल्टाइक वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस' के उद्घाटन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि खेती और सौर ऊर्जा का संगम विश्व कल्याण और किसानों की आर्थिक समृद्धि का नया मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि एग्रीवोल्टाइक नीति ऐसी बननी चाहिए जो देश के 85 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों के खेतों पर व्यावहारिक रूप से खरी उतरे। एग्रीवोल्टाइक तकनीक से एक ही



जमीन पर ऊपर सौर पैनल से बिजली पैदा होगी और नीचे फसल लहलहाएगी। उन्होंने इसे सरल देसी अंदाज में समझाते हुए कहा कि यह 'आम के आम और गुठलियों के दाम तथा हिंग लगे न फिटकरी, रंग भी चोखा' जैसा सशक्त मॉडल है। उन्होंने कहा कि पुराने समय में कहा जाता था 'रहिमन पानी राखिए, लेकिन आज के युग में स्थिति ऐसी है कि आधुनिक जीवन और खेती में बिना बिजली सब शून्य है, इसलिए खेती के साथ-ऊर्जा उत्पादन को जोड़ना किसानों के हित में सबसे बड़ा कदम है। चौहान ने रेखांकित किया कि एक दौर था जब भारत खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्यान्न आयात पर निर्भर था, लेकिन आज देश के अन्नदाताओं के पसीने की बदौलत अन्न भंडार गेहूं और धान से पूरी तरह लबालब हैं। भारतीय कृषि क्षेत्र लगातार 4.5 प्रतिशत की मजबूत विकास दर बनाए हुए है, जो कीर्तिमान है। कृषि उत्पादों का निर्यात 52.55 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड पर पहुंच चुका है। रबी सीजन 2026-27 की बुवाई भी शुरू हो चुकी है। दलहन-तिलहन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चौहान ने वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं के समक्ष स्पष्ट किया कि भारत में औसत भूमि जोत मात्र 0.96 हेक्टेयर है और 85 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे व सीमांत हैं, जिनके पास इतनी जमीन नहीं है कि वे खेती छोड़कर केवल सोलर प्लांट लगा सकें।

गुवाहाटी में शिल्प समागम मेला 2026 की शुरुआत

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

कारीगरों का दिखेगा हुनर,यहां पर विविध पारंपरिक उत्पाद देख और खरीद सकेंगे

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

असम की राजधानी गुवाहाटी में बुधवार से 8 दिनों तक चलने वाला शिल्प समागम मेला 2026 आरंभ हुआ। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित मेला 28 अक्टूबर तक चलेगा। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खानापारा स्थित फार्म गेट पर यह मेला आम लोगों के लिए प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। आगंतुक यहां विविध पारंपरिक उत्पाद देख और खरीद सकेंगे तथा



हुनरमंद कारीगरों के कार्यों को समर्थन दे सकेंगे। इस खास मेले में देशभर के कारीगर भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य भारत की समृद्ध और विविध पारंपरिक हस्तशिल्प एवं हथकरघा विरासत को प्रदर्शित करना है।

उद्यमिता को मिलेगा बाजार और बढ़ावा

मेले में कुल 75 कारीगर भाग ले रहे हैं, जिनमें 31 महिला कारीगर शामिल हैं। ये कारीगर हथकरघा और हस्तशिल्प उत्पादों की लगभग 40 किस्में प्रदर्शित कर रहे हैं। यह कारीगरों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और सीधे ग्राहकों को बेचने, संभावित खरीदारों से संपर्क स्थापित करने तथा अपने बाजार का विस्तार करने के अवसर प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने यातायात बहाली के दिए निर्देश

शहर में 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश

चेन्नई बारिश से बेहाल, सबवे और प्रमुख बस मार्गों से जल निकासी कराई गई

एजेंसी ⏭ चेन्नई

चेन्नई नगर निगम ने रातभर हुई भारी बारिश के बाद सबवे और प्रमुख बस मार्गों पर हुए जलभराव को बुधवार सुबह तक साफ कर इन्हें वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया। जीसीसी आयुक्त जीएस समीरन ने यह जानकारी दी। चेन्नई में बुधवार सुबह भी बारिश जारी रही। शहर में पिछले 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश हुई। बारिश का सबसे अधिक असर दक्षिण चेन्नई में रहा। कोडम्बाक्कम, वलसरवक्कम, वेलाचेरी, अलंदूर और अड्यार समेत मध्य चेन्नई के



कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए। सभी 420 बस मार्ग भी आवाजाही के लिए खुले हैं। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने नगर निकाय को निर्देश दिया है कि वे तुरंत कार्रवाई करें।

बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर 9 राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में लचल ने फिर देश के 9 राज्यों की टेंशन बढ़ा दी है। बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की स्थिति है। दक्षिण-पश्चिम अरब सागर में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और 24 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला संभावित पश्चिमी विक्षोभ भी अहम है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , मध्य प्रदेश , गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ बारिश संभावित है।

31 दिसंबर तक चलेगा केंद्र का अभियान, पात्रों को बीमा योजनाओं से जोड़ा जाएगा

2.70 लाख ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों को होगा लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को देशभर में वित्तीय समावेशन अभियान की शुरुआत की। इसके तहत ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के स्तर पर विभिन्न वित्तीय योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल की जाएगी। यह अभियान 31 दिसंबर 2026 तक चलेगा और इसके दायरे में देश की 2.70 लाख ग्राम पंचायतों तथा शहरी स्थानीय निकायों को शामिल किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाना है। वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार, अभियान के दौरान बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं में पात्र लाभार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करने शिविर



आयोजित करेंगे। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आवेदन और पंजीकरण की प्रक्रिया में सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का जोर इस बात पर है कि पात्र नागरिकों को सरकारी वित्तीय सुरक्षा योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

तीन प्रमुख योजनाओं में नामांकन पर विशेष जोर

अभियान के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। बैंकों की ओर से आयोजित शिविरों में पात्र लोगों को इन योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को जीवन बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना दुर्घटना से होने वाली मृत्यु और निर्धारित परिस्थितियों में दिव्यांगता के विरुद्ध बीमा सुरक्षा प्रदान करती है। अटल पेंशन योजना के माध्यम से पात्र नागरिकों को बुढ़ापे में नियमित आय की सुरक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अभियान के दौरान लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

रबी सीजन से पहले किसानों पर भी रहेगा फोकस

अभियान में किसानों को संस्थागत ऋण और फसल बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। रबी सीजन को देखते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन बढ़ाने और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पात्र किसानों का नामांकन सुनिश्चित करने की पहल की जाएगी। इससे उन्हें बीज, खाद, कृषि उपकरण और अन्य कृषि गतिविधियों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। अभियान के दौरान किसानों को केसीसी से संबंधित जानकारी देने और आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने पर जोर रहेगा।

यूरोप में विरोध की लहर

अल्बानिया में आठवें दिन भी झड़पें, इटली में सख्त कानून, फ्रांस में कर्फ्यू बढ़ा

एजेंसी ▶▶ तिराना

यूरोप के कई देशों में महंगाई, बढ़ती ईंधन कीमतों, आवास संकट और सार्वजनिक सेवाओं की बदहाल स्थिति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। अल्बानिया की राजधानी तिराना में मंगलवार को सरकार विरोधी प्रदर्शन लगातार आठवें दिन भी जारी रहे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में हाईस्कूल और विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल हो गए हैं। वे ट्यूशन फीस कम करने, शिक्षा पर सरकारी निवेश बढ़ाने और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और वाटन कैनन का प्रयोग



प्रदर्शनकारियों पर वाटन कैनन चलाती पुलिस

अल्बानिया के पीएम ने लगाए आरोप

पीएम एदी रामा ने मंगलवार को शिक्षकों और तिराना के स्कूलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद प्रदर्शनकारियों पर हिंसा के जरिए सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्याओं को कुछ लोग जानबूझकर हिंसा फैलाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ रोम

इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने मंगलवार को सुरक्षा से जुड़े कई कड़े उपायों को मंजूरी दी। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर कहा कि तोड़फोड़ और चोरी को विरोध प्रदर्शन नहीं कहा जा सकता, बल्कि ये आपराधिक गतिविधियां हैं।

नए नियमों के तहत कम से कम पांच लोगों के समूह में प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने वालों को पांच साल तक की जेल और अधिकतम 20 हजार यूरो का जुर्माना हो सकता है। चेहरा छिपाने या किसी के घायल होने की स्थिति में सजा और बढ़ सकती है।

इटली में अब दंगाइयों को पांच साल तक की सजा का प्रावधान



मिलान में प्रदर्शनकारी

माता-पिता होंगे जिम्मेदार

नियमों में प्रदर्शन के दौरान हिंसक गतिविधियों में शामिल होने का नया अपराध, दंगों के लिए सख्त सजा और तोड़फोड़ या लूटपाट में शामिल नाबालिगों के माता-पिता को आर्थिक रूप से जिम्मेदार ठहराने का प्रावधान शामिल है। अधिकारियों को नुकसान की भरपाई तत्काल कराने का अधिकार भी दिया गया है।

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में सप्ताहांत के दौरान हुई हिंसा, तोड़फोड़ और लूटपाट के बाद कई शहरों में कर्फ्यू बढ़ा दिया गया है। पेरिस में स्थानीय अधिकारियों ने लगातार दूसरी रात प्रतिबंध लागू किए। लोगों को तय समय के दौरान सड़कों पर घूमने या सार्वजनिक स्थानों पर रुकने से रोका गया। पेरिस पुलिस प्रीफेक्चर ने मंगलवार रात 11 बजे से बुधवार सुबह छह बजे तक कर्फ्यू का दायरा प्लास द ला रिपब्लिक और लेस हॉल्स इलाके के कुछ हिस्सों तक बढ़ा दिया। सप्ताहांत में फ्रांस में भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन और हिंसा हुई थी।

तय समय में सड़कों पर घूमने और रुकने पर लगी रोक



पेरिस में सड़कों पर प्रदर्शनकारी

'बिस्मिल्लाह, से ले तेनेब्र' नारा वायरल

फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों के दौरान एक खास नारा 'बिस्मिल्लाह, से ले तेनेब्र', अब हर जगह फैल गया है। बिस्मिल्लाह, का अर्थ है 'ईश्वर के नाम पर'। 'से ले तेनेब्र' का अनुवाद है, 'यह अंधेरा है'। युवा पीढ़ी इसका इस्तेमाल किसी ऐसी स्थिति के लिए करती है जो बहुत गंभीर हो।

खबर संक्षेप

12.5 अरब साल पुरानी सुपरनोवा ब्रह्मांड में मिली

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी सुपरनोवा खोजी है जो तकरीबन 12.5 अरब साल पुरानी है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजी गई यह सुपरनोवा को अब तक देखी गई सबसे दूर की सुपरनोवा माना जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे ब्रह्मांड में तारों के जन्म और उनकी मृत्यु को समझने में मदद मिल सकती है।



पाक में सड़क हादसा, 11 की मौत, 30 घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में महिलाओं और बच्चों की भी जान गई है।



महिला सांसद ने गंवाए दोनों पैर, हालत गंभीर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की निर्दलीय सांसद हेलेन हेन्स की एक कार से टक्कर मारकर किए गए हमले के बाद दोनों टांगें काटनी पड़ी हैं। कार से बार-बार टक्कर मारने के बाद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उनके पति ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस घटना को राजनीतिक हिंसा से जोड़कर देखा जा रहा है।



जम्मू में बस खाई में गिरी 2 की मौत, 15 घायल

जम्मू। जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में दूरदराज के इलाके में एक यात्री बस के पर्वतीय मार्ग से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला ने दुख जताया और पीड़ितों तथा उनके परिजनों को सहायता देने का आश्वासन दिया।



अमेरिकी विदेश मंत्री रुबिया का बड़ा बयान

यूएस में रोजाना विरोध प्रदर्शन भारत में लोकतंत्र के साथ चुनाव



मार्को रुबियो

यूएन विशेषज्ञों को बताया 'विरोधाभास'

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यूएन विशेषज्ञों के बयानों को लेकर कहा कि वो मेरे पसंदीदा हैं। लेकिन मैं ये भी कहना चाहूंगा कि वो अपने आप में ही विरोधाभास है। जहां तक विरोध-प्रदर्शनों की बात है, तो मेरे विचार में भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां पर चुनाव भी होते हैं। साथ ही हमें ये समझना होगा कि प्रदर्शन और दंगों के बीच बुनियादी अंतर होता है। लेकिन यहां यह भी बताना जरूरी है कि मैं उन घटनाओं की बात नहीं कर रहा हूं, जिनमें हिंसा, आगजनी और भवनों में तोड़फोड़ की जाती है। सार्वजनिक रूप से सड़कों पर उतरकर सत्ता के खिलाफ विरोध, प्रदर्शन करना इस बात का स्पष्ट संकेत हो सकता है कि देश में राजनीतिक वाद-विवाद और असहमति के लिए पर्याप्त स्थान मौजूद है।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की अगुवाई में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी समेत देश के बाकी राज्यों में जारी विरोध-प्रदर्शनों पर भारत की धरती से पहली बार अमेरिका की एक बेहद महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें खुद विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने साफ शब्दों में अमेरिकी सांसदों और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के 20 विशेषज्ञों द्वारा मामले पर की गई भारत सरकार की कार्रवाई की आलोचना को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में क्या अमेरिका में तो इस तरह के विरोध, प्रदर्शन हर रोज होते हैं? भारत एक लोकतंत्र है और यहां पर चुनाव होते हैं। ऐसे में प्रदर्शनों से जुड़ा मामला पूरी तरह से नई दिल्ली की घरेलू राजनीति से जुड़ा हुआ है यानी ये इनका एक आंतरिक मुद्दा है। जिस पर हम कुछ भी टिप्पणी नहीं करना चाहेंगे।

क्यूबा का दिया उदाहरण

रुबियो ने क्यूबा का उदाहरण देते हुए समझाया कि वहां पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच की स्थिति बेहद जटिल है। हालात तब और भी गंभीर हो जाते हैं। जब विपक्ष सरकार के विरोध में खड़ा होता है या अपनी आवाज बुलंद करने की कोशिश करता है। क्योंकि उस दौरान उसे अपने ही देश में दमन, हिंसा या निर्वासन जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, मुद्दे को भारत के परिपेक्ष्य में देखें तो यहां लोकतंत्र है और चुनाव भी होते हैं। इसलिए किसी भी तरह का फैसला करने का अधिकार आम नागरिकों के पास ही है, उन्हें ही करना चाहिए।

कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद पर गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

दशकों से आंतरिक सुरक्षा के 3 हॉटस्पॉट वर्तमान में शांति और विकास की राह पर

कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 'फाइट अगेन्स्ट ड्रग्स' के संदेश पर आयोजित एक देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में देश ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इनमें तीन ऐसी बड़ी समस्याएं शामिल थीं, जिन्हें हमने दशकों तक झेला और जो हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील इलाके माने जाते थेः कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित पूरा क्षेत्र।

- पांच दशकों से फैली नक्सल समस्या को लगभग खत्म किया

आज, ये तीनों इलाके शांत हैं। यहां विकास के लिए अनुकूल माहौल बना है और ये क्षेत्र अब विकास के मामले में देश के बाकी हिस्सों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी है।



पुलिस स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते गृह मंत्री

2029 तक नशा-मुक्त भारत का लक्ष्य

अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अगले साढ़े तीन वर्षों- 2026 के बचे समय सहित 2027, 2028 और 2029 में नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का फैसला किया है। लक्ष्य है 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा-मुक्त बनाना। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक बहुत महत्वपूर्ण लक्ष्य है, जो तीन हॉटस्पॉट से निपटने से भी कहीं अधिक अहम है। नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें और पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा तय किए गए रोडमैप का पालन करें।

सीएपीएफ जवानों का आभार जताया

अमित शाह ने सीमाओं और देश भर में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जवानों का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैं सीमाओं पर तैनात और देश के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सभी सीएपीएफ जवानों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। वे अपने घरों से दूर रहकर हर मौके पर सतर्क रहते हैं-चाहे चुनाव हो, कोई त्योहार हो, विरोध-प्रदर्शन हो या फिर सीमा सुरक्षा का मामला हो। वे देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं। शाह ने जोर दिया कि लोकतंत्र की रक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने में सीएपीएफ की भूमिका अपरिहार्य है।

आज पूरा देश चुनावी हिंसा से मुक्त हो गया

अमित शाह ने कहा कि देश के लोकतंत्र की रक्षा हो या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारु रूप से संचालित करना, हम केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बिना इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि यूपी और बिहार से तो चुनावी हिंसा को समाप्त करने में देश सफल रहा था, परंतु बंगाल में चुनावी हिंसा लंबे समय से चलती रही। बंगाल विधानसभा के हाल में संपन्न चुनाव में एक भी व्यक्ति की मृत्यु के बिना चुनाव पूरा कराने में हमारे सुरक्षा जवानों को बड़ी सफलता मिली और ऐसा करके केंद्रीय सुरक्षा बलों ने एक नया मानक स्थापित किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश मानता है कि देश चुनावी हिंसा से मुक्त हो गया है।

पीएम मोदी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस पर उन बहादुर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस कर्मियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करने का अवसर है, जो अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने से लेकर अपराधों से लड़ने, आपातकालीन स्थितियों में मदद करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक, उनका योगदान अमूल्य है। हम उन बहादुर पुलिस कर्मियों को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका साहस, अटूट समर्पण और सर्वोच्च बलिदान हमारे देश की स्मृतियों में सदैव अंकित रहेगा।

यूएन में भारत ने पुरजोर ढंग से स्पष्ट किया

कुछ देशों पर निशाना साधने जायज नहीं 'मानवाधिकारों' का इस्तेमाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति की बैठक में मानवाधिकारों के इस्तेमाल के नाम पर भारत पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए गए। जवाब में भारत के विदेश मंत्रालय की उप सचिव बरखा ताम्रकार ने पहले सभी आरोपों का पुरजोर अंदाज में खंडन किया और कहा कि मानवाधिकार के मामले पर निष्पक्षता और पारदर्शिता की दरकार है। इसका प्रयोग चुनिंदा देशों को निशाना बनाने के साधन या उनके खिलाफ राजनीतिक दबाव बनाने के लिए बिलकुल नहीं किया जाना चाहिए।

सामान्य संवाद को अंतिम निर्णय न समझें



बरखा ताम्रकर

दरअसल, यूएनजीए की समिति की यह बैठक 'जबरन गुमशुदगी पर कार्य समूह से संबंधित एजेंडे' पर आधारित थी। जिसमें भारतीय राजनयिक ने कहा कि महज अपुष्ट तथ्यों और आधे-अधूरे आंकड़ों के साथ और कुछ नहीं बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र यानी भारत की छवि को धूमिल करने की कोशिश की गई है। जिसे हम दो टूक अंदाज में नकारते हैं। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार से संबंधित मंचों के साथ न केवल जुड़कर काम करता है। बल्कि हम मजबूती के साथ इसके पक्ष में भी खड़े हैं।

भारत के विरोध में मानवाधिकार विशेषज्ञ

बता दें, महासभा के मंच से यह मुद्दा बीते दिनों यूएन के तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक मानवाधिकारों विशेषज्ञों द्वारा भारत की राष्ट्रीय राजधानी में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के साथ सरकार विरोधी प्रदर्शनों के जवाब में की गई पुलिसिया कार्रवाई पर चिंता जताने के बाद सामने आया है।

भारत दौरे पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क

आज पीएम मोदी से करेंगे भेंट आपसी सहयोग पर होगी चर्चा



दिल्ली पहुंचे पीएम डोनाल्ड टस्क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। वे 23 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनके साथ पोलैंड के वित्त मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की तथा व्यापार जगत के प्रतिनिधि भी आएंगे। पोलैंड के पीएम गुरुवार को हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत और पोलैंड के संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान होगा और प्रेस वक्तव्य जारी किए जाएंगे।



रक्षा सचिव की मौजूदगी में एमओयू

हर ड्रोन पर होगी भारत की पैनी नजर

रडार खरीद के लिए बीईएल के साथ 770 करोड़ रुपए का करार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 770 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत निम्न-स्तरीय हल्के रडार (एलएलएलआर-आई) की खरीद के लिए अनुबंध किया है। नई दिल्ली में आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने बताया कि यह रडार लड़ाकू विमानों के साथ-साथ छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम है। इसमें हवाई लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की सुविधा भी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान

भारत-यूएस व्यापार समझौते के बेहद करीब, यह डील काफी अलग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब हैं और यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप ने ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय) में पत्रकारों से कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे। हां, हम इसके काफी करीब हैं। यह समझौता अब तक किए गए हमारे समझौतों से काफी अलग होगा।

भारत संग संबंधों को मुकाबले के तौर पर नहीं देखता अमेरिका



डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

पाकिस्तान-अमेरिका के रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं: रुबियो

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर मुंबई में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति की जरूरतः जयशंकर



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की जरूरत पर जोर दिया। मुंबई में अमेरिका की स्वतंत्रता के 250 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि उसके साझेदार भी आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का रुख अपनाएंगे। जयशंकर ने कहा कि मुंबई और अमेरिका के संबंधों की शुरुआत पुराने दौर में बर्फ के व्यापार से हुई थी। आज यह रिश्ता वित्तीय, वाणिज्यिक और तकनीकी सहयोग के केंद्र में है। स्वतंत्रता के बाद बुनियादी ढांचे, शिक्षा, खाद्य और कृषि क्षेत्र तथा तकनीक में दोनों देशों की साझेदारी ने भारत के विकास में योगदान दिया।

सेना कमांडरों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री बोले

युद्ध के बदलते तौर तरीकों में जरूरी हो गई है तत्परता और आत्मनिर्भरता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना का सर्वोच्च स्तरीय द्विवार्षिक मंच सेना कमांडरों का सम्मेलन बुधवार से शुरू हुआ। सेना प्रमुख (सीओएएस) की अध्यक्षता में आयोजित यह सम्मेलन 21 से 23 तक नई दिल्ली में हो रहा है। इस सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि युद्ध के बदलते तौर-तरीकों और भविष्य के संघर्षों से निपटने के लिए तत्परता और आत्मनिर्भरता होना जरूरी है। उन्होंने थल युद्ध सिद्धांत का विमोचन किया। यह सिद्धांत भारतीय सेना को युद्ध के बदलते स्वरूप और भविष्य के संघर्षों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करेगा।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भारतीय सेना के कर्मियों को सम्मानित किया

रक्षा मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक के रूप में सेवा करते हुए उल्लेखनीय योगदान देने वाले भारतीय सेना के कर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने सेना प्रमुख पर्यावरण स्थिरता, संसाधन प्रबंधन और एक मजबूत विमानन सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए हरित सैन्य स्टेशनों और विमानन उड़ान सुरक्षा के लिए भी पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने संयुक्तराष्ट्र की वार्षिक पत्रिका का भी विमोचन किया।

क्षमता विकास अहम

रक्षा मंत्री ने कहा कि बदलते सुरक्षा परिवेश को देखते हुए परिचालन तत्परता और क्षमता विकास अहम हो गया है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के लिए चल रही पहलों की समीक्षा करने, भविष्य के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान करने और एक प्रगतिशील, अनुकूलनीय, तकनीकी रूप से सक्षम तथा भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना के निर्माण की दिशा में उचित नीतिगत दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

शासन ने दिया था राशि लौटाने और 10-10 लाख जुर्माना का आदेश

350 करोड़ की अवैध वसूली करने वाले वसूलीबाज मेडिकल कॉलेजों को नोटिस, पूछा-कितने लौटाए?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पीड़ित परिजन मिले फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष से, दी वसूली की जानकारी



एएफआरसी की अनुशंसा पर शासन ने तीनों कालेजों को फीस के अतिरिक्त वसूली गई राशि वापस करने और 10-10 लाख जुर्माना पटाने का आदेश दिया था। वसूलीबाज प्राइवेट मेडिकल कालेजों से पीड़ित पालकों ने एएफआरसी के अध्यक्ष डा. शिव कुमार पांडे और सदस्य अमित चिमनानी से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई। पिछले कई सालों से प्राइवेट मेडिकल कालेज फीस नियामक समिति से तय हुए शुल्क के बजाए विद्यार्थियों से विभिन्न नो प्रॉफिट-नो लॉस वाले आधार संचालित वैकल्पिक सुविधाओं को अनिवार्य बताकर ज्यादा फीस वसूल रहे हैं। इस मामले में पिछले साल समिति की अनुशंसा पर शासन ने कालेजों के खिलाफ सख्त कदम उठाया था। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने अंतर की राशि, सात फीसदी ब्याज और दस-दस लाख का जुर्माना लगाया था। दिलचस्प बात यह रही कि शासन का आदेश विभाग की फाइलों में गुम हो गया। मेडिकल कालेज वालों की फीस के नाम पर ज्यादा राशि वसूली का क्रम जारी रहा। पीड़ित की शिकायतों के आधार पर एएफआरसी ने तीनों मेडिकल कालेजों को नोटिस भेजकर शासन के आदेश के पालन के संबंध में जवाब मांगा है। शिकायत करने पहुंचे निश्चय बाजपेयी ने एएफआरसी के अध्यक्ष डा. पांडे को बताया कि निजी मेडिकल कालेज दबाव बनाने में भी पीछे नहीं हट रहे हैं। ज्यादा फीस वसूली करने की शिकायत कालेज प्रबंधन से करने पर उन्हें बच्चों का एडमिशन केंसिल करवाने की सलाह देकर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रायवेट मेडिकल कालेजों की लॉबी तगड़ी है और संभवतः उनके एप्रोच की वजह से पिछले साल शासन से जारी आदेश को चिकित्सा शिक्षा विभाग में ही दबा दिया गया है। तीनों मेडिकल कालेजों ने वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 में निर्धारित फीस से ज्यादा वसूली की थी।

कालेजों से जवाब मांगा गया

तीनों प्रायवेट मेडिकल कालेजों को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। उनसे पूछा गया है कि शासन के आदेश का पालन उन्होंने किस तरह किया गया। निर्धारित शुल्क से कितनी अधिक राशि ली गई और आदेश के बाद कितना वापस किया गया।

- डॉ. शिव कुमार पांडे
अध्यक्ष, प्रवेश एवं फीस नियामक

संघ प्रमुख भागवत आज आएंगे बिलासपुर

बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत 22 व 23 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर में रहेंगे। वे यहां बौद्धिक वर्ग को संबोधित करेंगे तथा बैठक लेकर छग प्रांत के कार्यकर्ताओं से संगठन कार्य विस्तार एवं प्रबोधन पर चर्चा करेंगे। डॉ. भागवत कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिन के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज पहुंचेंगी



रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रही हैं। रायपुर के लोक भवन में वे माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए मूल्य वर्ग का स्मारक सिक्का जारी करेंगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12:45 बजे आयोजित होगा। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। रेंज आईजी के साथ पुलिस कमिश्नर पुलिस अफसरों के साथ राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए अलग-अलग बैठक लेकर देर शाम तक आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे।

जैकेट का शेष

पहले पूड़ी और अचार ...

अनुसार चोरी गया सामान करीब 40 लाख रुपए का है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वॉड और एफएसएल टीम को बुलाया। आसपास के घरों और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

पेज एक का शेष

एक्टरों में दहशत ...

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) यूपी की राधा (23) और बबीता (23) भी गिरफ्तार हुईं, जिन पर शूटरों को हथियार सप्लाई करने का आरोप है। मुंबई पुलिस के मुताबिक पकड़े गए पांचों में से 4 दिल्ली से और 1 हरियाणा से हैं। पांचवें आरोपी का नाम अभी सामने नहीं आया है। वहीं दूसरी तरफ टाइगर श्रॉफ पर हमले की घटना के बाद अब पुलिस अनिल पंडित की बताई जा रही एक धमकी भरी आवाज की क्लिप को पुलिस डेटाबेस में मौजूद वॉयस सैंपल से मिला रही है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि क्या वाकई इस हमले के पीछे कोई गैंग है। हमले के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट है और बॉलीवुड में दहशत है। अभिनेता सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पुलिस जवानों के साथ विशेष कमांडो तैनात किए गए हैं। अक्षय कुमार के घर पर बुलेटप्रूफ कांच लगाए जा रहे हैं और उनकी सुरक्षा भी बढ़ाई जा रही है। शुरुआती जांच के मुताबिक शूटर्स के निशाने पर टाइगर नहीं, बल्कि बॉलीवुड के कुछ बड़े सितारे थे। उन्हें निशाना बनाने में नाकाम रहने पर हमलावरों ने टाइगर को चुना।

चंदा चोरों ...

और कहा कि यात्रा का उद्देश्य किसी के खिलाफ राजनीतिक इस्तेमाल नहीं, बल्कि लोगों के सामने अपनी बात रखना और न्याय की मांग करना है। दिग्विजय ने अपनी अनुपस्थिति में अमृता को यात्रा का प्रवक्ता और योगेंद्र परिहार को सह-प्रवक्ता बनाया है। करीब 950 किमी की यह यात्रा लगभग 70 दिन में अयोध्या के राम मंदिर पहुंचेगी।





परिशिष्ट B- संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड, भोपाल

एमजेसी एसयूसी/13/2026
श्रीमती काजल अहिरवार
बनाम बैंक ऑफ इंडिया
NEXT DATE: 12-11-2026

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती काजल अहिरवार पता - सेंट जोसेफ स्कूल के पास, ग्राम तारा सेवनिया, पोस्ट परवलिया, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, म.प्र. ने मृतक स्व.राजकुमार अहिरवार की लगभग दो लाख रूपए राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12-11-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12-11-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 15-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
श्रीमती मेघा अग्रवाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड

कृपया ध्यान दें:-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं की श्री शानू मारन पुत्र श्री राजेश मारन एवं श्री समीर मारण पुत्र श्री राजेश मारण , दोनों निवासी 18,ग्राम गोरा गांव भदभदा रोड भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल (म. प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता आवासीय भूखंड क्रमांक 38, जोकि खसरा क्रमांक 184/3(S) में से रकबा–2364 वर्गफिट अर्थात 219.70 वर्ग मीटर (आवासीय भूखंड क्र. 37, 38) में से 1364 वर्ग फिट अर्थात् 126.76 वर्ग मीटर (आवासीय भूखंड क्रमांक 38), जो नायक धाम कॉलोनी ग्राम गौरा, सूरज नगर, वार्ड नंबर 26, डॉ. अंबेडकर वार्ड, नगर निगम भोपाल विकासखंड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्य प्रदेश में स्थित है, संपत्ति की चतुर्थ सीमाएं– दिशा पूर्व में–20 फीट चौड़ी रोड, दिशा पश्चिम– में विक्रेता की शेष भूमि (पूर्व विक्रेता की भूमि), दिशा उत्तर में–भूखंड क्रमांक 39, दिशा दक्षिण में– भूखंड क्रमांक 37, उक्त एक किता आवासीय भूखंड को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा अग्रिम टोकन राशि विक्रेतागण को अदा कर दी है। यदि उपरोक्त आवासीय भूखंड क्रमांक 38 या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक, फर्म, सोसाइटी या किसी अन्य का कोई हित, ऋण, दान, स्वत्व संबंधी, भार बंधक, विक्रय अनुबंध या किसी भी प्रकार का लेनदेन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से सात (07) दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित आपत्ति कार्यालय समय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगा तथा मेरे पक्षकार उक्त आवासीय भूखंड को क्रय करने हेतु पूर्ण विक्रय प्रतिफल राशि का भुगतान विक्रेता गण को प्रदान कर 'विक्रय पत्र' का पंजीयन, उप पंजीयन कार्यालय, मैं करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

भवदीय **चन्द्र मोहन गर्ग** एडवोकेट
जी-1, राधा अपार्टमेंट, विजय नगर, लालघाटी, भोपाल
मो.:9425010581, फोन : 2665217

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना सं. SPJW-26-TRAVERSER-35T-B.
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू.म. रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के IREPS वेब पोर्टल पर ई–निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते है:–
1. कार्य का नाम : यांत्रिक कारखाना समस्तीपुर में सरफेस ट्रैवर्सर (क्षमता – 35 टन) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग तथा मौजूदा पिट टाइप ट्रैवर्सर साइट को सरफेस टाइप ट्रैवर्सर में परिवर्तित करने के लिए सिविल कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत : ₹1,57,24,141.35, 3. बयाना की राशि : ₹3,14,500.00, 4. निविदा बंद होने की तारीख और समय : 17.11.2026 15:00 Hrs. 5. ई–निविदा के लिए वेबसाईट का विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादि : www.ireps.gov.in

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/1165/एसपीजे/यां./टी/26–27/32

प्रकाशन
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर
दूसरा एवं तीसरा तल, BSNL भवन, मुख्य डाक घर के पास, सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001
सम्मन
सब सेक्शन 4 अंतर्गत सेक्शन 19 ऑफ ऐक्ट साथ में उप नियम 2 ए ऑफ रूल 5 ऋण वसूली अधिकरण (प्रोसीजर) नियम 1993
ओ.ए. 973 ऑफ 2025

बैंक ऑफ बड़ौदा ..... आवेदक
Vs
मैसर्स कैश एन केरी एवं अन्य ..... प्रतिवादीगण

1. मैसर्स कैश एन केरी द्वारा मालिक श्रीमती पूजा सिंह, ई -4, माँ प्रभा देवी स्कूल के पास, अयोध्या नगर, भोपाल 462041
2. श्रीमती पूजा सिंह पत्नी श्री राज दीप सिंह गौर ई -4, माँ प्रभा देवी स्कूल के पास, अयोध्या नगर, भोपाल 462041

श्रीमान पीठासीन अधिकारी के समक्ष OA No.973 ऑफ 2025 दिनांक 18/08/2025 को सूचीबद्ध किया गया।
यह कि माननीय अधिकरण द्वारा, ऐक्ट की धारा 19 (4) अंतर्गत, यह सम्मन/नोटिस, उपरोक्त ओ.ए. जिसकी प्रति मय दस्तावेजों के साथ संलग्न है, जो आपके विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया है आपके द्वारा लिए गए कर्जों में दिनांक 10.05.2025 तक बकाया रुपये 20,12,199.00 (बीस लाख, बारह हजार एवं एक सौ निन्यानबे रुपए केवल) की वसूली हेतु प्रेषित है, जिस पर उपरोक्त राशि पर दिनांक 11.05.2025 से ऋण की पूर्ण वसूली होने तक ब्याज, दांडिक ब्याज एवं खर्चे देय होंगे।
यह कि ऐक्ट कि धारा 19 कि उप धारा (4) के अनुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि :
सम्मन कि तामिली के 30 दिनों के भीतर कारण बताए कि आवेदक को मांगी गई राहत क्यों ना प्रदान की जाए।
ii) टेबल 3A में दर्शाई संपतियों एवं assets के अतिरिक्त उन सभी संपतियों एवं assets का विवरण प्रस्तुत करें जो कि प्रतिवादीगणों से संबंधित हों।
iii) आपको प्रतिबंधित किया जाता है कि आप आवेदन की सुनवाई एवं निपटान लंबित होने तक सुरक्षित परिसंपतियों (Secured Assets) एवं अन्य परिसंपतियों जो कि आवेदन के क्रम 3A टेबल में दर्शाई गई है, का कोई लेनदेन या बेचे नहीं।
iv) यह कि आप अधिकरण कि अनुमति/अनुमोदन के बिना उन संपतियों जिन पर सुरक्षा हित (Security Interest) बनाए गए है और / या मूल आवेदन के पेर 3A के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई अन्य संपतियों / परिसंपतियों बिक्री / पट्टे या अन्य माध्यम से (सामान्य व्यवसायिक कार्यों के अलावा) हस्तांतरित नहीं करेंगे।
v) यह कि आप व्यवसाय में सामान्य क्रम बेची गए सुरक्षित परिसंपतियों (Secured Assets) एवं अन्य परिसंपतियों की राशि, आवेदक बैंक जिसके सुरक्षा हित उत्पन्न हुए है, के खाते में जमा करने हेतु बाध्य होंगे।
आपको निर्देशित किया जाता है कि अपना जवाब, आवेदक को कॉपी देते हुए प्रस्तुत करें एवं माननीय अधिकरण के सम्मुख दिनांक 17.02.2027 को प्रातः 10.30 बजे उपस्थित होये, पालन ना किए जाने पर आवेदन पर सुनवाई कि जाकर निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
दिनांक 07/09/2026 को अधिकरण की सील एवं मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी।
सील
अधिकृत अधिकारी - ऋण वसूली अधिकारी







नाम परिवर्तन

मैं प्रदीप नेमा आयु व्यस्क निवासी-एच-15, मिनाल इन्क्लेव, गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल मेरे पुत्र को जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण बी-2024:23-90235-009642 दिनांक 29.04.2024 है। जिसमें पुत्र का नाम वेदांश नेमा (VEDANSH NEMA) है जिसे में बदलकर नया नाम आर्यमन नेमा (ARYAMAN NEMA) रखना चाहता हूँ। भविष्य में मेरे पुत्र को नये नाम आर्यमन नेमा से जाना व पहचाना जाये।

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यवस्थापक

शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

	स	ला	म	त		म	हा	व	र	
का	म		ही	र		म	सि		थ	ल
की		शा	न		वं		ल	ब		क्ष
		य		म	हा	न		र		
	फ	र	मा	न		र	स	खा	न	
का	की		ल				न		र	ति
	र	नि	वा	स		ह	म	द	म	
		य		र	ज	क		स्त		
जा		म	जा		हां		श	क		का
न	शा		य	म		पा	प		सा	या
	म	हा	का	ल		ल	थ	प	थ	

सूडोकु नवताल- 6395

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6394 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

8 जन विश्वास अभियान के दौरान समस्त अधिकारी ...



10 पान से लगाया माता रानी को सिंदूर, खप्पर से की धूप...



नए निगम आयुक्त अहिरवार ने संभाली कमान, जनसुविधाओं और सफाई व्यवस्था पर रहेगा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रामप्रकाश ने अटल भवन स्थित निगम मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर शहर के विकास कार्यों की जानकारी ली

नगर निगम की जिम्मेदारी संभालते ही नवागत आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर की सफाई, जलापूर्ति, सीवेज और जनसुविधाओं से जुड़े कामों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को अटल भवन स्थित निगम मुख्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर उन्होंने विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं और आम नागरिकों से जुड़े कार्यों को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए।

अधिकारियों को समन्वय से काम करने और समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव देने को भी कहा गया।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद घाटों की सफाई और जलाशयों को स्वच्छ बनाने पर भी फोकस | अधिकारियों को आपसी समन्वय से पारदर्शिता के साथ काम करने के निर्देश

आगामी नगर परिषद की बैठक, सफाई से लेकर जलापूर्ति तक की समीक्षा की



प्रेस वार्ता को संबोधित करते नवागत नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार।

निगम आयुक्त ने बैठक में स्वच्छता, कचरा निष्पादन, जलापूर्ति, सीवेज व्यवस्था और अमृत-2.0 योजना सहित विभिन्न कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में साफ-सफाई तय समय के अनुसार कराई जाए और कचरे का निष्पादन निर्धारित मानकों के अनुरूप हो। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी के साथ काम करें। इसके अलावा आगामी नगर निगम परिषद की बैठक की तैयारियों और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

समन्वय से पूरे करें काम

आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि शासन की योजनाओं और नागरिकों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। सभी अधिकारी आपसी सहयोग और समन्वय से काम करें। काम के दौरान आने वाली व्यावहारिक परेशानियों और व्यवस्था में सुधार के सुझाव भी साझा करें, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ट शर्मा, वरुण अवस्थी, अमन मिश्रा, अभिषेक सिंह और वरुण बडेरिया सहित उपायुक्त, मुख्य अभियंता, अधीक्षण यंत्री और निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से हो

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर आयुक्त ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन घाटों पर तैनात अधिकारी व्यवस्था की लगातार निगरानी करें, ताकि प्रतिमाओं का विसर्जन सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से हो सके। विसर्जन कार्य पूरा होने के बाद घाटों से प्रतिमाओं के अवशेष, मिट्टी और गाद को जल्द हटाकर निर्धारित स्थान तक पहुंचाया जाए। उन्होंने जलाशयों की सफाई कराने, जरूरत के अनुसार रसायनों का उपयोग करने और फव्वारे चालू रखने के निर्देश भी दिए, ताकि पानी की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने में मदद मिल सके।

अपर आयुक्त तेम्रवाल नगरीय विकास संचालनालय में पदस्थ, एडीएम पांडे को स्मार्ट सिटी सीईओ बनाया

बुधवार को भोपाल नगर निगम के नए कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार ने पदभार संभाल लिया है। निगम में यहां पहले से पदस्थ अक्षय तेम्रवाल नए कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार से सीनियर थे। जिसके तहत अब उन्हें नगरीय प्रशासन विभाग में अपर आयुक्त बनाया गया है। इधर कलेक्टोरेट में पदस्थ एडीएम सुमित कुमार पांडे को भी कलेक्टोरेट से हटाकर स्मार्ट सिटी भोपाल का सीईओ बना दिया गया है। बुधवार को 3 आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। इसमें नगर निगम भोपाल के नए कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार से सीनियर अफसर और अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग पदस्थ किया है। इसके साथ अभिषेक सराफ 2020 को अक्षय तेम्रवाल की जगह अपर आयुक्त भोपाल पदस्थ किया गया है।



अभिषेक सराफ को अपर आयुक्त भोपाल पदस्थ किया

खबर संक्षेप

राष्ट्रीय एकता दिवस के लिए आज निकलेगी मोटरसाइकिल रैली

भोपाल। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली एकता परेड के तहत 'नशे के विरुद्ध' संदेश के साथ राष्ट्रव्यापी मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश से निकलने वाली मोटरसाइकिल रैली तथा अन्य राज्यों की रैली टीमों का फ्लैग ऑफ पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे, लाल परेड ग्राउंड, भोपाल से किया जाएगा।

पार्षद राजेश हिंगोरानी की जीत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

संतनगर। नगर निगम चुनाव 2022 में भाजपा प्रत्याशी राजेश हिंगोरानी की 26 वोटों से जीत को चुनौती देने वाली कांग्रेस प्रत्याशी माधू चांदवानी की पुनर्मतगणना की मांग को लेकर दायर याचिका को अदालत ने 9 अक्टूबर 2026 को खारिज कर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने आगामी त्यौहारों और सामाजिक मेलों के दौरान कानून व्यवस्था की बेहतर तैयारी रखने के दिए निर्देश

कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प के उपयोग पर लगाएं सख्ती से अंकुश, कोई भी हादसा हुआ तो कलेक्टर-एसपी होंगे जिम्मेदार

त्योहारों में नकली मिलावटी मावा, घी, पनीर और मिष्ठान बिकने नहीं पाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आगामी तीज-त्यौहारों और सामाजिक एवं धार्मिक मेलों के दौरान सभी कलेक्टर्स-एसपी विशेष सावधानी बरतें। यह सुनिश्चित करें कि त्यौहारों के दौरान कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प का उपयोग नहीं हों, क्योंकि लोकल मेड कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प मानवों के लिए बेहद खतरनाक होती हैं।

दीपावली के दौरान पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक लगाएं। कहीं भी और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने पाए। इसके लिए कलेक्टर और एसपी ही जिम्मेदार माने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय से सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और एसपी-आईजी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में राज्य सरकार के विकास कार्यक्रमों के फील्ड में क्रियान्वयन का फीडबैक लिया तथा आगामी तीज-त्यौहारों में कानून-व्यवस्था की बेहतर से बेहतर तैयारी रखने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव गृह संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। वीसी में जिलों के कलेक्टर्स एवं एसपी ने अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी दी।

सीएम ने कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और एसपी-आईजी के साथ वीसी के जरिए की समीक्षा बैठक



कलेक्टर-कमिश्नर की बैठक लेते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व डीजीपी कैलाश मकवाणा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भी किसी भी प्रकार की सामाजिक/साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए, सभी आवश्यक प्रतिबंधात्मक एवं सुरक्षा कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखें। इन स्थानों पर नियमित एवं प्रभावी पेट्रोलिंग की जाए। महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। पटाखों की दुकानों को लायसेंस जारी करते समय सभी जरूरी शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। विक्रेताओं की दुकानों का भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण भी किया जाए। किसी भी स्थान पर विस्फोटक सामग्री का अवैध भंडारण न होने दें।

दीपावली के दौरान संवेदनशील स्थलों पर अग्निशमन वाहनों, एंबुलेंस और अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैंप के उपयोग से होने वाली दुर्घटनाओं एवं संभावित जनहानि के मद्देनजर इनके उपयोग पर सख्ती से रोक लगाएं। दीपावली के दौरान संवेदनशील स्थलों पर अग्निशमन वाहनों, अग्निशमन उपकरणों एवं प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों में चिकित्सकों की ड्यूटी तय कर दी जाए। शहर और कस्बों के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

कार्बाइड गन पहुंचा सकती है बड़ा नुकसान

कार्बाइड गन के उपयोग की प्रक्रिया में पानी के संपर्क में आने पर कैल्शियम कार्बाइड से निकलने वाली एसीटिलीन गैस अत्यधिक ज्वलनशील होती है, जो थोड़ी सी चिंगारी से भी विस्फोट कर सकती है। इस विस्फोट में छोटे-छोटे प्लास्टिक और धातु के कण बाहर निकलकर आँखें, चेहरे और त्वचा को गंभीर रूप से घायल कर देते हैं।

मिलावटखोरी को रोकें

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी सभी तीज-त्यौहारों के दौरान खाद्य सामग्रियों में मिलावटखोरी को सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकली या मिलावटी मावा, घी, पनीर और मिठाइयां न बिकने पाए। विभाग द्वारा बताया गया कि अब तक मिलावटखोरी पाए जाने पर 17 लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 42 प्रकरणों में एफआईआर भी दर्ज की गई है। मिलावट की शंका होने पर खाद्य पदार्थों के नमूनें लेने एवं आवश्यक हो तो खाद्य पदार्थों को जब्त करने की कार्रवाई करें। जिलों में विशेष दल बनाए जाकर खाद्य पदार्थों की मिलावट की रोकथाम संबंधी कार्रवाई निरंतर करते रहें। मिलावट की शंका होने पर खाद्य पदार्थों के सीमित नमूने लें एवं आवश्यक हो तभी खाद्य पदार्थों को जब्त करने की कार्रवाई करें।

हनुमानगंज बाजार से लिए थे नमूने

हल्दी पाउडर में मिला पेस्टीसाइड दो लैब में अनसेफ निकला सैंपल



दुकान से मिठाई के सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

सीजेएम कोर्ट में पेश होगा केस, छह महीने की सजा, पांच लाख जुर्माने का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छह महीने पहले हनुमानगंज बाजार के देव मसाला स्टोर से लिया गया हल्दी पाउडर का सैंपल अनसेफ निकला है। यहां से हल्दी पाउडर की जांच राज्य लेबोरेटरी में कराई गई थी, जहां सैंपल असुरक्षित निकला। इसके बाद पुणे की प्राइवेट लैब में जांच कराई गई, जहां भी सैंपल अनसेफ होने के साथ पेस्टीसाइड की पुष्टि हुई है। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद केस सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां छह महीने की सजा और पांच लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि छह महीने पहले टीम ने हनुमानगंज बाजार के देव मसाला स्टोर से हल्दी का सैंपल लिया गया था। स्टेट लेबोरेटरी से असुरक्षित पाया गया। जिसके बाद दुकान संचालक राहुल उदय ने सैंपल पुणे भेजा था, जहां भी रिपोर्ट में अनसेफ मिला है।

ग्वालियर स्वीट्स से प्रसाद के लिए बासी लड्डू दिए

दो दिन पहले एक महिला ने न्यू मार्केट स्थित ग्वालियर गजक एंड स्वीट्स भंडार से मगज के लड्डू प्रसाद चढ़ाने लिए थे। जब उन्होंने झांकी में लड्डू दिए तो लड्डू में बदबू आ रही थी। शिकायत के आधार पर बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां से बेसन के लड्डू और नमकीन के सैंपल लिए हैं। न्यू मार्केट स्थित आदर्श नमकीन सेंटर से नमकीन सेव और सोयाबीन तेल, सागर जलेबी कॉर्नर से सादा और मावा जलेबी, अग्रवाल प्रोविजन स्टोर से अग्रवाल रिच ड्राई फ्रूट्स और बादाम के सैंपल लिए गए हैं। सैंपल को जांच के लिए राज्य लेबोरेटरी भेजा गया है।

हत्यारे नौकर की तलाश के लिए मुख्यमंत्री से मिले आईएएस

रिटायर्ड आईएएस अग्रवाल की हत्या के मामले में एसआईटी गठित, एआईजी तिवारी को बनाया प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र सौंपते आईएएस अधिकारी।

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित सूरज नगर में फार्म हाउस में रिटायर्ड आईएएस की हत्या करने वाले हत्यारे वरुण की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही है, लेकिन असफलता ही हाथ लगी।

राकेश अग्रवाल की हत्या करने वाले वरुण की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आईएएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया है। इधर पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम जांच और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जांच दल का गठन किया है।

जांच दल का अध्यक्ष सहायक महानिरीक्षक उमेश तिवारी को बनाया है। जांच दल में चार सदस्यों को नियुक्त किया गया है। चंद्रभान सिंह चढ़ार सहायक पुलिस आयुक्त, एसआई ओपी रघुवंशी थाना रातीबड़ और आरक्षक निलेश वर्मा टेक्निल सेल को शामिल किया गया है। जांच दल प्रति सप्ताह प्रकरण में कार्रवाई से जुड़े तथ्य से अवगत कराएगा।

मास्टर प्लान पर आईं तीन हजार आपत्तियां आज 66 गांवों के किसान निकालेंगे पदयात्रा

बड़े तालाब किनारे खेती की जमीन पर नहीं होगा निर्माण, किसानों को आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में 21 साल बाद मास्टर प्लान को जमीन पर उतारने के लिए शुरु की गई कवायद जारी है। जिसके तहत 25 अक्टूबर तक आम लोगों से दावे-आपत्तियां मांगे गए हैं।

अब तक 1938 ऑनलाइन और एक हजार से अधिक ऑफलाइन दावे-आपत्तियों के साथ करीब तीन हजार आपत्तियां पेश की गई हैं। जिनकी सुनवाई के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इधर मास्टर प्लान में बड़े तालाब किनारे की जमीन पर निर्माण को लेकर गुरुवार को 66 गांवों के किसान विरोध में पदयात्रा निकालेंगे।

नए ड्राॅफ्ट को लेकर फंदा के 66 गांवों में विरोध

मास्टर प्लान 2047 के ड्राफ्ट को लेकर फंदा के 66 गांवों में विरोध बना हुआ है। किसानों का आरोप है कि नए ड्राफ्ट के लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों के किसान बड़ी संख्या में भूमिहीन हो जाएंगे। अपनी आपत्तियों और मांगों को लेकर 22 अक्टूबर को 66 गांवों के किसान ग्राम मुगालिया छाप से पदयात्रा निकालकर संयुक्त संचालक नगर ग्राम निवेश कार्यालय भोपाल तक पहुंचेंगे। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल का कहना है कि सरकार ने मास्टर प्लान का ड्राफ्ट तैयार करते समय ग्राम पंचायतों और ग्राम सभाओं से सहमति नहीं ली है। किसानों की मांग है कि प्रभावित 66 ग्राम पंचायतों में पहले ग्राम सभा कराकर उनकी संवैधानिक सहमति ली जाए।

जमीनों के लैंडयूज बदलाव पर विरोध

किसानों का कहना है कि पहली बार उनकी निजी खेती की जमीन को रिवरफ्रंट, फॉरेस्ट, ग्रीन बेल्ट और भोजताल संरक्षण जोन जैसी आरक्षित कैटगरी में शामिल किया जा रहा है। इससे पहले 1995 और 2031 के मास्टर प्लान में यह जमीन कृषि श्रेणी में ही थी। किसानों की मांग है कि जमीन का लैंडयूज कृषि ही रहने दिया जाए। जिससे किसान अपना जीवन व्यापन कर सके।

एक हफ्ते में 15 से ज्यादा लोगों को शिकार बनाया

चार जगहों पर काटा नूरमहल की लाल मस्जिद क्षेत्र की घटना

स्ट्रीट डॉग ने आठ साल के बच्चे को घर में घुसकर नोंचा, कराना पड़ी चेहरे की सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहजहांनाबाद स्थित नूर महल लाल मस्जिद रोड पर स्ट्रीट डॉग ने 8 साल के बच्चे इब्राहिम का मुंह नोंच लिया। बच्चे को चेहरे पर चार जगह काटा है, जिससे उसकी सर्जरी करना पड़ी। बच्चा पिछले 5 दिनों से हमीदिया अस्पताल में भर्ती है। इस क्षेत्र में पिछले एक हफ्ते के दौरान 15 से ज्यादा लोगों को शिकार बनाया है।

इब्राहिम के मामा फैजान ने बताया कि 16 अक्टूबर को एक स्ट्रीट डॉग ने इब्राहिम को घर में घुसकर काट लिया था। इसके बाद उसके चेहरे पर गंभीर घाव हो गए थे। जिसके बाद उसे हमीदिया अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी सर्जरी की गई। परिजनों ने बताया कि पांच दिन से बच्चे की हालत गंभीर है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

शिकायत के बाद भी नहीं आई नगर निगम की टीम

पांच दिन से बच्चे की हालत गंभीर हमीदिया अस्पताल में चल रहा इलाज



घायल मासूम इब्राहिम

फैजान ने बताया कि इलाके में कुत्तों से बहुत परेशानी है। सुबह नमाज के लिए जब घर से मस्जिद जाते हैं तो कुत्ते पीछे पड़ जाते हैं। जिसकी शिकायत पार्षद साद और निगम कर्मचारियों से की थी, लेकिन स्ट्रीट डॉग को नहीं हटाया गया है।

झुंड में 50 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग, लोगों में दहशत का माहौल

रहवासी इब्राहिम दाऊदी ने बताया कि इलाके में स्ट्रीट डॉग का झुंड घूम रहा है। इनकी संख्या 50 से ज्यादा है। इलाके में घूमने वाले डॉग्स अब तक करीब 15 लोगों को निशाना बना चुके हैं। इलाके के लोगों ने उत्तर विधायक आतिफ अकील के साथ वार्ड के पार्षद और निगम अधिकारियों से शिकायत की है।

कटारा हिल्स स्थित छात्रावास का मामला

खाने में निकलते हैं कीड़े, छात्राओं ने किया विरोध-प्रदर्शन व नारेबाजी



गुणवत्तापूर्ण भोजन और पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित छात्रावास में भोजन और पेयजल की गुणवत्ता को लेकर बुधवार को छात्राओं द्वारा प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्राओं ने छात्रावास की व्यवस्थाओं और भोजन की गुणवत्ता को लेकर गंभीर आरोप लगाए। छात्राओं का कहना है कि भोजन में कीड़े निकलने की शिकायतें आने के साथ ही वाटर कूलर एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था में कमी से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं ने प्रशासन से समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

मुख्यमंत्री अब किसी भी जिले में आकस्मिक रूप से पहुंचकर जन विश्वास अभियान में होंगे शामिल

जन विश्वास अभियान के दौरान समस्त अधिकारी फील्ड में रहकर जन समस्याओं का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रारंभ किया गया अभियान है। सरकार की प्राथमिकता वाले इस अभियान में सभी अधिकारियों को फील्ड में जाना ही है।

सभी अधिकारी इस दिन फील्ड में रहकर अधिकतम जनसमस्याओं को मौके पर ही निराकृत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वे बिना कोई सूचना दिए आकस्मिक रूप से किसी भी जिले में उतरकर वहां जन विश्वास अभियान में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कलेक्टर्स-कमिश्नर्स, एसपी-आईजी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव गृह संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

- मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान सरकार की प्राथमिकता, सभी दिखें फील्ड में
- मुख्यमंत्री ने कलेक्टर-कमिश्नर्स, एसपी-आईजी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



कलेक्टर्स-कमिश्नर्स से वीसी के जरिए बैठक करते सीएम।

कुछ कलेक्टर इसमें गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन जिलों में जनसमस्याओं की लंबित स्थिति बनी हुई है, वे कलेक्टर्स विशेष प्रयास कर लंबित प्रकरणों को न्यूनतम स्थिति में लेकर आएं। समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में ऐसा देखा जा रहा है कि कुछ कलेक्टर इसमें पूरी गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे हैं। यह बेहद आपत्तिजनक है। कलेक्टर्स मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में अपने प्रदर्शन में तत्काल सुधार लाएं।

वास्तविक वर्षा 908.4 मिमी

मप्र में सामान्य वर्षा 949 मिमी है, जबकि इस साल वास्तविक वर्षा 908.4 मिलीमीटर हुई है। इसमें 4% का अंतर है। प्रदेश के 34 जिलों में इस वर्ष सामान्य वर्षा हुई है। प्रदेश के 12 जिलों क्रमशः आलीराजपुर, धार, झाबुआ, रतलाम, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, इंदौर, उज्जैन, पांढुर्णा, शाजापुर, छिंदवाड़ा में सामान्य वर्षा से 19 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है।

बेहतर कार्य नहीं करने वालों के विरुद्ध जताई नाराजगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शून्य प्रगति वाले हल्कों की जानकारी मिलने पर रीवा, शहडोल एवं धार जिला कलेक्टर को तत्काल प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य सचिव बर्णवाल ने स्वामित्व योजना में न्यूनतम प्रगति वाले 10 जिलों के कलेक्टर्स पर सख्त नाराजगी व्यक्त कर फौरन सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन पटवारी हलकों में काम शुरू नहीं हुआ है, वहां तत्काल काम प्रारंभ कराएं।

स्वामित्व योजना में अब तक 1 लाख 60 हजार से अधिक रजिस्ट्रियां

भोपाल। मप्र में स्वामित्व योजना में ग्रामीणों को उनकी संपत्ति के स्वामित्व संबंधी वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है। सभी 55 जिलों में अब तक कुल 1 लाख 60 हजार 230 रजिस्ट्रियां पूर्ण की जा चुकी हैं। योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी भूमि पर स्थित मकानों एवं भूखंडों के स्वामित्व संबंधी अभिलेख तैयार कर पात्र हितग्राहियों को उनकी संपत्ति पर अधिकार का प्रमाण पत्र सौंपा जा रहा है। सभी 55 जिलों में ग्रामीणों को स्वामित्व के वैधानिक दस्तावेज प्रदान किए जा रहे है। स्वामित्व योजना में अब तक छिंदवाड़ा जिला 8,530 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर प्रदेश मे शीर्ष पर है। इसके बाद रीवा में 7,563, सागर में 7,289, राजगढ़ में 6,285, छतरपुर में 6,128, नरसिंहपुर में 6,042, सतना में 5,620, शिवपुरी में 5,131, विदिशा में 4,850, सिवनी में 4,736, जबलपुर में 4,269 और ग्वालियर में 3,925 रजिस्ट्रियां पूर्ण हो चुकी हैं। बैतूल में 3,864, मंदसौर में 3,831, मंडला में 3,636, नर्मदापुरम में 3,624, सीहोर में 3,534, रायसेन में 3,159, कटनी में 2,971, बालाघाट में 2,913, गुना में 2,883, नीमच में 2,786, धार में 2,777, उज्जैन में 2,725, मैहर में 2,634, डिंडोरी में 2,534, मुरैना में 2,521, खंडवा में 2,370, श्योपुर में 2,354, बड़वानी में 2,339, टीकमगढ़ में 2,321, हरदा में 2,237, शाजापुर में 2,012, देवास में 1,987 आगर-मालवा में 1,755 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं।

राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह-2026 में शामिल हुए सीएम, कहा

राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहूति देने वाले वीर जवानों को बारम्बार नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 अक्टूबर को भोपाल के लाल परेड मैदान पहुंचे। वे यहां के शहीद स्मारक प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह-2026 में शामिल हुए। उन्होंने यहां परेड की सलामी ली और सम्मान सूची प्राप्त की। इसके साथ ही, उन्होंने शहीद वेदी पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्राणों का बलिदान देने वाले पुलिस के 9 अधिकारियों-कर्मचारियों को नमन किया।

कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल की महिला-पुरुष प्लाटून, होमगार्ड प्लाटून, पाल-बेयरर पार्टी, कलर पार्टी, पुलिस बैंड, अश्वारोही दल और श्वान दल की टुकड़ियों ने भाग लिया। पुलिस बैंड की देशभक्ति से ओतप्रोत धुनों के बीच शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 21 अक्टूबर 1959 के ऐतिहासिक बलिदान को स्मरण करते हुए आज पूरा देश पुलिस स्मृति दिवस मनाता है। पुलिस और सशस्त्र बलों का हमारे इतिहास में विशेष महत्व रहा है।

खास बातें

- प्रधानमंत्री मोदी गृह मंत्री शाह के नेतृत्व में हुआ नक्सलवाद का खात्मा
- भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



राज्य स्तरीय पुलिस स्मृति दिवस परेड समारोह में शामिल मुख्यमंत्री।

पुलिस ने उखाड़ फेंका नक्सलवाद

सीएम ने कहा कि यह हमारे लिए और भी अधिक गौरव का क्षण है कि हमारा प्रदेश लगभग 35 वर्षों से नक्सलवाद के जिस दंश को झेल रह था, उससे अब बाहर निकलने में सफल हुआ है। यह एक कठिन दौर था, जिसमें अनेक चुनौतियां थीं। लेकिन, हमारे जांबाज जवानों ने अपने अदम्य साहस, शौर्य और समर्पण से प्रदेश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में हमारे प्रदेश ने नक्सलवाद जैसी गंभीर चुनौती का न केवल सफलतापूर्वक सामना किया, बल्कि उस पर विजय प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

देश के लिए अहम है पुलिस की भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र की सुरक्षा, शांति और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में हमारे पुलिस बल और सशस्त्र बलों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। लाल चौक से लेकर लाल किले की प्राचीर तक लहराता तिरंगा आज पूरे देश और दुनिया के सामने भारत के स्वाभिमान, सामर्थ्य और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यह ध्वज हमारे वीर जवानों, उनके अदम्य को भी अभिव्यक्त करता है। आज जब पूरी दुनिया उथल-पुथल और अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत का लोकतंत्र सुरक्षित और सशक्त है।

जवानों ने बढ़ाई पुलिस की साख



कार्यक्रम में शहीद जवानों के परिजन भी शामिल हुए।

सीएम ने कहा कि मैं सभी अमर शहीदों को नमन करता हूं और सभी पुलिसकर्मियों एवं सशस्त्र बलों के जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। अत्यंत महत्वपूर्ण की ऐसी घोषणाएं हमने की है, जो कि हमारे पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाती है। इस राशि का 50% शहीद की पत्नी और शेष 50 प्रतिशत राशि उनके माता-पिता को देने का निर्णय लिया गया। पुलिस के जवानों ने अपनी दक्षता के बल पर मध्यप्रदेश की साख बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

गौरवशाली है एमपी पुलिस का इतिहास

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि आज हम कर्तव्य निर्वाहन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान करने वाले वीर पुलिसकर्मियों का स्मरण कर रहे हैं। हमारे सैनिकों ने देश और प्रदेश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए बलिदान दिया है। मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है। कश्मीर से तमिलनाडु और गोवा से नागालैंड तक मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने सेवाएं दी हैं। इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के 9 पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है। हमारी संवेदनाएं सभी शहीदों के परिवार जनों के साथ हैं। ये परिवार हमारे पुलिस परिवार का हिस्सा हैं और इनका ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

निवेश की संभावनाओं का अवसर

सीएम आज इंडिया केम 2026 के उद्घाटन सत्र में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 22 अक्टूबर को मुंबई में होने वाले तीन दिवसीय इंडिया केम 2026 के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे। भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 14वें द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में रसायन और पेट्रोकेमिकल उद्योग से जुड़े प्रमुख उद्योगपति, निवेशक, विशेषज्ञ और नीति निर्माता शामिल होंगे। इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सीएम मप्र में उपलब्ध निवेश के अवसरों को निवेशकों से साझा करेंगे। वे इंडिया केम के पहले दिन उद्घाटन सत्र के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन, मुख्य कार्यपालक अधिकारियों का फोरम और कारोबारी नेटवर्किंग के कार्यक्रम होंगे। सम्मेलन में भारत-अमेरिका, भारत-जापान तथा भारत-यूरोपीय संघ के रसायन एवं पेट्रोकेमिकल फोरम आयोजित किए जाएंगे।

विशेष रसायन से लेकर औद्योगिक अधोसंरचना तक पर चर्चा

सम्मेलन के दूसरे दिन, 23 अक्टूबर को विशेष रसायन, पेट्रोकेमिकल, रसायन एवं पेट्रोकेमिकल उद्योग के लिए अधोसंरचना, पर्यावरणीय विषयों, संयंत्र एवं मशीनरी, पंप और वाल्व तथा कृषि रसायन पर केंद्रित परिचर्चाएं होंगी। इन सत्रों में उद्योगों की जरूरतों, उत्पादन प्रक्रियाओं, तकनीकी सुधार और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। तीसरे दिन, 24 अक्टूबर को भी प्रदर्शनी जारी रहेगी। तीनों दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को क्षेत्र की नई संभावनाओं और व्यावसायिक सहयोग के अवसरों पर संवाद का अवसर मिलेगा।

औद्योगिक निवेश की संभावनाओं पर रहेगा जोर

रसायन एवं पेट्रोकेमिकल उद्योग विनिर्माण, औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला और सहायक उद्योगों के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस क्षेत्र में निवेश बढ़ने से उत्पादन गतिविधियों के विस्तार और रोजगार के नए अवसरों की संभावनाएं भी बनती हैं। इंडिया केम-2026 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद मध्यप्रदेश में रसायन एवं पेट्रोकेमिकल क्षेत्र से संबंधित निवेश अवसरों को सामने रखने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में हुई बैठक

पात्र व छूटे मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने करें मदद



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बुधवार को निर्वाचन सदन, भोपाल में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में बैठक की। बैठक में उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम की निर्धारित समय-सारिणी की जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों से पात्र एवं छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोग करने की अपील की।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मप्र में युवा एवं अन्य पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के उद्देश्य से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव, राजेश यादव, वीरेंद्र सिंह तथा आप, बसपा, भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी तथा कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

कुल प्रदेश में 5.45 करोड़ से अधिक मतदाता

बैठक में बताया गया कि 21 अक्टूबर 2026 की स्थिति में मध्यप्रदेश की मतदाता सूची में कुल 5 करोड़ 45 लाख 54 हजार 655 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 2 करोड़ 81 लाख 71 हजार 989 पुरुष और 2 करोड़ 63 लाख 81 हजार 740 महिला तथा 926 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित न रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की प्रमुख तिथियां

- 82 नवंबर 2026 तक- मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण।
- 812 नवंबर 2026- प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन। की अवधि।
- 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर 2026- विशेष अभियान।
- 28 दिसंबर 2026 तक -दावे एवं आपत्तियों का निराकरण।
- 4 जनवरी 2027 - अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन।

भारतीय उच्चायुक्त ने किया उद्घाटन

'आईटीबी एशिया 2026' में मप्र पवेलियन बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेले 'आईटीबी एशिया 2026' में मप्र पवेलियन देश-विदेश के प्रतिनिधियों के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पका अंबुले ने सिंगापुर के मरीना बे सैंड्स स्थित सैंड्स एक्सपो एंड कन्वेंशन सेंटर में मप्र पवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पर्यटन सचिव एवं मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी., विभागीय अधिकारी तथा वैश्विक पर्यटन उद्योग के प्रमुख स्टैकहोडर्स उपस्थित रहे।

मप्र पवेलियन को राज्य की समृद्ध विरासत, संस्कृति, प्रचुर वन्यजीव, आध्यात्म, वेलनेस और सतत पर्यटन (सस्टेनेबल टूरिज्म) की थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया है। यहां आने वाले अंतर्राष्ट्रीय आगंतुक वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीक के जरिए मध्यप्रदेश के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का जीवंत अनुभव ले रहे हैं।

पर्यटन मेला 23 अक्टूबर तक चलेगा

यह तीन दिवसीय प्रतिष्ठित पर्यटन मेला 23 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की टीम सिंगापुर और दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रमुख टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स और निवेशकों के साथ लगातार बिजनेस-टू-बिजनेस (बी टू बी) बैठकें कर रही है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय यात्रा पैकेजों और आईटिनरेरी में मप्र के पर्यटन स्थलों को प्रमुखता से शामिल कराना और राज्य में पर्यटन निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

शहरी क्षेत्रों में पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

विजयादशमी पर 3,615 परिवारों को मिली पक्के मकान की सौगात, किया गृह-प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार के निरंतर प्रयासों और प्रतिबद्धता के फलस्वरूप विजयादशमी के अवसर पर प्रदेश के 3,615 शहरी परिवारों को उनके स्वयं के पक्के मकान की सौगात मिली है। 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी' के तहत राज्य शासन के कुशल नेतृत्व में जुलाई से 18 अक्टूबर की अवधि में इंदौर संभाग में 964, जबलपुर संभाग में 565, सागर संभाग में 534, उज्जैन संभाग में 547, भोपाल संभाग में 464, ग्वालियर संभाग में 208, नर्मदापुरम संभाग में 177, रीवा संभाग में 104, चंबल संभाग में 32, शहडोल संभाग में 20 के साथ कुल 3,615 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, जिनमें हितग्राहियों का विधि-विधान से गृह-प्रवेश कराया गया। पावन पर्व के विशेष अवसर पर अपने सपनों का घर मिलने से हितग्राही परिवारों में अत्यंत हर्ष का वातावरण रहा। यह उपलब्धि प्रदेश में राज्य सरकार की ओर से योजना के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का ही परिणाम है।



प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत मकान की चाबी सौंपते पदाधिकारी।

सफलता की कहानी

राज्य शासन शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद नागरिकों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से आवास निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ गति दे रही है। निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा और गुणवत्ता का ध्यान रखे जाने से ही यह लक्ष्य हासिल हो सका है। राज्य सरकार की इस जन-कल्याणकारी पहल से हितग्राहियों को पक्की छत के साथ-साथ नल-जल, बिजली और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। दशहरे के शुभ अवसर पर सम्पन्न हुआ यह गृह-प्रवेश कार्यक्रम हितग्राहियों के जीवन में सुरक्षा, स्थायित्व और सामाजिक सशक्तीकरण लाने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार की एक और महत्वपूर्ण सफलता है।

कहा, जहां साइकिल जाने तक पर प्रतिबंध था, वहां कैसे पहुंच गया ट्रक

पटवारी ने शीतला मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ग्वालियर में शीतला माता मंदिर हादसे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस स्थान पर साइकिल ले जाने तक पर प्रतिबंध था, वहां ट्रक कैसे पहुंच गया? जब मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, तो उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन ने क्या इंतजाम किए थे? क्या सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी नहीं की जा रही थी? इस गंभीर चूक की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? पटवारी बुधवार को ग्वालियर पहुंचे और हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ उन्होंने सड़क हादसे में घायल लोगों से रिम्स हॉस्पिटल पहुंचकर मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उनके उपचार की जानकारी ली।



हादसे में घायल परिजनों से हालचाल पूछते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी।

घटनाओं पर जवाबदेही तय होना चाहिए

पटवारी ने कहा कि प्रदेश में लगातार ऐसी दर्दनाक घटनाएं सामने आ रही हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जान जा रही है। इन घटनाओं के बाद सरकार और प्रशासन की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हादसे में कई लोगों की जान चली गई और अनेक परिवारों aको अपूरणीय क्षति उठानी पड़ी। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई की गई और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। पटवारी ने कहा कि हादसे में घायल लोग चार-चार घंटे तक इलाज के लिए इंतजार करते रहे। संकट की घड़ी में घायलों को समय पर उपचार मिलना चाहिए, लेकिन यदि लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़े, तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर की जाए कार्रवाई

पटवारी ने कहा कि पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताना पर्याप्त नहीं है। सरकार को घायलों के बेहतर उपचार, प्रभावित परिवारों को उचित सहायता और हादसे की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता को सुरक्षित वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और संकट के समय तत्काल सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। हर घटना के बाद सवाल उठते हैं, लेकिन जनता यह जानना चाहती है कि जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई कब होगी।

युवक के छोटे भाई से हुआ था विवाद, पहले सिर पर मारा चाकू, फिर गले पर किया हमला

शादी में डांस करते समय गाने को लेकर हुआ विवाद, दो सगे भाइयों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला, फरार आरोपियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित अटल अय्यूब नगर में मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात शादी समारोह में डांस-गाने को लेकर हुए विवाद के चलते दो सगे भाइयों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। सिर में गहरी चोट लगने से दुल्हन का फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर घटना के बाद से फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कबीटपुरा थाना टीला जमालपुरा निवासी अमन खान (22) प्राइवेट काम करता है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अटल अय्यूब नगर में अमन की फुफेरी बहन की शादी का कार्यक्रम चल रहा था।

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित अटल अय्यूब नगर में आरोपियों ने की वारदात



फुफेरी बहन की शादी का कार्यक्रम चल रहा था, विवाद के बाद चले गए थे आरोपी, फिर लौटे

एक आरोपी ने हाथ पकड़ा, दूसरे ने चाकू से गले पर किया हमला

अमन के छोटे भाई इरफान का डांस-गाने को लेकर दानिश नामक युवक से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मौके पर मौजूद लोगों ने समझा-बुझाकर मामला शांत कर दिया। दानिश अपने भाई हारिश के साथ वहां से चला गया। लेकिन थोड़ी देर बाद दोनों भाई वापस लौटे और अमन के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। उसी दौरान हारिश ने जेब से चाकू निकाल लिया। पुलिस का कहना है कि झगड़े के दौरान दानिश ने अमन के दोनों हाथ पकड़ लिए और हारिस ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पहला वार सिर पर लगते ही अमन लहूलुहान हो गया। हारिश ने दूसरा वार उसकी गर्दन पर करना चाहा लेकिन किसी तरह अमन पीछे हर गया।

भाई की पिटाई का बदला लेने यूट्यूबर पर चाकू से जानलेवा हमला

शादी में डांस के दौरान हुआ था विवाद, रात में घर लौटते समय दो युवकों ने घेरकर पीटा

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित शादी में डांस के दौरान हुए विवाद के बाद दो युवकों ने यूट्यूबर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों में से एक अपने भाई की पिटाई को लेकर युवक से नाराज था। इसी बात पर उसने साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कायस्थपुरा, पुराना कबाड़खाना निवासी आकाश उर्फ पवन सेन पिता सत्यनारायण सेन (35) पेशे से यूट्यूबर है। मंगलवार रात वह पीरगेट स्थित भंडारे में प्रसादी लेने गया था। रात करीब डेढ़ बजे पैदल घर लौटते समय पुराना कबाड़खाना में एक टेंट हाउस के पास मोहल्ले में रहने वाले अक्षय और अंकित यादव ने उसे रोक लिया। अक्षय ने अपने भाई की पिटाई को लेकर आकाश से विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एएसआई दुलीचंद साहू ने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में अक्षय और अंकित के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

खबर संक्षेप

बिजली चोरी पर 15 प्रकरण दर्ज किए

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया राशि के कारण विच्छेदित विद्युत कनेक्शनों को अवैध रूप से पुनः जोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। रायसेन जिले के बरेली एवं औबेदुल्लागंज संभाग में चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान 15 व्यक्तियों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

मानस मंडल ने दी भजनों की प्रस्तुति



औबेदुल्लागंज। मंगलवार को दशहरा मैदान पर हिंदू उत्सव समिति के मंच पर रात 7:15 बजे मानस मंडल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मानस मंडल के सदस्य संतोष गुप्ता, पंकज शर्मा, अरविंद राय, संदीप महेश्वरी, सुरेश काका, अनिल नागर, तेज सिंह नागर, गोपाल भाई ढोलक मास्टर रामकिशोर साहू, दिलीप मेघानी, अंशुल जैन आदि उपस्थित रहे।

आरोपी का जुलूस निकाल कोर्ट में किया गया पेश

भोपाल। हबीबगंज थाना प्रांगण में मंगलवार शाम सांई बाबा नगर इलाके के निगरानी बदमाश अभिषेक राय उर्फ लड्डू के थाने के सामने जमकर गदर मचाने के मामले में पुलिस ने बदमाश पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने और शासकीय सेवक से मारपीट करने की धाराओं में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। बुधवार को उसका जुलूस निकालकर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

शुभांक

कल्याणः	0538		
दिनः	135	95	140
रातः	145	01	579
ताराः			
दिनः	348	51	137
रातः	180	93	238

बिलखिरिया में झागरिया गांव के पास हुआ हादसा, युवक के सीने, चेहरे और हाथों में आई थी गंभीर चोटें

पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से निजी विश्वविद्यालय के कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित झागरिया गांव के पास में रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक उछलकर दूर जा गिरा। उसे सीने, चेहरे और हाथों में गंभीर चोटें आई थी। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए ले गया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम महोली भानपुर थाना छोला मंदिर, निवासी प्रदीप सोनी पिता शिवप्रकाश सोनी (24) निजी विश्वविद्यालय में नौकरी करते थे। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह बाइक से ड्यूटी जा रहा था। इसी दौरान झागरिया के पास मुख्य सड़क पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए प्रदीप सोनी की बाइक टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से वह उछलकर दूर जा गिरे। सीने, चेहरे और हाथों में आई गंभीर चोटों के कारण फौरन उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।

युवक मंगलवार सुबह करीब नौ बजे बाइक से विश्वविद्यालय में ड्यूटी के लिए जा रहा था



करंट से झुलसे 13 साल के किशोर की मौत

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नाथू बरखेड़ा में 13 साल के किशोर घर में करंट से झुलस गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कृष्णा पिता खजान सिंह (13) नाथू बरखेड़ा में रहता था। वह कक्षा छठवीं में पढ़ता था। गत 6 अक्टूबर की दोपहर उसे घर में करंट लग गया। करंट से झुलसने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए थे। वहां इलाज के दौरान बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई।

रेपिडो चालक ने लगाई फांसी

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित शिवाजी नगर झुग्गी में रेपिडो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रोहित वर्मा पिता देवदास वर्मा (29) शिवाजी नगर झुग्गी में रहता था और रेपिडो चलाता था। इसके अलावा दिन में चाय भी बेतचा था। सोमवार रात उसने खाना खाया और अपने कमरे में सो गया। मंगलवार सुबह मां उसे देखने कमरे पर पहुंची तो उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन से पूछताछ में पता चला कि वह नशे में आत्महत्या करने की बात करता था।

शादी के छह महीने बाद ही नव विवाहिता ने पेट्रोल छिड़कर खुद को लगाई आग

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। किसी तरह पति ने आग पर काबू किया। इस दौरान पत्नी गंभीर रूप से झुलस गई थी। पति उसे प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां से हमीदिया रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल में दो दिन चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार देपाली प्रजापति पति रोहित कुशवाह (20) मूलतः छिंदवाड़ा जिले की रहने वाली थी। करीब छह महीने पहले ही उसने पूजा कॉलोनी, करोंद निवासी रोहित कुशवाह से प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। दोनों यहां किराए के मकान में रहते थे। गत 18 अक्टूबर की रात दंपती बायपास स्थित प्रिंस ढाबा के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान दंपती में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर देपाली प्रजापति ने अपने पास रखी पेट्रोल की बोतल निकाली और खुद पर छिड़कर आग लगा ली।

पुलिस कर रही जांच बयान में बोली गुस्से में उठाया कदम

मरने से पहले हो चुके हैं बयान

पुलिस ने बताया कि अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने देपाली से पूछताछ की थी। पूछताछ में उसने बताया कि गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया था। हालांकि पति पर उसने कोई गंभीर आरोप नहीं लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर लिया गया है। मायके पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे। साथ ही रोहित के बयान भी दर्ज होंगे।

30 अक्टूबर को होगी राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता

औबेदुल्लागंज। नगर के हेलीपैड मैदान पर शुक्रवार, 30 अक्टूबर को राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भजन प्रतियोगिता समिति औबेदुल्लागंज के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिमय माहौल बनाएंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 71 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपए और तृतीय पुरस्कार 41 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा चतुर्थ पुरस्कार 31 हजार रुपए, पंचम 25 हजार रुपए, षष्ठम 21 हजार रुपए, सप्तम 15 हजार रुपए, अष्टम 11 हजार रुपए और नवम पुरस्कार 11 हजार रुपए रखा गया है। वहीं तीन सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक विजेता को 10 हजार रुपए की राशि मिलेगी। आयोजक समिति ने भजन प्रेमियों और धर्मप्रेमी नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है। संजय सिंह चौहान, पर्वत सिंह राजपूत एवं राजाराम यादव, राजेंद्र नागर, दशरथ सिंह राजपूत, सुमित पचौरी आदि ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। भजन प्रतियोगिता का लाभ लें।

एम्स पहुंचे सीएम डॉ. मोहन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत घायल भक्तों से मिले



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को भोपाल एम्स पहुंचकर राजस्थान में हुए सड़क हादसे में बैतूल के घायल श्रद्धालुओं और ग्वालियर के शीतला माता मंदिर में हुए हादसे में घायलों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने डॉक्टरों से चर्चा कर इलाज की जानकारी ली और बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने दी भारतीय जनसंघ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ओर से स्थापित एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन से पुष्ट भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक की 75 वर्षों की अनवरत वैचारिक यात्रा आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। राष्ट्र प्रथम और जनसेवा के आदर्श लिए यह गौरवशाली यात्रा कोटि-कोटि समर्पित देशभक्तों की प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय जनसंघ के स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपील करते हुए कहा कि आइए, इस वैचारिक विरासत से प्रेरणा लेकर विकसित भारत के निर्माण एवं अंत्योदय के संकल्प को साकार करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और दृढ़ करें।

शासन स्तर से जारी निर्देशों का पालन नहीं होने से हुई देरी, शिक्षक-कर्मचारी हो रहे परेशान

बीईओ की देरी से अटका शिक्षकों-कर्मचारियों का एरियर, डीईओ को देने पड़े अलग से निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में स्कूल शिक्षा व्यवस्था में लेटलतीफी के मामले आए दिन सामने आते हैं। यही स्थिति शिक्षकों-कर्मचारियों के मिलने वाले मंहगाई भत्ता एरियर राशि के भुगतान में बनी हुई है। जिले में अब तक एरियर का भुगतान नहीं हो सका है। ऐसे में शिक्षक-कर्मचारी हो रहे परेशान हो रहे हैं। शिक्षक-कर्मचारी संगठनों ने विकासखंड स्तर पर निर्देशों के पालन में देरी की बात कही है।

इधर मामले में मप्र राज्य कर्मचारी संघ के पत्र के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखना पड़ा है। अपने पत्र में इसका उल्लेख करते हुए डीईओ ने बताया कि कर्मचारियों को 58 प्रतिशत मंहगाई भत्ता एरियर छः समान किस्तों



में भुगतान माह मई से अक्टूबर 2026 तक की सेलरी के साथ दिए जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन कर्मचारियों को आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में मंगहाई भत्ता एरियर राशि का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। मामले में फंदा विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने जल्द भुगतान होने की बात कही है।

संगठनों ने जताई नाराजगी, कहा जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए

मप्र राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य अधिकारियों को चाहिए कि वह शासन के दिशा-निर्देशों का समय सीमा पालन करे। परंतु खेद का विषय है कि आज दिनांक तक डीए एरियर का भुगतान शिक्षकों और कर्मचारियों को नहीं किया गया है। वहीं शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने कहा कि यह विभागीय व्यवस्था है, जिसके लिए शासन स्तर पर पहले से दिशा-निर्देश जारी है। जिसका पालन समय सीमा में होना चाहिए। परंतु ब्लॉक स्तर पर देरी का खामियाजा शिक्षकों और कर्मचारियों को भुगतना पड़ता है। ऐसे में शिक्षकों का अपने अधिकारों के लिए धरना-आंदोलन करने पड़ते हैं और फिर उलटे शिक्षकों पर ही कार्यवाही करता है।

धूमधाम से मनाया दशहरा, देर रात 1:30 बजे हुआ रावण दहन, विधायक पटवा भी अखाड़े में उतरे

चल समारोह में महावीर चोला धारकों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, छह महावीर चोला धारक रहे आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व औबेदुल्लागंज में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। मंगलवार देर रात नगर में भव्य दशहरा चल समारोह निकाला गया, जिसमें धार्मिक आस्था, शौर्य प्रदर्शन और सामाजिक समरसता की अनूठी झलक देखने को मिली। चल समारोह में छह महावीर चोला धारकों का प्रदर्शन आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा। वहीं, अखाड़े के पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को अचंभित कर दिया। समारोह में विधायक सुरेंद्र पटवा भी अखाड़े में उतरे और पहलवानों के प्रदर्शन की सराहना की। चल समारोह में करीब पांच से छह आकर्षक झांकियां शामिल हुईं। नगर के प्रमुख मार्गों से निकले समारोह को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। महावीर चोला धारकों ने अपनी कला और साधना का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया।

जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण, दिखी सामाजिक समरसता



दशहरा चल समारोह के दौरान नगर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रसाद वितरण एवं सेवा के स्टॉल लगाए। गोहरगंज रोड पर महिला मंडल अध्यक्ष विद्या अग्रवाल और संजय अग्रवाल द्वारा श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य चौराहे पर सिख समाज ने श्रद्धालुओं को चाय पिलाकर सेवा की। वहीं, स्वर्गीय विजय कोठारी की स्मृति में उनके पुत्र पंकज कोठारी ने चने हलवे का प्रसाद वितरित किया। व्यापारी महासंघ ने सिद्धार्थ मित्तल की दुकान के सामने प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शुभम ज्वेलर्स की ओर से भी प्रसाद वितरित किया गया। विंध्याचल ग्रुप ने सभी झांकियों की आरती उतारी और प्रसाद बांटा।

धाकड़ समाज ने पोहा वितरित किया, जबकि बहावलपुरी समाज ने भी प्रसाद वितरण किया। जैन समाज ने श्रद्धालुओं को ठंडा पानी पिलाकर सेवा की। कलार-कलचुरी समाज ने आरती कर प्रसाद वितरित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते की व्यवस्था की। नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता बागीश अग्रवाल ने अपने कार्यालय के सामने स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरित किया। दशहरा मैदान में जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल द्वारा भी प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



मंच पर भगवान श्रीराम-लक्ष्मण का स्वागत, विधायक ने लिया आशीर्वाद

श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा मैदान पर भव्य एवं विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण का भव्य स्वागत किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री हिंदू उत्सव समिति की ओर से विधायक सुरेंद्र पटवा का सम्मान किया गया। कांग्रेस नेता अभिषेक परमार का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और हनुमान चोला धारकों का सम्मान किया गया। इस दौरान श्री हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. रमाशंकर चौरसिया का स्मरण करते हुए उनके योगदान को याद किया गया। उन्होंने श्री हिंदू उत्सव समिति के साथ मानस कल्याण समिति और आदर्श रामलीला मंडल की स्थापना कर नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

देर रात हुआ रावण के पुतले का दहन

दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम का श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ आनंद लिया। देर रात करीब 1:30 बजे रावण दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में उत्सव का माहौल रहा। धार्मिक झांकियों, महावीर चोला धारकों के प्रदर्शन, अखाड़े के करतबों और विभिन्न समाजों द्वारा की गई सेवा ने दशहरा पर्व को यादगार बना दिया।



निधि की 'टेंजिबल ड्रीम्स' को ललित कला अकादमी पुरस्कार, रविंद्र की 'ऑपरेशन सिंदूर' को ग्रैंड प्राइज

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मानित हुए भोपाल के दो कलाकार, निधि को ललित कला अकादमी तो रविंद्र को ग्रैंड प्राइज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 65वें राष्ट्रीय कला पुरस्कार और तीसरे प्रिंट बिएनाले इंडिया 2026 के विजेताओं को ललित कला अकादमी पुरस्कार बुधवार को प्रदान किए। इस अवसर पर मप्र के दो कलाकारों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें भोपाल की मूर्तिकार निधि चोपड़ा को उनके सेरेमिक आर्टवर्क 'टेंजिबल ड्रीम्स' के लिए 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में ललित कला अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया तो वहीं रविंद्र रॉय को उनकी प्रिंट मेकिंग कलाकृति 'ऑपरेशन सिंदूर' को थर्ड प्रिंट बिनाले इंडिया-2026 में ग्रैंड प्राइज मिला। इस अवसर हरिभूमि से बातचीत में दोनों ही आर्टिस्ट ने अपनी कलाकृतियों के बारे में बताया।

सिरेमिक पर उकेरी ऑपरेशन सिंदूर की शौर्यगाथा पांच महीने में साकार हुआ भारतीय सेना का जोश

रविंद्र रॉय ने सिरेमिक पर तैयार किए गए ग्राफिक प्रिंट में आतंकवादियों के खून और भारतीय सेना के जोश को प्रतीकों के माध्यम से उकेरा है। उन्होंने कहा कि मार्च में इस कला प्रतियोगिता के लिए फॉर्म भरा, तभी मेरे मन में यह विचार था कि देश से जुड़े किसी विषय पर कलाकृति तैयार करूं, इसके बाद मैंने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी कला का विषय चुना। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी अलग-अलग भावनाओं और घटनाओं को एक ही फ्रेम में समेटना मुश्किल था और इसके लिए मैंने करीब आठ से नौ लेआउट तैयार किए, कई डिजाइनों पर काम किया, उन्हें बदला और नष्ट किया, तब जाकर मेरी अंतिम कलाकृति तैयार हुई। उन्होंने कहा कि एक लेआउट को बनाने में दो से तीन दिन का वक्त लगता है और इस प्रकार मेरी फाइनल कलाकृति पांच महीने में तैयार हुई।





राष्ट्रपति के हाथों से पुरस्कार ग्रहण करते रविंद्र रॉय। इनसेट : उनकी कलाकृति।

प्रकृति के प्रति प्रेम ने बनवाया आर्टवर्क, तीन महीने में साकार हुई निधि की 'टेंजिबल ड्रीम्स' कलाकृति



वहीं, भोपाल की निधि चोपड़ा ने कहा कि मेरी शुरुआती शिक्षा राजस्थान से हुई, लेकिन बाद में 1997 से भोपाल शिफ्ट हो गई। भारत भवन में काम करने के लिए ललित कला अकादमी से प्राप्त अनुदान और स्कॉलरशिप ने मेरी कला को नई दिशा दी। यहां मिट्टी, चाक और भट्टी के बीच मैंने खुद को तलाशा। उन्होंने कहा कि मुझे प्रकृति से हमेशा गहरा लगाव रहा है। इसीलिए प्रकृति के प्रति मेरे प्रेम ने मुझे यह आर्टवर्क बनाने के लिए प्रेरित किया। टैन्जिबल ड्रीम्स को बनाने में मुझे करीब 2 से 3 महीने लगे। सेरेमिक माध्यम से बने इस आर्ट वर्क में ह्यूमन बीइंग का नेचर से संबंधित दर्शाया गया है। क्योंकि मैं मानती हूं कि मानव और प्रकृति का सहसंबंध के नियम पर काम करते हैं, एक के बिना दूसरा अधूरा है और मेरी इस कलाकृति के माध्यम से मैंने एक प्रकार से प्रकृति के अस्तित्व को बरकरार रखने का संदेश दिया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ललित कला अकादमी का पुरस्कार लेते हुए निधि चोपड़ा।

कालीबाड़ी मंदिरों में दिखी बंगाल की झलक, मां को सिंदूर अर्पित कर नम आंखों से दी विदाई

पान से लगाया माता रानी को सिंदूर, खप्पर से की धूप आरती, फिर जमकर हुआ 'सिंदूर खेला'



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मां दुर्गा की आराधना के बाद यहां बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर खेला की रस्म निभाई गई। लाल सिंदूर से सजे चेहरे, एक-दूसरे को सिंदूर लगाती महिलाएं और मां दुर्गा को अगले वर्ष फिर आने का आमंत्रण, भक्तिमय माहौल से सजा यह नजारा देखने को मिला बुधवार को राजधानी के विभिन्न कालीबाड़ी मंदिरों में। बंगाली परम्परा, आस्था और भावनाओं का अनूठा संगम दर्शाते सिंदूर खेला में शहर की सैकड़ों महिलाओं ने मां को सिंदूर अर्पित कर विदाई दी। इसके बाद आपस में सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर उत्सव की बधाई दी। इस अवसर पर लाल सिंदूर से रंगे चेहरे, लाल बार्डर वाली सफेद साड़ी जैसे पारंपरिक परिधानों में सजी धजी महिलाओं ने बरबस ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। मां दुर्गा के जयकारों के बीच यहां उत्सव का रंग देखते ही बना तो वहीं महिलाओं ने बंगाल का प्रसिद्ध धुनुची नृत्य कर समा को गीत संगीत की लहरियों से सराबोर कर दिया।



टीटी नगर कालीबाड़ी में दुर्गा पूजा के बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाती महिलाएं।

टीटी नगर में बंगाल की झलक

बुधवार को टीटी नगर स्थित काली बाडी के दुर्गोत्सव में बंगाल की झलक देखने मिली। बंगाली समाज द्वारा रखी जाने वाली दुर्गा प्रतिमाओं की विदाई के समय 'सिंदूर खेला' की रस्म निभाई गई। सुहागन महिलाओं ने मूर्ति पूजा के बाद खास अंदाज में खप्पर धूप आरती की। इसके बाद परंपरागत ढंग से सिंदूर दान के साथ माता रानी की विदाई की गई। इस अवसर पर पारंपरिक ढाक की धुन पर नृत्य करते हुए सिंदूर खेला का आयोजन किया।



खप्पर धूप आरती का विशेष महत्व

बंगाली समाज में प्रतिमा विसर्जन के दिन माता‌रानी को प्रसन्न करने विशेष आयोजन होता है। सिंदूर खेला आयोजन के साथ भाव खेलती महिलाएं देखी गई। साथ ही खप्पर धूप आरती की जाती है। महिलाएं अलग-अलग अंदाज में जलते अंगारों की धूप को पात्र में रखती हैं। फिर कोई हाथ में धारण करता है तो कोई मुंह में उस पात्र को दांतों से दबाकर अपनी आस्था प्रगट करता है।



नौ दिन के लिए मायके आती हैं मां दुर्गा

बंगाली समाज द्वारा पारंपरिक शैली में रखी जाने वाली दुर्गा प्रतिमाओं के बारे में ऐसी मान्यता है कि जगत जननी नौ दिनों के लिए अपने मायके आती हैं। नौ दिन में हर दिन अलग-अलग पूजा का विधान निभाया जाता है। आखिरी दिन विसर्जन से पहले सिंदूर उत्सव के साथ मां को विदा करने महिलाएं भी विसर्जन घाट तक जाती हैं।---- क्या है धुनुची नृत्य बंगाल में यह नृत्य मां भवानी की शक्ति और ऊर्जा बढ़ाने के लिए किया जाता है। धुनुची में नारियल और हवन सामग्री (धुनो) रखा जाता है। असल में इसे शक्ति नृत्य कहा जाता है। पुराणों के मुताबिक, महिषासुर बहुत ही शक्तिशाली था। मां भवानी उसे मारने से पहले धुनुची नृत्य किया था। उसी से मां की आरती की जाती है।

होगा दर्पण विसर्जन

बंगाली समाज की यह रस्म भी खास है। इसमें पूजा कराने वाले पंडित माता की प्रतिमा के सामने बड़ी परांत में पानी भरकर उसमें एक दर्पण रखेंगे, इसमें माता की प्रतिमा का प्रतिबिंब नजर आएगा। इसे ही दर्पण विसर्जन कहा है। इसके बाद सभी श्रद्धालु एकजुट होकर माता की प्रतिमा का विसर्जन करेंगे।



हबीबगंज कालीबाड़ी मंदिर में ग्लैमरस पेजेंट की टीम ने की मां दुर्गा की पूजा

टीम ने पारंपरिक परिधानों में मनाया उत्सव, विश्व शांति और जनकल्याण की कामना की

भेल स्थित हबीबगंज कालीबाड़ी मंदिर में ग्लैमरस पेजेंट की टीम ने बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर खेला उत्सव मनाया। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना की गई। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं।

ग्लैमरस पेजेंट की संस्थापक एवं आयोजक चंचल सरवैया के नेतृत्व में टीम की सदस्य मंदिर पहुंचीं। मां दुर्गा की पूजा के बाद महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए सिंदूर खेला। इस दौरान भक्ति, उल्लास और बंगाली संस्कृति की झलक देखने को मिली।

नारी शक्ति और संस्कृति का दिया संदेश

कार्यक्रम में ज्योति मणिकपुरी, आरती प्रजापति, गोपी बाथम, डिंपल पराशर, अर्पिता गिल, मोनिका, मंजू, संध्या और रेणु भाटिया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं। सभी ने ग्लैमरस पेजेंट के आगामी आयोजनों की सफलता के लिए मां दुर्गा से आशीर्वाद मांगा। साथ ही विश्व शांति, जनकल्याण और सभी के सुखद भविष्य की कामना की। आयोजन के माध्यम से महिलाओं ने नारी शक्ति, आपसी सौहार्द और भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया।

सुंदरबन बंगाली कल्चरल एसोसिएशन ने किया दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन

सुंदरबन बंगाली कल्चरल एसोसिएशन का दुर्गा पूजा उत्सव इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम बना। निरंतर 27 वर्षों से समिति दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही ह। पांच दिन तक चली इस पूजा में हज़ारों श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विजयादशमी पर मां को भावभीनी विदाई दी गई, जिसमें बंगाली परंपरा के अनुरूप महिलाओं ने सिंदूर खेला किया और धुनुची नृत्य प्रस्तुत कर मां को विदाई दी।

समिति प्रवक्ता एडवोकेट कलिता रानी शाह ने बताया कि, इन पांच दिनों में हमने मां की पूजा की, उनका आदर-सत्कार किया और आज हम विदाई दे रहे हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि मां दुर्गा सबके जीवन में खुशहाली लेकर आएं। बंगाली समाज में दुर्गा पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और पारिवारिक मिलन का पर्व है। मान्यता है कि मां दुर्गा अपने मायके आती हैं और उनके आगमन से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और आनंद का वातावरण बनता है। पूजा के दौरान सामूहिक भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं को एक गहरे भावनात्मक जुड़ाव का अनुभव कराते हैं। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विविधता का भी संदेश दिया। माँ दुर्गा की विदाई के साथ श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुनः उनके आगमन की कामना की।



दस्तकार और कलाकार दिखाएंगे कला

गौहर महल में सजेगा भव्य 'दीप उमंग उत्सव 2026' मेला 80 से अधिक स्टॉल लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिनाकी - द हाउस ऑफ एंटरटेनमेंट द्वारा ऐतिहासिक गौहर महल में 22 से 25 अक्टूबर तक चार दिवसीय भव्य दिवाली फेस्टिव फ्ली मार्केट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के कोने-कोने से बुनकर और आर्टिस्ट अपनी पारंपरिक संस्कृति और उत्पादों की प्रदर्शित करेंगे।

इस अवसर पर तत्व लाइव और बी ट्रिपल एस (बीएसएसएस) बैंड की धमाकेदार प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को पिनाकी - द हाउस ऑफ एंटरटेनमेंट के संस्थापक आदित्य राठौड़ ने एक प्रेस वार्ता में दी।

राष्ट्रीय विविधता में एकता का संदेश देता मेला

उन्होंने बताया कि इस दीवाली मेले की सबसे बड़ी विशेषता इसकी राष्ट्रीय विविधता है। इस आयोजन में कश्मीर से कन्याकुमारी और बनारस से पटना, नागपुर से कानपुर तक देश के विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध बुनकर, दस्तकार और हस्तशिल्प कलाकार विशेष रूप से अपनी कला और उत्पाद लेकर पहुंच रहे हैं।

सुर और संगीत की सजेगी महफिल

त्योहारी उल्लास को चार चांद लगाने के लिए उत्सव के चारों दिन भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। संगीत प्रेमियों के लिए शहर और देश के प्रतिष्ठित बैंड अपनी कला का जादू बिखेरेंगे जिसमें तत्व लाइव बैंड और बी ट्रिपल एस रिदम बैंड अपनी शानदार धुनों और परफॉर्मेंस से अगले दो दिनों तक दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देंगे।

अशोक ध्यानचंद को लाइफ-टाइम अचीवमेंट

दुष्यंत संग्रहालय में आज दिए जाएंगे शांति गया स्मृति सम्मान

भोपाल। शांति-गया साहित्य, कला एवं खेल संवर्द्धन समिति के तत्वावधान में संस्थित विभिन्न सम्मान 22 अक्टूबर को अपरान्ह दो बजे से दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित एक समारोह में दिए जाएंगे।



अध्यक्षता सा हि त्य अकादमी सम्मान से सम्मानित गोविन्द मिश्र करेंगे तथा साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ कवि राजेश जोशी मुख्य अतिथि रहेंगे।

इस दौरान भूतपूर्व न्यायाधीश मप्र उच्च न्यायालय अनिल वर्मा, सुरेंद्र विक्रम प्रसिद्ध बाल साहित्यकार एवं अशोक ध्यानचंद, हॉकी ओलिंपियन व अर्जुन अवार्डी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध कुमार गोविल को शांति -गया शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

भोपाल आए अभिनेता दिब्येंदु भट्टाचार्य से हरिभूमि की खास बातचीत

टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग चिंताजनक सरकार को उठाने होंगे सख्त कदम...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टाइगर श्रॉफ पर लॉरेंस विश्नोई गैंग के शूटरों द्वारा फायरिंग वाली घटना बेहद दुखद है। इस तरीके से अगर चलना शुरू हो जाएगा, तो फिर तो आम आदमी को तो कोई भी, कभी आकर मार सकता है और इससे उपजी दहशत और ज्यादा खतरनाक है, इसके खिलाफ यदि सरकार कुछ नहीं करेगी तो फिर देश में बाहर वालों के हमले और देश के भीतर खौफ का माहौल बन जाएगा... यह कहना है ब्लैक फ्राइडे, देवडी, महारानी वेबसीरिज सहित कई फिल्मों और वेबसीरिज में काम कर चुके अभिनेता दिब्येंदु भट्टाचार्य का, जो अपनी वेबसीरिज की शूटिंग के लिए भोपाल आए और इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

हरिभूमि चर्चा

इन दिनों टाइगर श्रॉफ पर हुए जानलेवा हमले का मामला सुर्खियों में है। पूरा बॉलीवुड भयभीत है। ऐसे में अभिनेता दिव्येंदु भट्टाचार्य भोपाल आए तो हरिभूमि ने उनसे भी इसी मुद्दे के साथ उनके इस मुकाम तक पहुचंने की कहानी पर बात की, जिसे उन्होंने सहजता से साझा की।

यदि रंगमंच नहीं होता तो मैं नहीं होता

उन्होंने कहा कि अगर रंगमंच नहीं होता तो मैं नहीं होता, क्योंकि रंगमंच ही मेरे लिए सब कुछ है। मैं इप्टा के साथ जुड़ा रहा, फिर ग्रुप थिएटर्स किया, नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, फिर नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा रेपेट्री कंपनी। ऐसे में मेरी आधी से ज्यादा जिंदगी तो रंगमंच में ही गुजरी है।

थिएटर के दौरान पहला अवॉर्ड, पहला टर्निंग प्वॉइंट

अपने करियर के टर्निंग प्वाइंट बात करते हुए उन्होंने कहा कि थिएटर की दुनिया में इप्टा द्वारा मुझे पहली बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, जो मेरे लिए एक टर्निंग प्वाइंट था। दूसरा टर्निंग प्वाइंट मेरा नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला, फिर देव डी, ब्लैक फ्राइडे जैसी फिल्मों को करना और अब ओटीटी में मेजर काम मिलना।

ओटीटी का अर्थ है 'कर लो दुनिया मुट्ठी में'

उन्होंने कहा कि बड़े पर्दे के लिए खर्चा ज्यादा होता है, जबकि छोटे पर्दा के लिए तो आप घर बैठे मूवीज को इंजॉय कर सकते हो और अब तो ओटीटी आ गया है तो वो एक प्रकार से 'कर लो दुनिया मुट्ठी में' है, जिसे आप मोबाइल स्क्रीन पर ही देखकर इंजॉय कर सकते हो।



राजधानी के एक होटल के लॉन में फोटो खिंचाते अभिनेता दिव्येंदु भट्टाचार्य।

एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिंगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।



ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।



सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने पूरे किए 11 हजार रन



एजेंसी ▶▶| गकेबरहा

साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट मैच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में खेला जा रहा है। स्टीव स्मिथ पहली पारी में 28 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इस पारी के दौरान उन्होंने एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। स्टीव स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में 11 हजार रन पूरे कर लिए हैं। स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह मुकाम हासिल करने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बने हैं। स्मिथ से पहले कंगारू टीम की ओर से यह उपलब्धि सिर्फ रिकी पोंटिंग और एलन बॉर्डर ही हासिल कर सके हैं। स्मिथ ने यह उपलब्धि अपने टेस्ट करियर के 126वें मैच में हासिल की। हालांकि, स्मिथ पहली पारी में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। वह 88 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 28 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 2 चौके लगाए।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।



अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे। सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।

मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

वैभव के लिए जगह बनाना आसान नहीं : श्रेयस अय्यर



एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को अभी अंतिम एकादश में आसानी से जगह नहीं मिल सकती क्योंकि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के रूप में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने हालांकि कहा कि इस किशोर बल्लेबाज को सही समय पर उचित मौके जरूर मिलेंगे। सूर्यवंशी को इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए टीम में चुना गया था। भारत ने तब से जो 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं उनमें से सूर्यवंशी ने केवल आठ में हिस्सा लिया है, क्योंकि नियमित सलामी बल्लेबाज अभिषेक और सैमसन लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों ने इस साल की शुरुआत में भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अय्यर ने कहा, 'यह महत्वपूर्ण है कि उनके (सूर्यवंशी) जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में हमेशा खुश रहें।' उन्होंने कहा, 'वह बहुत युवा है और उसे आगे काफी मौके मिलेंगे। ऐसा नहीं है कि उसे सीधे अंतिम एकादश में जगह मिल जाएगी, क्योंकि हमारे सलामी बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने विश्व कप जीता है।'

खबर संक्षेप



सिलिकॉन वैली ओपन दूसरे दौर में अनाहत

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेली जा रही सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में मिस्र की नूर अबुलमकारिम को 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। जापान में हाल ही में हुए एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने 143,500 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड प्रतियोगिता का पहला मैच केवल 31 मिनट में जीता। विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत का अगला मुकाबला मिस्र की विश्व में नंबर तीन और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त नूर एलशेरबिनी से होगा।

रणजी ट्रॉफी: मुंबई का शानदार प्रदर्शन हिमाचल को पारी के अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी में बुधवार को चार बड़े मुकाबलों के नतीजे निकले। मुंबई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिमाचल प्रदेश को हराया। वहीं, केरल और पंजाब ने भी बड़ी जीत दर्ज की।

मुंबई बनाम हिमाचल प्रदेश

रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप डी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 97 रनों से हराया। पहली पारी में हिमाचल की पूरी टीम सिर्फ 140 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में मुंबई ने सरफराज खान की 154 रनों की लाजवाब पारी के बूते 8 विकेट खोकर 528 रन बनाने के बाद अपनी पारी को घोषित किया। दूसरी पारी में भी हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 291 रन बनाकर ऑलआउट हुई।



पंजाब बनाम छत्तीसगढ़

रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप बी में पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 7 विकेट से शिकस्त दी। पंजाब के लिए इस मुकाबले में शुभमन गिल मैदान पर उतरे। हालांकि, वह पहली पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, दूसरी इनिंग में वह बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। पंजाब ने पहली पारी में 456 रन बनाए, जिसके जवाब में छत्तीसगढ़ की पूरी टीम 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई। छत्तीसगढ़ को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम ने 335 रन बनाए। हालांकि, पंजाब ने 3 विकेट खोकर 86 रन बनाते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

केरल बनाम ओडिशा

ग्रुप सी के मुकाबले में केरल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा को एक पारी में 36 रनों से रौंदा। केरल ने पहली पारी में 404 रन बनाए, जिसके जवाब में ओडिशा की पूरी टीम 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ओडिशा को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम दूसरी पारी में 143 रन बनाकर सिमटी। केरल की जीत के नायक मोहम्मद अजहरुद्दीन रहे, जिन्होंने 139 रनों की लाजवाब पारी खेली।

हैदराबाद बनाम आंध्र

ग्रुप बी के मुकाबले में हैदराबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आंध्र को 267 रनों से हराया। पहली पारी में हैदराबाद में 275 रन बनाए, जिसके जवाब में आंध्र की पूरी टीम 184 रन बनाकर सिमटी। दूसरी इनिंग में 7 विकेट खोकर 306 रन बनाने के बाद हैदराबाद ने अपनी पारी को घोषित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र की पूरी टीम महज 130 रन बनाकर ढेर हो गई।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत 22 जनवरी को काठमांडू में वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित किया, जो 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के मैच चट्टोग्राम, सिलहट और काठमांडू में खेले जाएंगे। दो बार के चैंपियन भारत को सह-मेजबान नेपाल, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश और यूएई 21 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खेलेंगे, जबकि इसी दिन सिलहट में ऑस्ट्रेलिया का सामना नाइजीरिया से होगा। ग्रुप चरण के मैच 26 जनवरी तक खेले जाएंगे। इसके बाद सुपर सिक्स शुरू होगा। दोनों सेमीफाइनल चार फरवरी को चट्टोग्राम में खेले जाएंगे। फाइनल भी छह फरवरी को चट्टोग्राम में ही होगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत



कल से राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप



अहमदाबाद। अहमदाबाद 23 से 31 अक्टूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। 9 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में 13 देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) की ओर से आयोजित इस चैंपयिनशिप में 23 टीम और 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान 62 मुकाबले होंगे। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे जबकि महिला टीम की कमान निधि शर्मा संभालेंगी।

आईसीसी रैंकिंग

राशिद की बादशाहत बरकरार टॉप 10 में शाई होप की एंट्री



एजेंसी ▶▶| दुबई

जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में अपनी नंबर एक की पोजीशन को और मजबूत कर लिया है। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ताजा वनडे बॉलिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज सेदिकुल्ला अटल को भी ताजा रैंकिंग अपडेट से बड़ा फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें से 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप टॉप 10 में आ गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड छह स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गए हैं।

चैंपियंस लीग : यामल की चमक फीकी, तालिका में टॉप पर पहुंची पीएसजी

पीएसजी ने रोका बार्सिलोना का विजयी अभियान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद बार्सिलोना को 4-2 से हराकर उसका 11 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

इस मैच का रोमांचक अंत हुआ, जिसमें आखिरी 20 मिनट में चार गोल किए गए। इससे पीएसजी लिवरपूल के साथ उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने अभी तक अपने तीनों मैच जीते हैं।



रुइज के गोल से जीती पीएसजी

यामल ने खूबसूरत गोल करके करके बार्सिलोना को पीएसजी के खिलाफ 2-2 से बराबरी दिला दी थी। पीएसजी ने हालांकि विटिन्हा के गोल से फिर से बढ़त हासिल कर ली। उसकी तरफ से फैबियन रुइज ने चौथा गोल करके जीत सुनिश्चित की। पीएसजी के लिए डौए और लुकास हर्नांडिज ने भी गोल किए। बार्सिलोना के लिए जावी एस्पार्ट ने भी गोल किया। मैनचेस्टर सिटी ने पीएसजी से मिली हार से उबरते हुए एईके एथेंस के खिलाफ 5-1 से शानदार जीत दर्ज की। एटलेटिको मैड्रिड ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए स्टटगार्ट के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।





तांडव कर यश ने दिखाई लंकेश की पहली झलक

मुंबई। नितेश तिवारी की 'रामायण' में अभिनेता यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माताओं ने उनके किरदार की नई झलक फैंस को दिखाई है। इस वीडियो को हिंदी में 'राइज ऑफ असुर' शीर्षक दिया गया है। इसमें यश बिल्कुल ही अलग अंदाज में दिख रहे हैं। इस गाने का संगीत ए आर रहमान ने दिया है, डॉ. कुमार विश्वास ने गीत लिखे हैं और विशाल ददलानी ने हिंदी संस्करण को अपनी आवाज दी है। इस वीडियो की शुरुआत रावण द्वारा अपनी हथेली को कटार से काटने और फिर माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाने से होती है, क्योंकि वह अनुष्ठान के लिए तैयार हो रहा होता है।



हॉलीवुड मसाला



गोल्डन ग्लोब्स के नियमों से हारा माइकल

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'माइकल' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। फैंस की नजरें फिल्म की सफलता का बाद गोल्डन ग्लोब्स पर टिकी थीं। मगर इस बार उन्हें निराशा का समना करना पड़ सकता है। पॉप म्यूजिक के महारथी दिवंगत माइकल जैक्शन की फिल्म का म्यूजिक इस अवॉर्ड का हिस्सा नहीं होगा। गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार समिति ने लायंसगेट की ब्लॉकबस्टर माइकल जैक्सन बायोपिक को 2027 के समारोह में संगीत या कॉमेडी श्रेणी में शामिल करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।

लाइफ Style

नयनतारा

मूकुथी अम्मन 2 में देवी के रूप में आएंगी नजर

नयनतारा 'मूकुथी अम्मन 2' में एक बार फिर देवी के रूप में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह पौराणिक खलनायकों से मुकाबला करते दिखाई देंगी। सुंदर सी द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

21 अक्टूबर को मेकर्स ने 'मूकुथी अम्मन 2' का ट्रेलर शेयर कर दिया है, जिसमें नयनतारा एक पुलिस अधिकारी और एक देवी के दोहरे किरदार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में वह 2020 की फिल्म वाले देवी के अपने किरदार को दोहरा रही हैं। साथ ही एक ऐसी पुलिस अधिकारी का रोल भी निभा रही हैं, जिसे मासूम लोगों को नुकसान पहुंचाने वाले पौराणिक खलनायकों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में रेजिना कैसेंड्रा और दुनिया विजय पौराणिक खलनायकों के रूप में नजर आते हैं, जो पृथ्वी को नष्ट करने और अपनी ताकत बढ़ाने के लिए धरती पर आते हैं। जैसे-जैसे खतरा बढ़ता है, बच्चों और अन्य मासूम लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। नयनतारा का पुलिस अधिकारी वाला किरदार एक ऐसी डरपोक महिला का है, जो बहुत ही साधारण चीजों से भी घबरा जाती है। यहां तक कि अकेले सोने से भी। हालांकि, जब 'मूकुथी अम्मन' का आह्वान किया जाता है तो वह राक्षसों से मुकाबला करती हैं। ट्रेलर में नयनतारा के इन दोनों रूपों एक डरी हुई पुलिस अधिकारी और एक देवी को बखूबी दिखाया गया है। इसके विजुअल्स में सुंदर सी. की फिल्मों से जुड़ी भव्यता और बड़े पैमाने की झलक भी देखने को मिलती है। सुंदर सी. द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है।

प्रियंका और निक ने बेटी के साथ किया कन्या पूजन



लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने बेटी मालती मैरी के साथ नवमी और दशहरे पर घर में कन्या पूजन किया। प्रियंका ने पूजा की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें मालती देसी अंदाज में नजर आईं। विदेश में रहने के बावजूद प्रियंका अपनी बेटी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ रही हैं। दोनों ने मालती के पैर धोकर पूजा की रस्म पूरी की। इस खास मौके पर परिवार के बीच भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव देखने को मिला।



आर्थिक तंगी की फर्जी खबरों पर फूटा गुस्सा

नई दिल्ली। कुछ समय पहले इस तरह की खबर आई थी कि अभिनेत्री अनीता कंवल आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं और उन्होंने पैसों की मदद मांगी है। अब एक्ट्रेस ने इन खबरों का खंडन करते हुए इन्हें अफवाह बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छह महीने पहले दिए गए एक इंटरव्यू में उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया गया था। अभिनेत्री ने कहा कि इन खबरों की वजह से उन्हें काफी परेशानी हुई है और उनकी नींद तक उड़ गई है। अनीता ने एक वीडियो शेयर करके अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सुबह के 3.45 बज रहे हैं और वो सो नहीं पा रही हैं। वह इस बात से परेशान थीं कि कुछ न्यूज चैनलों ने उनकी आर्थिक स्थिति को किस तरह पेश किया है। बता दें कि अनीता कंवल ने कभी हां कभी ना में शाह रुख खान और गांगाजल में अजय देवगन जैसे एक्टर्स के साथ काम किया है।



पुलिस कंपनी में दिखेगी अंडरवर्ल्ड की कहानी

मुंबई। बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड और अपराध की दुनिया पर कई फिल्में बना चुके डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा एक बार फिर इसी विषय पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। उनकी अपकमिंग क्राइम ड्रामा फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म में एक्टर हर्षवर्धन राणे के साथ फरदीन खान, फातिमा सना शेख और परेश रावल समेत कई कलाकार नजर आएंगे। फिल्म 'पुलिस कंपनी' में अभिनेता हर्षवर्धन राणे मुंबई के चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक की भूमिका निभाएंगे।



मातृभूमि का नया गाना जय हिन्द रिलीज जोशीले अंदाज में दिखे सलमान



मुंबई। सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच इस फिल्म का नया गाना 'जय हिंद' रिलीज हुआ है। समीर अंजान की कलम से निकले इस गाने को स्टेबिन बेन ने अपनी सुरीली आवाज दी है। हिमेश रेशमिया ने अपने म्यूजिक से इसे सजाया है। इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर करते हुए सलमान खान ने लिखा 'अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति दिखाने के लिए 365 दिनों में से केवल 2 दिन काफी नहीं हैं। साल भर होना मंगता है दोस्त। ये रहा आपके लिए जय हिंद का लिरिकल कट। उम्मीद है आपको पसंद आएगा। अगर नहीं, तो हिमेश और स्टेबिन का इंस्टा या एक्स हैंडल तो होगा ही, है ना?' गाने में सलमान खान नजर आ रहे हैं। वह काफी जोशीले अंदाज में हैं। वह भारतीय जवान की वर्दी में हैं। गाने के विजुअल देशभक्ति का जोश जगाते हैं। गाने के बोल और संगीत भी दिल को छूने वाला है। सलमान खान अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। इसे सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने प्रोड्यूस किया है। इसमें चित्रांगदा सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' था, जिसे इस साल की शुरुआत में बदलकर 'मातृभूमि' कर दिया गया।





गोल्डन टेंपल में अरदास करते हुए रो पड़ीं सारा, लिया वाहेगुरु का आशीर्वाद

मुंबई। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अरदास करते समय सारा अली खान भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। इस दौरान उनके साथ आयुष्मान खुराना भी नजर आए। 'उड़ता तीर' की रिलीज से पहले सारा अली और आयुष्मान साथ में वाहेगुरु का आशीर्वाद लेने पहुंचे। 20 अक्टूबर को सारा अली खान और आयुष्मान खुराना अपनी आने वाली फिल्म 'उड़ता तीर' के प्रमोशन के लिए अमृतसर में थे। दोनों कलाकारों ने स्वर्ण मंदिर में श्री हरमंदिर साहिब के दर्शन भी किए। सारा और आयुष्मान ने वहां की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इस बीच, वाहेगुरु का आशीर्वाद लेते हुए दोनों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सारा अरदास करते समय भावुक नजर आ रही हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930